खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :34°C
न्यूनतम: 20°C
तापमान

सेंसेक्स निफ्टी
74,227.08
22,535.85

सोना चांदी
91,025
94,000

मेरठ, बुधवार 9 अप्रैल 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 18 अंक 313 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com चैत्र शुक्ल पक्ष 12 विक्रमी सम्वत् 2082 10 शव्वाल 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



### ट्रेड वॉर हुआ, तो हम तैयार: चीन

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### रजत पाटीदार पर लगा धीमे ओवर रेट का जुर्माना

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

## रक्षा सहयोग और सह-उत्पादन में मिलकर काम करेंगे भारत व यूएई



**नई दिल्ली।** भारत और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने रक्षा सहयोग, सह-उत्पादन तथा सह-विकास परियोजनाओं, नवाचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने की इच्छा जताई है। भारत की यात्रा पर आए दुबई के शहजादे एवं संयुक्त अरब अमीरात के रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बीच मुलाकात के दौरान देशों ने इस दिशा में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। श्री सिंह ने मुलाकात के बाद सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि यूएई के रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम के साथ के साथ नई दिल्ली में एक सार्थक बैठक हुई। भारत के लिए यूएई के साथ व्यापक रणनीतिक साझेदारी अत्यधिक प्राथमिकता है। आने वाले वर्षों में, हम रक्षा सहयोग, सह-उत्पादन और सह-विकास परियोजनाओं, नवाचार और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों में मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं। भारत और यूएई दोनों ही क्षेत्र में शांति और समृद्धि की दिशा में काम करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि शहजादे मकतूम कल भारत यात्रा पर राजधानी दिल्ली पहुंचे थे।

### मोदी ने दुबई के क्राउन प्रिंस हमदान का किया स्वागत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को दुबई के क्राउन प्रिंस, उप प्रधानमंत्री और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के रक्षा मंत्री शेख हमदान बिन मोहम्मद बिन राशिद अल मकतूम का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले साल संयुक्त अरब अमीरात की अपनी यात्रा को याद किया, जिसके दौरान उन्होंने दुबई में विश्व सरकार शिखर सम्मेलन में अतिथि के रूप में भाग लिया था।

### दुबई के युवराज शेख हमदान ने की विदेश मंत्री से बातचीत

**नई दिल्ली।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने दुबई के युवराज शेख हमदान बिन मोहम्मद अल मकतूम का राजधानी स्वागत किया। विदेश मंत्री डा. जयशंकर ने अपने कार्यालय में बातचीत के लिए पहुंचे शेख हमदान की तस्वीरों के साथ एक पोस्ट में कहा कि दुबई के युवराज और संयुक्त अरब अमीरात के उप प्रधानमंत्री एवं रक्षा मंत्री महामहिम हमदान मोहम्मद से मिले।

## कर्नाटक छेड़छाड़ मामला गृह मंत्री ने माफी मांगी

बेंगलुरु, वार्ता

- कहा- महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित, पहले बोले थे- बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में ऐसी घटनाएं आम

**कर्नाटक के** गृह मंत्री जी परमेश्वर ने यौन उत्पीड़न की घटना पर अपनी टिप्पणी के बाद माफी मांगी है। उन्होंने कहा कि मैं ऐसा व्यक्ति हूं, जो हमेशा महिलाओं की सुरक्षा को लेकर चिंतित रहता हूं।

अगर मेरी बातों से किसी महिला को ठेस पहुंची है, तो मैं खेद व्यक्त करता हूं और माफी मांगता हूं। जी. परमेश्वर ने अपने बयान को गलत समझने और इसे और तोड़-मरोड़ कर पेश करने की बात कही। दरअसल, बेंगलुरु के एक वायरल वीडियो में एक युवक सड़क पर दो लड़कियों के पास जाकर उन्हें गलत तरीके से छूकर भागता हुआ दिखाई दिया था। वीडियो बेंगलुरु के बीटीएम लेआउट इलाके का है। घटना 3 अप्रैल की है, जिसके बाद जांच को लेकर पूछे गए सवाल पर जी परमेश्वर ने कहा था कि इस तरह की घटनाएं बेंगलुरु जैसे बड़े शहरों में होती रहती हैं। इस वीडियो को लेकर भाजपा ने राज्य गृह मंत्री की आलोचना की और इस्तीफे की मांग की थी। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा को अपनी चुप्पी तोड़नी चाहिए और जी परमेश्वर से इस्तीफा मांगना चाहिए।

### मुद्रा योजना उद्यमशीलता के बारे में एक मौन क्रांति लाई: मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को यहां अपने निवास पर इसके लाभार्थियों से बात की और कहा कि इस योजना ने उद्यमशीलता के बारे में सामाजिक बदलाव के साथ एक मौन क्रांति ला दी है। श्री मोदी ने प्रतिभागियों को अपने अनुभव साझा करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने पालतू पशुओं की आपूर्ति, दवाओं और सेवाओं के उद्यमी बने एक लाभार्थी से बातचीत करते हुए, चुनौतीपूर्ण समय के दौरान किसी की क्षमता पर विश्वास करने वालों के प्रति आभार व्यक्त करने के महत्व पर प्रकाश डाला।

### राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का 101 वर्ष की उम्र में निधन

**आबू रोड (सिरोही)।** महिला शक्ति संगठन ब्रह्माकुमारी की प्रमुख राजयोगिनी दादी रतनमोहिनी का सोमवार देर रात निधन हो गया। वह 101 वर्ष की थी। उन्होंने गुजरात में अहमदाबाद के जाइडिस अस्पताल में देर रात एक बजकर बीस मिनट पर अंतिम सांस ली। उनके पार्थिक शरीर को आबूरोड लाया गया, जहां मुख्यालय शांतिवन के कॉन्फ्रेंस हाल में अंतिम दर्शनार्थ रखा गया। ब्रह्माकुमारीज के अनुसार उनका दस अप्रैल को सुबह दस बजे अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके निधन पर राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे एवं मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गहरा शोक व्यक्त किया हैं।

### इजरायल के कृषि मंत्री ने देखा पूसा परिसर का कामकाज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान और इजरायल के कृषि एवं खाद्य सुरक्षा मंत्री अवि दिख्तर ने मंगलवार को आईएआरआई के कृषि परिसर का कामकाज देखा। केंद्रीय कृषि सचिव और आईसीएआर के प्रभारी महानिदेशक देवेश चतुर्वेदी ने दोनों मंत्रियों और अन्य प्रतिनिधियों को पूसा दिल्ली में शुरू किए गए कृषि में भारत-इजरायल उत्कृष्टता के पहले केंद्र और देश के विभिन्न हिस्सों के किसानों और अधिकारियों को प्रदर्शन और प्रशिक्षण के साथ-साथ संरक्षित खेती की तकनीकों को लोकप्रिय बनाने में इसके व्यापक योगदान के बारे में जानकारी दी।

### तीन और समूहों ने हुर्रियत से नाता तोड़ा: शाह

**श्रीनगर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि तीन और अलगाववादी संगठनों, जम्मू-कश्मीर इस्लामिक पॉलिटिकल पार्टी, जम्मू-कश्मीर मुस्लिम डेमोक्रेटिक लीग तथा कश्मीर फ्रीडम फ्रंट ने हुर्रियत कॉन्फ्रेंस से खुद को अलग करने की घोषणा की है। जम्मू-कश्मीर के तीन दिवसीय दौरे पर सोमवार शाम यहां पहुंचे श्री शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट पर इसकी घोषणा की।

# वीटो का इस्तेमाल नहीं कर सकते गवर्नर: सुप्रीम कोर्ट

## कहा: तमिलनाडु के राज्यपाल का 2023 में 10 विधेयकों को रोकना अवैध

शाह टाइम्स ब्यूरो



- कहा: पॉकेट वीटो या पूर्ण वीटो की अवधारणा की संविधान में जगह नहीं
- राज्यपाल को विधेयकों को अपने पास लेकर बैठे रहने की अनुमति नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के वर्ष 2023 में 10 विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजने के लिए आरक्षित रखने के फैसले को मंगलवार को अवैध, गलत और त्रुटिपूर्ण घोषित कर दिया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने श्री रवि द्वारा की गई उन सभी कार्रवाइयों को खारिज करने का फैसला सुनाया।

पीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि राज्यपाल संविधान के तहत 'पॉकेट वीटो' या पूर्ण वीटो का इस्तेमाल नहीं कर सकते। शीर्ष अदालत ने कहा कि पॉकेट वीटो या पूर्ण वीटो की अवधारणा की संविधान में जगह नहीं। इसका मतलब है कि राज्यपाल को विधेयकों को अपने पास लेकर बैठे रहने की अनुमति नहीं है। अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्ति का इस्तेमाल करते हुए फैसला सुनाया और कहा कि 10 विधेयक राज्यपाल के समक्ष दोबारा पेश किए जाने की तारीख से ही स्पष्ट माने जाएंगे। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि राज्यपाल द्वारा स्वीकृति रोके जाने के बाद उन्हें अनुच्छेद 200 के प्रथम प्रावधान के अनुसार प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है। न्यायालय ने कहा कि राज्यपाल विधेयकों को अपने पास रख कर पॉकेट वीटो का प्रयोग नहीं कर सकते। राज्यपाल के लिए स्वीकृति रोके जाने की घोषणा करने की कोई गुंजाइश नहीं है। इसलिए अनुच्छेद 200 के तहत पॉकेट वीटो का कोई प्रावधान नहीं है। शीर्ष अदालत ने विधेयकों पर समय-सीमा निर्धारित करते हुए कहा कि स्वीकृति रोके जाने तथा मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह से राष्ट्रपति के पास भेजने के लिए आरक्षित किए जाने की स्थिति में समय-सीमा अधिकतम एक महीने की है। यदि मंत्रिपरिषद की सहायता और सलाह के बिना स्वीकृति रोकी जाती है, तो विधेयक को तीन महीने के भीतर वापस करना होगा। पीठ ने अंत में, स्पष्ट किया कि राज्य विधानसभा की ओर से पुनर्विचार के बाद विधेयक प्रस्तुत किए जाने की स्थिति में राज्यपाल द्वारा विधेयकों पर एक महीने के भीतर स्वीकृति दी जानी चाहिए। पीठ ने यह भी कहा कि इस समय-सीमा का पालन न किए जाने पर न्यायिक जांच की जाएगी।

## नैतिक पुलिसिंग अदालतों का काम नहीं

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा कि अदालतों को नैतिक पुलिसिंग नहीं करनी चाहिए।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय के उस आदेश को खारिज करते हुए ये टिप्पणियां कीं, जिसमें राजनीतिक विश्लेषक तहसीन पूनावाला और संगीतकार विशाल ददलानी पर 2016 में ट्विटर पर जैन संत तरुण सागर का कथित तौर पर अपमान करने और उनका मजाक उड़ाने के लिए 10-10 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया था। पीठ ने पूछा कि अदालत (पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय) ने किस तरह का आदेश पारित किया है? अदालत को नैतिक पुलिसिंग नहीं करनी चाहिए। यह अदालत का काम नहीं है। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं (तहसीन पूनावाला और विशाल ददलानी) को राहत देते हुए कहा कि उच्च न्यायालय इस तथ्य से प्रभावित था कि अपीलकर्ताओं ने एक खास धर्म के पुरोहित की आलोचना की थी।

## नौ राज्यों में लू की चेतावनी राजस्थान में रेड अलर्ट

- मप्र के 23 जिलों में पारा 40 पार, 13 राज्यों में बारिश के आसार

**नई दिल्ली।** देश के उत्तर-पश्चिम राज्यों में भीषण गर्मी का दौर शुरू हो चुका है। मध्य प्रदेश, राजस्थान और उत्तर प्रदेश समेत 9 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट है। राजस्थान में रात का पारा भी 45 डिग्री के पार जा रहा है।

नॉर्थ-ईस्ट और साउथ के 8 राज्यों में बारिश की संभावना है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को राजस्थान, मध्य प्रदेश, गुजरात समेत 9 राज्यों में लू और गर्मी का अलर्ट जारी किया। वहीं, नॉर्थ-ईस्ट और साउथ के 13 राज्यों में आंधी-बारिश के आसार हैं। इधर, राजस्थान में अब दिन के साथ रात भी गर्म होने लगी है। कुछ शहरों में रात का पारा 45 डिग्री के पार पहुंच गया है। मंगलवार को यहां हीटवेव का रेड अलर्ट है। इसके अलावा 6 जिलों के लिए ऑरेंज और 12 जिलों के लिए येलो अलर्ट है। मध्य प्रदेश में सोमवार को भी गर्म हवाओं की वजह से तापमान 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। रतलाम-नीमच समेत 8 जिलों में लू का अलर्ट है।

### दिलसुखनगर बम विस्फोट मामले में मौत की सजा बरकरार

**हैदराबाद।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने मंगलवार को दिलसुखनगर बम विस्फोट मामले में पांच दोषियों की मौत की सजा की पुष्टि की और निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। न्यायमूर्ति लक्ष्मण और न्यायमूर्ति श्रीसुधा की पीठ ने दोषियों की ओर से पेश अपीलों को खारिज कर दिया और निचली अदालत के फैसले को बरकरार रखा। वर्ष 2013 में 21 फरवरी को देश को झकझोर देने वाले इन धमाकों में 18 लोगों की जान चली गई थी और 131 से अधिक लोग घायल हुए थे। एनआईए ने सिलसिलेवार बम विस्फोटों की विस्तृत जांच की थी।

## यूपी: PRD जवानों के ड्यूटी भत्ते में बढ़ोतरी

शाह टाइम्स ब्यूरो



- अब 395 रुपये के बजाय ड्यूटी भत्ते के तौर पर 500 रुपये दिए जाएंगे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रांतीय रक्षक दल (पीआरडी) स्वयंसेवकों के दैनिक ड्यूटी भत्ते में लगभग 26 फीसदी की बढ़ोतरी कर दी है। अब इन्हें 395 रुपये के बजाय ड्यूटी भत्ते के तौर पर 500 रुपये दिए जाएंगे। इसका लाभ प्रदेश के 35 हजार पीआरडी जवानों को मिल सकेगा।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई मंत्रिमंडल की बैठक में इस आशय के प्रस्ताव पर मुहर लगा दी गई। वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने पत्रकारों को बताया कि प्रस्ताव के तहत पीआरडी जवानों का भत्ता 395 रुपये से बढ़ाकर अब इसे 500 रुपये कर दिया गया है। मौजूदा समय में प्रदेश में 34 हजार से अधिक पीआरडी जवान तैनात हैं और इस बढ़ी हुई राशि का लाभ इन सभी जवानों को मिल सकेगा। उन्होंने बताया कि बैठक में कुल 15 प्रस्ताव रखे गए, जिसमें 13 को स्वीकृति प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि ड्यूटी भत्ते में यह 105 रुपये की वृद्धि एक अप्रैल 2025 से लागू मानी जाएगी। उन्होंने बताया कि इस पर प्रदेश सरकार पर 75 करोड़ 87 लाख 50 हजार रुपये का अतिरिक्त व्यय भार आएगा। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कुल 34092 पीआरडी स्वयंसेवक हैं, जिन्हें इसका लाभ मिलेगा।

## शीर्ष अदालत से ममता सरकार को राहत

- बंगाल के स्कूलों में अतिरिक्त पद सृजन के फैसले की सीबीआई जांच का आदेश रद्द

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में अतिरिक्त पद सृजित करने के पश्चिम बंगाल मंत्रिमंडल के फैसले की सीबीआई से जांच कराने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश को मंगलवार को रद्द कर दिया।

सीजेआई खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने यह आदेश पारित किया। पीठ ने आदेश पारित करते हुए कहा कि संविधान ने स्पष्ट रूप से न्यायालयों को मंत्रिमंडल के फैसलों और राष्ट्रपति/राज्यपाल को दी गई सलाह की जांच करने से रोक दिया है। 'अतिरिक्त पद' का तात्पर्य ऐसे अस्थाई पद से है जो किसी ऐसे कर्मचारी को समायोजित करने के लिए बनाया गया है, जो नियमित पद के लिए पात्र है और जो (पद) वर्तमान में उपलब्ध नहीं है। पीठ ने स्पष्ट किया कि प. बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति से संबंधित अन्य पहलुओं की कलकत्ता उच्च न्यायालय द्वारा निर्देशित सीबीआई द्वारा जांच की जारी रहेगी।

### राहुल गांधी ने पश्चिम बंगाल शिक्षक मुद्दे पर मुर्मू से किया आग्रह

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता तथा कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को पत्र लिखकर पश्चिम बंगाल में हजारों स्कूल शिक्षकों के शिक्षक भर्ती प्रक्रिया रद्द होने के बाद अपनी नौकरी खो देने संबंधी मामले में हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। श्री गांधी ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पत्र की प्रति जारी करते हुए लिखा कि मैं पश्चिम बंगाल में हजारों स्कूल शिक्षकों के मामले में आपसे हस्तक्षेप करने का अनुरोध करता हूं, जिन्होंने न्यायपालिका द्वारा शिक्षक भर्ती प्रक्रिया रद्द होने के कारण अपनी नौकरी खो दी है।

## मुर्मू को पुर्तगाल ने दिया 'सिटी की ऑफ ऑनर' सम्मान

**नई दिल्ली।** पुर्तगाल की यात्रा पर गई राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को लिस्बन के मेयर ने लिस्बन शहर का 'सिटी की ऑफ ऑनर' सम्मान प्रदान किया है। राष्ट्रपति सचिवालय के अनुसार श्रीमती मुर्मू को लिस्बन के सिटी हॉल में आयोजित एक समारोह में यह सम्मान प्रदान किया गया।

राष्ट्रपति ने इस अवसर पर मेयर और लिस्बन के लोगों को इस सम्मान के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि लिस्बन खुले विचारों, लोगों की गर्मजोशी और अपनी संस्कृति के साथ-साथ सहिष्णुता तथा विविधता के प्रति सम्मान के लिए जाना जाता है। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि लिस्बन एक वैश्विक शहर है जो तकनीकी परिवर्तन, नवाचार, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे और डिजिटल बदलाव के मामले में सबसे आगे है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में भारत और पुर्तगाल आगे भी सहयोग कर सकते हैं।



### सम्भल हिंसा मामले में सांसद जियाउर्रहमान बर्क से पूछताछ

**सम्भल।** उप्र के सम्भल में जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान हुई हिंसा के मामले में भीड़ को उकसाने के मामले में पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने मंगलवार को सांसद जियाउर्रहमान बर्क से पूछताछ की। जामा मस्जिद के सर्वे के दौरान पिछले साल 24 नवम्बर को सम्भल में हिंसा भड़क उठी थी। हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी तथा कई पुलिसकर्मी घायल हुए थे। पुलिस ने हिंसा के मामले में सम्भल के सांसद जियाउर्रहमान बर्क के विरुद्ध भी रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने इस मामले में जांच के दौरान बीते माह जामा मस्जिद के सदर जफर अली एडवोकेट को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जफर अली एडवोकेट ने भी पूछताछ के दौरान मामले में जियाउर्रहमान बर्क के नाम का खुलासा किया था। पुलिस ने पूछताछ के लिए जियाउर्रहमान बर्क को दिल्ली जाकर एक नोटिस दिया था, जिसमें उन्हें मंगलवार को तलब किया गया था। नोटिस पर कोतवाली जाने से पहले जियाउर्रहमान बर्क ने अपने आवास पर कहा कि वह कानून का सम्मान करते हैं और जांच में पूरा सहयोग करेंगे। कोतवाली में सीओ कुलदीप कुमार एवं विवेचन आदि जियाउर्रहमान बर्क से पूछताछ कर रहे हैं।

## सुप्रीम कोर्ट का फैसला राज्यपालों के लिए आईना

### गैर भाजपा शासित राज्यों में आ रहे विवाद सामने, स्वस्थ लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय

समीउल्लाह



- तमिलनाडु के राज्यपाल की भूमिका को लेकर सुप्रीम कोर्ट गंभीर

**बिजनौर।** तमिलनाडु के राज्यपाल की भूमिका को लेकर सुप्रीम कोर्ट के द्वारा दिए गए अहम फैसले ने गैर भाजपा शासित राज्यों के उन राज्यपालों को आईना दिखाया है, जो केन्द्र सरकार के इशारों पर इन सरकारों को परेशान करते हुए उनके विधेयकों को लम्बित रखते हैं।

गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के राज्यपाल आरएन रवि के वर्ष 2023 में विधेयकों को राष्ट्रपति के पास भेजने के लिए आरक्षित रखने के फैसले को मंगलवार को अवैध, गलत और त्रुटिपूर्ण घोषित कर दिया। न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर. महादेवन की पीठ ने राज्यपाल आरएन रवि द्वारा की गई उन सभी कार्रवाईयों को खारिज करने का फैसला सुनाया। पीठ ने अपना फैसला सुनाते हुए कहा कि राज्यपाल संविधान के तहत 'पॉकेट वीटो' या पूर्ण वीटो का इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि पॉकेट वीटो या पूर्ण वीटो की अवधारणा की संविधान में जगह नहीं है। जितनी जल्दी हो सके, इन विधेयकों पर कार्रवाई होनी चाहिए। इसका मतलब है कि राज्यपाल को विधेयकों को अपने पास लेकर बैठे रहने की अनुमति नहीं है। अदालत ने संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत अपनी असाधारण शक्ति का इस्तेमाल करते हुए फैसला सुनाया और कहा कि दस विधेयक राज्यपाल के समक्ष दोबारा पेश किए जाने की तारीख से ही स्पष्ट माने जाएंगे। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि राज्यपाल द्वारा स्वीकृति रोके जाने के बाद उन्हें अनुच्छेद 200 के प्रथम प्रावधान के अनुसार प्रक्रिया का पालन करना अनिवार्य है। न्यायालय ने कहा कि राज्यपाल विधेयकों को अपने पास रख कर पॉकेट वीटो का प्रयोग नहीं कर सकते। राज्यपाल के लिए स्वीकृति रोके जाने की घोषणा करने की कोई -शेष पृष्ठ दो पर

## 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों का विलय

- वित्त मंत्रालय ने कहा: यह आरआरबी के विलय का चौथा चरण

**नई दिल्ली।** सरकार ने 'एक राज्य एक आरआरबी' के सिद्धांत पर 26 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) के विलय को अधिसूचित कर दिया है। वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को यहां कहा कि यह आरआरबी के विलय का चौथा चरण है।

विगत में विलय के कारण आरआरबी की कार्यकुशलता में सुधार को ध्यान में रखते हुए मंत्रालय ने हितधारकों के परामर्श के लिए नवम्बर-2024 में एक विलय योजना शुरू की थी। हितधारकों के परामर्श के बाद, 10 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में 26 आरआरबी का विलय किया गया है, जिसका प्राथमिक ध्यान पैमाने की कार्यकुशलता में सुधार और लागत युक्तिकरण पर है। वर्तमान में, 26 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में 43 आरआरबी काम कर रहे हैं। विलय के बाद, 26 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों में 28 आरआरबी होंगे, जिनकी 700 जिलों में 22000 से अधिक शाखाएं होंगी।

# प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज नहीं: अखिलेश



जौनपुर, वार्ता

सपा सुप्रीमोअखिलेश यादव ने यूपी की कानून व्यवस्था को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार किसी भी मोर्चे पर ठीक से काम नहीं कर रही है। प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज नहीं है। पुलिस ही पुलिस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रही है। अखिलेश यादव ने पुलिस हिरासत में पुजारी यादव की मौत, मंगेश यादव एनकाउंटर समेत कई उदाहरण देकर सरकार पर निशाना साधा। सपा नेता ने वाराणसी में छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म की घटना को दुखद बताया है।

कन्नौज सांसद अखिलेश यादव जौनपुर में पूर्व ब्लॉक प्रमुख सरजूदेई के दिवंगत पति धर्मराज यादव को श्रद्धांजलि देने आए थे। इस दौरान पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने यूपी सरकार पर जमकर हमला बोला। योगी को वीवो का मोबाइल दे दो, तो वह चला नहीं पाएंगे। उन्हें आईफोन दे दो, तो दीवार पर पटक कर तोड़ देंगे।

**■ पुलिस ही पुलिस को कर रही गिरफ्तार, फर्जी मुकदमे लिखकर वसूले जा रहे पैसे**

अखिलेश यादव ने इस दौरान वक्फ संशोधन विधेयक का विरोध किया और कहा कि सपा उन लोगों के साथ है, जो सुप्रीम कोर्ट गए हैं। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट की यूपी सरकार पर फटकार पर कहा कि जो हम लोग कहते थे, वह सुप्रीम कोर्ट का रहा है, प्रदेश में फर्जी मुकदमे लिखा जा रहे हैं, पैसे वसूले जा रहे हैं।

गाजियाबाद के विधायक पर उन्होंने कहा कि बीजेपी की सरकार में पार्टी के विधायक तक सुरक्षित नहीं है। कुर्ते फाड़ दिए जा रहे हैं और विधायक जी आज अभी भी फटे कुर्ते पहनकर टहल रहे हैं। इस सरकार में पुलिस ही पुलिस के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर रही है। पुलिस ही पुलिस को गिरफ्तार कर रही है और पुलिस पुलिस को ढूंढ रही है।

## भाकियू नेता समेत तीन की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या

**फतेहपुर।** उत्तर प्रदेश में फतेहपुर जिले के हथगाम क्षेत्र में मंगलवार सुबह वर्चस्व को लेकर भारतीय किसान यूनियन (भाकियू) टिकैत के जिला उपाध्यक्ष और उनके भाई व बेटे की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह वारदात उस समय हुई, जब मृतक एक ही मोटर साइकिल से खेत से अपने गांव वापस आ रहे थे। हमलावर ट्रैक्टर में सवार थे। विरोध स्वरूप अभी तक शवों को पुलिस घटनास्थल से उठा नहीं पा रही है। भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने हत्यारों की गिरफ्तारी तक शवों को न उठने देने की घोषणा की है। घटनास्थल पर पुलिस महानिरीक्षक प्रयागराज जोन प्रेम गौतम भारी फोर्स के साथ मौजूद है। पुलिस महानिरीक्षक प्रेम गौतम ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम लवरी निवासी भाकियू के जिला उपाध्यक्ष विनोद सिंह उर्फ पप्पू सिंह (55) अपने छोटे भाई पिंकू सिंह (50) और पुत्र अभय सिंह (22) के साथ एक ही मोटर साइकिल से अपने खेत से गांव अखरी से वापस आ रहे थे कि तभी तहिरापुर के पास ट्रैक्टर सवारों ने उनका रास्ता रोका और ताबड़तोड़ फायलरग की जिससे घटनास्थल पर ही तीनों की मृत्यु हो गई। मृतक की मां शिव दुलारी सिंह वर्तमान में प्रधान है। प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिंह चौहान इसी क्षेत्र के रहने वाले है। मृतक और हमलावर दोनों क्षत्रिय बिरादरी के हैं।

# शेयर बाजार ने लगाई डेढ़ फीसदी की छलांग

मुंबई, वार्ता

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ पर नरम रुख के संकेत से विश्व बाजार में आई तेजी से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई चौतरफ लिवाली से मंगलवार को शेयर बाजार ने करवट बदली और बीते दिन की भारी बिकवाली की सुनामी से उबरकर करीब डेढ़ फीसदी तक की छलांग लगाई।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1089.18 अंक अर्थात 1.49 प्रतिशत की जबरदस्त तेजी के साथ 74,227.08 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 374.25 अंक यानी 1.69 प्रतिशत उछलकर 22535.85 अंक पर बंद हुआ। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ लागू करने और चीन की जवाबी कार्रवाई से वैश्विक स्तर



**■ निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार में सुनामी आ गई थी**

पर व्यापार युद्ध गहराने और अमेरिका में मंदी की आशंका में विश्व बाजार की गिरावट से घबराए निवेशकों की स्थानीय स्तर पर हुई भारी बिकवाली से सोमवार को शेयर बाजार में सुनामी आ गई। सेंसेक्स पिछले दस महीने की सबसे बड़ी 2226.79 अंक की एकदिनी गिरावट लेकर 73,137.90 अंक और निफ्टी 742.85 अंक का गोता लगाकर 22161.60 अंक पर रहा था। बीएसई की दिग्गज कंपनियों की तरह मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी मंगलवार को जमकर लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 1.87 प्रतिशत की मजबूती के साथ 39,837.44 अंक और स्मॉलकैप 2.18 प्रतिशत की छलांग लगाकर 44,932.42 अंक हो गया। इस दौरान बीएसई में कुल 4083 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 3093 में तेजी जबकि 871 में गिरावट रही, वहीं 119 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह एनएसई में कुल 2957 कंपनियों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2391 में लिवाली जबकि 499 में बिकवाली हुई, वहीं 67 में टिकाव रहा। बाजार विश्लेषकों के अनुसार भारतीय शेयर बाजारों में हालिया उछाल उस समय देखने को मिला, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यह संकेत दिया कि जापान बातचीत के लिए एक प्रतिनिधिमंडल वाशिंगटन भेजेगा। इस बयान ने निवेशकों के बीच यह उम्मीद जगाई कि अमेरिका अपने टैरिफ नीति पर नरमी दिखा सकता है। इससे वैश्विक बाजारों में अस्थिरता के बावजूद भारतीय बाजारों को एक सकारात्मक पुश मिला। वहीं ट्रंप ने चीन को लेकर सख्त रुख बनाए रखा और यह चेतावनी दी कि यदि बीलजग अपने जवाबी टैरिफ को जारी रखता है, तो अमेरिका चीनी आयात पर 50 प्रतिशत तक का अतिरिक्त शुल्क लगा सकता है। इस धमकी ने बाजार में आशावाद की सीमाओं को रेखांकित कर दिया और निवेशकों को सतर्क कर दिया। विशेषज्ञों का मानना है कि बाजार में पहले से ही भारी बिकवाली हो चुकी थी, जिससे रिकवरी की संभावना बनी हुई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### अपराधियों के गठजोड़ से चल रही है राजग सरकार: तेजस्वी

**पटना।** बिहार विधानसभा में प्रतिपक्ष और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर हमला बोला और कहा कि प्रदेश में अपराधियों के गठजोड़ से सरकार चल रही है। याादव ने मंगलवार को बिहार सरकार पर आरोप लगाया कि प्रदेश में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधनन सरकार अपराधियों के गठजोड़ से चल रही है। उन्होंने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट शेयर किया है। उन्होंने इसको लेकर क्राइम बुलेटिन जारी किया है। बुलेटिन में तेजस्वी ने बिहार में अलग-अलग अपराध की 117 की घटनाओं का जिक्र किया है। नेता प्रतिपक्ष ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा, भाजपा-नीतीश और अपराधियों के गठजोड़ से संचालित राजग सरकार में घटित पिछले कुछ दिनों की केवल और केवल चंद आपराधिक घटनाएं गिनिए। इसके बाद उन्होंने 117 आपराधिक घटनाओं का विवरण दिया है। इससे पूर्व यादव ने सोमवार को भी प्रदेश की नीतीश सरकार पर हमला बोला था। उन्होंने एक्स पर लिखा था, बिहार की बदहाल विधि व्यवस्था एवं अचेत सरकार के कारण अब आम बिहारी का घर में रहना में मुश्किल होता जा रहा है।

### भगवा झंडा फहराने में दरोगा और दो कांस्टेबल सस्पेंड

**प्रयागराज।** जनपद के गंगानगर में एक मजार पर भगवा झंडा फहराने की घटना के बाद पुलिस ने तीन पुलिसकर्मियों को लापरवाही के आरोप में निलंबित कर दिया है और मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। अपर पुलिस उपायुक्त (गंगानगर) पुष्कर्म वर्मा की जांच रिपोर्ट के आधार पर पुलिस उपायुक्त (गंगानगर) कुलदीप सिंह गुनावत ने बहरिया चौकी प्रभारी रवि कटियार, कांस्टेबल अंशु कुमार और कांस्टेबल सुनील कुमार यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। डीसीपी गंगानगर कुलदीप सिंह गुनावत के अनुसार रविवार को रामनवमी के मौके पर कुछ युवक सिकंदरा स्थित गाजी मियां की दरगाह के द्वार पर धार्मिक झंडा लहराते हुए नारेबाजी कर रहे थे। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए तीन नामजद और कई अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

## अहमदाबाद: कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में बोले खड़गे

# सरदार पटेल की सोच कांग्रेस की विरासत

अहमदाबाद, वार्ता

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे में कहा है कि सरदार वल्लभभाई पटेल और पंडित जवाहरलाल नेहरू के संबंधों को लेकर भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भले ही दुष्प्रचार का प्रयास कर रही है, लेकिन सच यह है कि दोनों की सोच एक थी और इसी के परिणामस्वरूप सरदार पटेल ने आरएसएस पर बैन लगाया और दुनिया भर में कांग्रेस का नाम रोशन किया।

खड़गे ने मंगलवार को यहां शाहीबाग में सरदार पटेल स्मारक परिसर में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन के लिए बने विशाल सभागार में अधिवेशन की पहले दिन आज पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति सीडब्ल्यूसी की विस्तारित बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सांप्रदायिक सद्भाव बिगड़कर देश के बुनियादी मसलों से ध्यान भटकाने का आज काम हो रहा है और सीमित लोगों द्वारा देश के संसाधनों पर क़ब्ज़ा करते हुए शासन को नियंत्रित करने का काम हो रहा है। उनका कहना था कि सरदार पटेल कांग्रेस की विरासत



**■ पटेल ने आरएसएस पर बेन लगाया और दुनिया भर में कांग्रेस का नाम रोशन किया था**

**■ साम्प्रदायिक सद्भाव बिगाड़ कर बुनियादी मुद्दों से हटाया जा रहा ध्यान**

है और उनके दिखाए रास्ते पर चलकर कांग्रेस को मजबूत करने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गुजरात की धरती पर पैदा हुई तीन महान हस्तियों ने कांग्रेस का नाम दुनिया भर में रोशन किया है। इनमें दादा भाई नौरोजी, महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल ए सभी हमारी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष रहे। गांधी जी ने हमें अन्याय के खिलाफ सत्य और अलहसा का हथियार दिया। ए इतना मजबूत वैचारिक हथियार है कि इसके सामने कोई ताकत टिक नहीं सकती। गांधीजी के नेतृत्व में चम्पारण सत्याग्रह सफल रहा और उसने गांव-गांव में कांग्रेस की जड़ों को जमाने में ठीक वैसे ही मदद की जैसे गुजरात में सरदार पटेल के नेतृत्व में बारडोली सत्याग्रह चला। खड़गे ने कहा कि इस साल 31 अक्टूबर को सरदार पटेलज की 150वीं जयंती है जिसे हम देश भर में उल्लास से मनाएंगे। पंडित नेहरू उन्हें 'भारत की एकता का संस्थापक' कहते थे। जब सरदार पटेल कांग्रेस अध्यक्ष थे, तो उनके नेतृत्व में कराची कांग्रेस अधिवेशन में मौलिक अधिकारों पर जो प्रस्ताव पारित हुए वह भारतीय संविधान की आत्मा है। सरदार पटेल संविधान सभा की महत्वपूर्ण मूल अधिकारों, अल्पसंख्यकों तथा आदिवासी एरिया समिति के अध्यक्ष थे। उन्होंने कहा कि पिछले कई सालों से कई राष्ट्रीय नायकों को लेकर एक सोचा समझा षड्यंत्र चलाया जा रहा है और 140 सालों से देश में सेवा और संघर्ष के गौरवशाली इतिहास वाली कांग्रेस पार्टी के खिलाफ वातावरण बनाने का काम वे लोग कर रहे हैं, जिनके पास अपनी उपलब्धियां दिखाने को कुछ भी नहीं है। आजादी को लड़ाई में अपना योगदान बताने को कुछ भी नहीं है। वे सरदार पटेल और पंडित नेहरू के संबंधों को ऐसा दिखाने का षडयंत्र करते हैं जैसे दोनों नायक एक दूसरे के खिलाफ थे। जबकि सच्चाई ए है कि वो एक सिक्के के दो पहलू थे। तमाम घटनाएं और दस्तावेज इनके मधुर संबंधों की गवाह हैं। नेहरू और पटेल के बीच रिश्ते पब्लिक रिकॉर्ड में होने का दावा करते हुए उन्होंने कहा कि दोनों के बीच लगभग रोज़पत्र-व्यवहार होता था। नेहरूजी तमाम विषयों में उनकी सलाह लेते थे। पटेल साहब के प्रति नेहरूजी के मन में अपार आदर था। उनको कुछ सलाह लेनी होती, तो वे खुद पटेलजी के घर जाते थे। पटेल जी की सुविधा के लिए सीडब्ल्यूसी की बैठकें उनके निवास पर रखी जाती थीं। डा. अम्बेडकर ने खुद 25 नवंबर 1949 को संविधान सभा के अपने अंतिम भाषण में कहा था कि कांग्रेस पार्टी के सहयोग के बिना संविधान नहीं बन सकता था, लेकिन जब संविधान बना, तो आरएसएस ने गांधी जी, पंडित नेहरु, डा. अम्बेडकर और कांग्रेस की बहुत आलोचना की।

### कांग्रेस अधिवेशन में महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा शुरू

**अहमदाबाद।** कांग्रेस में बड़े बदलाव की उम्मीद से आयोजित कांग्रेस का दो दिन चलने वाला गुजरात अधिवेशन मंगलवार को यहां शाहीबाग, सरदार पटेल स्मारक में शुरू हो गया, जिसमें पार्टी की सर्वोच्च नीति निर्धारक संस्था कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की विस्तारित बैठक में कांग्रेस संगठन को मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हो रही है। कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी के तमाम बड़े नेता यहां सरदार पटेल स्मारक हॉल के सामने बने विशाल पंडाल में भारतीय जनता पार्टी की चुनौतियों से निपटने और कांग्रेस को मजबूती प्रदान करने के मुद्दे पर विचार- विमर्श कर रहे हैं। पार्टी के बेलगांव सम्मेलन के बाद उसके प्रस्तावों को इस अधिवेशन के जरिए आगे बढ़ाने की नीति पर विचार होगा। कांग्रेस 2025 को पार्टी में सुधार लाने के लिए काम कर रही है और इस दिशा में सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इस सम्मेलन के दौरान पार्टी के जिला स्तर पर संगठन को मजबूत करने की रणनीति पर काम किया जाएगा।

## वक्फ कानून का विरोध

# अब्बास रजा ने सुभासपा से नाता तोड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**बरेली।** वक्फ संशोधन कानून को लेकर सुभासपा के प्रमुख सचिव अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ अब्बास राजा ने नाराजगी जाहिर करते हुए अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने पत्र लिखते हुए कहा कि अब्बास रज़ा सुहेलदेव भारतीय समाजवादी पार्टी में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रमुख महासचिव बरेली मंडल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ साथ साथ पार्टी की सक्रिय सदस्यता से पूर्णरूपेण तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूं।

उन्होंने कहा कि ओम प्रकाश राजभर जो कि उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण व पंचायती राज मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री है उनके द्वारा दिए गए बयानों से आहत होकर एवं पार्टी द्वारा लगातार बयानों में मुस्लिम विरोधी नीतियों एवं हमारे धर्मिक इसतल इमामबाड़ो पर दिए गए बयानों से आहत हू और अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को आगाह भी करना चाहता हू कि इनकी नियत अल्पसंख्यक समुदाय के लिए कदापि हितकारी नहीं है।



देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी व उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ से भी मांग करता हुए कहा कि इनसे अल्पसंख्यक कल्याण मंत्रालय वापस लिया जाए क्यूंकि इनकी दृष्टि सबका साथ सबका विकास की नीति न होकर सिर्फ और सिर्फ अपने समाज विशेष के उद्धार के लिए है जो प्रदेश के लिए अहितकारी है। उन्होंने कहा कि ऐसी सोच के साथ राजनीति करना अपने जमीर को मारने जैसा है इसलिए सभी पदों से इस्तीफा देते हुए समाज का सेवक बनकर समाज की सेवा करता रहूंगा।

## अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार

अर्थ व्यापार

# दस वर्षों में 33.65 लाख करोड़ के मुद्रा ऋण दिए

नई दिल्ली, वार्ता

प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के प्रति छोटे और लघु उद्यमियों का विश्वास बढ़ा है, जिससे पिछले 10 वर्षों में 52.37 करोड़ खातों के माध्यम से 33.65 लाख करोड़ रुपए से अधिक के मुद्रा ऋण दिए गए है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 8 अप्रैल 2015 को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना (पीएमएमवाई) का शुभारंभ किया था। मुद्रा योजना वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गैर-कॉर्पोरेट और गैर-कृषि आय अर्जित करने वाली गतिविधियों के लिए आसानी से और बिना किसी जमानत के 20 लाख रुपए तक का ऋण प्रदान करती है। पहले यह ऋण सीमा 10 लाख रुपए थी, जिसको 24 अक्टूबर 2024 को बढ़कार 20 लाख रुपए कर दी गई। ए ऋण बैंकों,



गैर-बैंकिंग वित्तीय संस्थाओं (एनबीएफसी), एमएफआई और अन्य वित्तीय संस्थानों के माध्यम से दिए जाते हैं। इसके अंतर्गत तरुण प्लस के नाम से नई ऋण श्रेणी की घोषणा की गई है जो विशेष रूप से उन लोगों के लिए डिज़ाइन की गई है, जिन्होंने पहले तरुण श्रेणी के तहत ऋण लिया है और उसे सफलतापूर्वक चुका दिया है। इससे उन्हें 10 लाख रुपए से 20 लाख रुपए के बीच फंडिंग प्राप्त करने की अनुमति मिलती है। इसके अतिरिक्त, माइक्रो यूनिट्स के लिए क्रेडिट गारंटी फंड (सीजीएफएमयू) अब इन बढ़े हुए ऋणों के लिए गारंटी कवरेज प्रदान करेगा। यह भारत में उद्यमशीलता के लिए तंत्र को पोषित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को और मजबूत करता है। बड़े उद्योगों के पूरक के तौर पर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) सहायक इकाइयों के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं और देश के समावेशी औद्योगिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ये उद्यम अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में अपनी उपस्थिति का लगातार विस्तार कर रहे हैं और घरेलू तथा अंतर्राष्ट्रीय बाजार की मांगों को पूरा करने के लिए उत्पादों और सेवाओं की विविधतापूर्ण श्रृंखला प्रस्तुत कर रहे हैं। मुद्रा योजना एक उल्लेखनीय सरकारी पहल है, जो एमएसएमई को ऋण प्राप्त करने में सहयोग करती है।

## मुद्रा योजना व्यापारी समुदाय के लिए गेम चेंजर: खंडेलवाल

**नई दिल्ली।** खुदरा कारोबारियों का संगठन कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और भारतीय जनता पार्टी सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने प्रधानमंत्री मुद्रा योजना को व्यापारी समुदाय के लिए 'गेम चेंजर' बताया और कहा कि यह योजना पिछले दस वर्षों में छोटे व्यापारियों और दुकानदारों को औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रही है। खंडेलवाल ने मंगलवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई मुद्रा योजना पिछले दस वर्षों में छोटे व्यापारियों और दुकानदारों को औपचारिक वित्तीय व्यवस्था से जोड़ने में अहम भूमिका निभा रही है।

कैट के राष्ट्रीय महामंत्री ने बताया कि शिशु, किशोर और तरुण श्रेणियों में बिना गारंटी ऋण देकर इस योजना ने लाखों सूक्ष्म और लघु व्यापारों को मजबूती दी है। इससे व्यापार विस्तार, बुनियादी ढांचा विकास और कार्यशील पूंजी के लिए बड़ी मदद मिली है।

# खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा

नई दिल्ली, वार्ता

विदेशी बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर मांग सुस्त रहने से मंगलवार को दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों में टिकाव रहा। तेल-तिलहन: वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा 27 रिंगिट फिसलकर 4535 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं अप्रैल का अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.04 सेंट की बढ़त के साथ 45.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। दाल-दलहन: दाल-दलहन के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चना, दाल चना, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। अनाज: अनाज



मंडी में भाव स्थिर रहे। इस दौरान गेहूं और चावल के दाम पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर टिके रहे। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के थोक दाम इस प्रकार रहे:- दाल-दलहन: चना 5550-5650, दाल चना 6550- 6650, मसूर काली 7400-7500, मूंग दाल 9550-9650, उड़द दाल 8950-9050, अरहर दाल 8400- 8500 रुपए प्रति क्विंटल रहे। अनाज : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2950-3050 रुपए और चावल 3150-3250 रुपए प्रति क्विंटल रहा। चीनी-गुड़: चीनी एस. 4280-4380, चीनी एम. 4400-4500, मिल डिलीवरी 3620-3720 और गुड़ 4250-4350 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

## आतंकी पासिया ने कराया था बीजेपी नेता के घर में विस्फोट

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में बीजेपी नेता मनोरंजन कालिया के घर हुए ग्रेनेड हमले की जिम्मेदारी आतंकी हैप्पी पासिया ने ली है। पासिया ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर इस हमले की जानकारी ली है। इस आतंकी पर एनआईए ने 5 लाख रुपये का इनाम घोषित किया था। इस मामले में पुलिस ने लॉरेंस के 2 करीबियों को भी गिरफ्तार किया है। आतंकी हैप्पी पासिया खालिस्तानी आतंकी संगठन बब्बर खालसा कमांडर है। वह पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई का भरोसेमंद के साथ भी काम कर चुका है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट का...** गुंजाइश नहीं है। अहम बात यह है कि देश में जहां-जहां गैर भाजपाई दलों की सरकारें हैं, वहां-वहां राज्यपालों व सरकार के बीच टकराव के हालात देखे गए हैं। राज्यपाल प्रदेशों में राष्ट्रपति के प्रतिनिधि के तहत संवैधानिक व्यवस्था में काम करते हैं। लेकिन देखने में आया है कि गैर भाजपा शासित राज्यों में राज्यपालों की भूमिका विवादों में रही है। जब तक दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार थी, तब तक उप राज्यपाल एवं दिल्ली सरकार के बीच किसी न किसी मुद्दे पर टकराव के हालात बने रहे। पंजाब में भी इसी तरह के हालात समय-समय पर सामने आते रहे हैं। जिन राज्यों में भाजपा की सरकारें हैं, वहां पर ऐसा कोई विवाद कभी भी सामने नहीं आया। आखिरकार इसकी वजह क्या हो सकती है। राजनीति के जानकार मानते हैं कि केन्द्र सरकार गैर भाजपा शासित राज्यों की सरकारों के लिए परेशानी खड़ी करती रहती है। सुप्रीम कोर्ट पूर्व में भी राज्यपालों की भूमिका को लेकर अहम फैसला सुना चुका है। दिल्ली के मामले में तो सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केन्द्र सरकार ने सीधा दखल देते हुए उप राज्यपाल को अधिक अधिकार दे दिए थे। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए यह चिंता का विषय है। लोकतंत्र में निर्वाचित सरकारों को अस्थिर करने एवं उन्हें स्वतंत्र रूप से काम करने से रोकने की बढ़ती प्रवृत्ति किसी भी स्थिति में देश व प्रदेशों के लिए बेहतर नहीं मानी जा सकती हैं। केन्द्र सरकार के द्वारा अपनी शक्तियों का दुरुपयोग करते हुए प्रदेश सरकारों को कार्य करने से रोका जाना संविधान की मूल आत्मा के विरुद्ध है।

## भारी मात्रा में ब्राउन शुगर जब्त, एक तस्कर गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने नियमित गश्त के दौरान 1.216 किलोग्राम ब्राउन शुगर जब्त की और एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि जिले के बोनियार इलाके में नियमित गश्त और नाका चेकिंग के दौरान ड्रग्स बरामद की गई। उन्होंने बताया कि सोमवार देर रात को बर्नेट बाला, बोनियार में तैनात पुलिस दल ने मौके से भागने की कोशिश कर रहे एक संदिग्ध व्यक्ति को रोका।

पुलिस के एक बयान में कहा गया, उस व्यक्ति को सूझबूझ से पकड़ लिया गया और प्रारंभिक पूछताछ के बाद, उसने अपनी पहचान बर्नेट, बोनियार के मंज़ूर अहमद मीर के रूप में बताई। उसकी तलाशी लेने पर पुलिस को एक किलो 216 ग्राम प्रतिबंधित पदार्थ बरामद हुआ, जो शायद ब्राउन शुगर है और एक डिजिटल वज़न तौलने वाली मशीन भी बरामद हुई।

# महाकौशल एक्सप्रेस से गिरकर यात्री की मौत

## यात्रियों ने वसूली का आरोप लगाकर कर किया हंगामा

महोबा, वार्ता

उत्तर मध्य रेलवे के झांसी मानिकपुर सेक्सन में महोबा क्षेत्र में सोमवार रात महाकौशल एक्सप्रेस ट्रेन में सवार एक यात्री की संदिग्ध रुप से ट्रेन से गिर कर मौत हो गई, जिसके बाद सह यात्रियों ने पुलिस और रेलवे कर्मचारी पर वसूली और यात्री को धक्का देने का आरोप लगा कर हंगामा किया।

ट्रेन में सवार यात्रियों ने घटना के लिए रेलवे पुलिस स्काट पर अवैध वसूली के चलते यात्री को ट्रेन से धक्का देकर मार डालने का गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा काटा है। करीब दो घंटे तक हुए बवाल के बाद उच्च अधिकारियों ने प्रकरण में जांच ओर कार्यवाही का आश्वासन देकर यात्रियों को शांत करके ट्रेन को अपने गंतव्य के लिए रवाना किया। रेलवे के सूत्रों के मुताबिक हजरत

**■ निजामुद्दीन से जबल पुर जा रही ट्रेन में हादसा**

निजामुद्दीन से चलकर जबलपुर जा रही महाकौशल एक्सप्रेस में यह घटना मध्य रात्रि में हरपालपुर व घुटई स्टेशनो के बीच हुई। बताया गया है कि उस वक्त टीसी द्वारा पुलिस एसकार्ट के साथ आरक्षित बोगी में यात्रियों के टिकट चेक किए जा रहे थे। इस दौरान एक यात्री के बिना टिकट पकड़े जाने पर उससे विवाद हुआ। पुलिस जवानो से हुई खींचतान में यात्री तेज रफ्तार में दौड़ रही ट्रेन के गेट से नीचे गिर गया। इस घटना को देख बोगी में सवार अन्य यात्री भड़क गए। उन्होंने हो हल्ला करते हुए ट्रेन रोकने के लिए चेन पुलिंग की कोशिश की। आरोप है कि रेल स्टाफ ओर पुलिस के चलते वह गाड़ी रोकने में सफल नहीं हुए। राजकीय रेलवे पुलिस ने बताया कि महोबा जंक्शन में ट्रेन के रुकने पर रेल यात्रियों ने गाड़ी से नीचे उतर कर स्टेशन में जमकर हंगामा काटा। उन्होंने टीसी ओर पुलिस स्काट के जवान को सम्बन्धित यात्री की मौत का जिम्मेवार ठहराते उनके खिलाफ कड़ी घनूनी कार्यवाही किए जाने की मांग की। यात्रियों के हंगामे के कारण गाड़ी आगे नहीं बढ़ सकी। घटना की सूचना पाकर जिले के आला अधिकारियों ने तत्काल मोके पर पहुंच यात्रियों को समझा बुझा कर शांत किया और ट्रेन को आगे अपने गंतव्य के लिए रवाना किया। मृतक की तत्काल शिनाख्त नहीं की जा सकी है। मामले की सूचना मिलने पर महोबा पहुंचे जीआरपी झांसी के पुलिस उप अधीक्षक नईम खान मंसूरी ने कहा कि यात्री की मौत को लेकर रेलवे पुलिस पर लगे आरोपों को गंभीरता से लिया गया है, जिसके चलते घटना की सघनता से जांच कराई जा रही है।


शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है

आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।

काजीजादा, अमरोहा-UP

हाशमी दवाखाना

9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?

अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।

फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।

ऋषि इन्टरनेशनल

08899787114

09808917010

Cipzer

— HEALTH WITH CARE —

हैल्थ प्लस सिरप

खून की कमी, भूख ना लगना, विटामिन व हार्मोन्स की कमी, शारीरिक दुर्बलता, गर्भवती महिला, दूध का कम बनना, लीवर व पेट की समस्याओं में उपयोगी

प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।

86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बाइक का होरन बजाने पर युवक का सिर फोड़ा

**पुलिस ने घायल को मेडिकल के लिए भेजा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** मंगलवार को कस्बे में बुग्गी के पीछे बाईक का होरन बजाना दो युवकों को भारी पड़ गया। बुग्गी पर जा रहे तीन चार युवकों ने बाईक रोककर उन्हें जमकर पीटा और ईंट मारकर सिर फोड़ दिया। पीड़ित ने चौकी में तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की।

मिली जानकारी के अनुसार थाना फलावदा के महलका गांव निवासी फैजान पुत्र अहसान अपने दोस्त अज्जू के साथ बाईक से लावड़ सामान लेने आया था। बताया जाता है कि वो दोनों छोटा बाजार होते हुए वापिस गांव जा रहे थे तभी छोटा बाजार में दो बुग्गी जा रही थी जिन पर तीन चार युवक बैठे हुए थे। आरोप है कि बाईक सवार ने बुग्गी के बराबर में आकर होरन बजा दिया जिससे गुस्सा होकर बुग्गी पर बैठे एक युवक ने बाईक सवार को धक्का दे दिया जिसके बाद अन्य एक युवक ने बाईक की चाबी निकाल ली। तभी तीन चार युवकों ने बाईक सवार युवकों को जमकर पीटा और बाईक चला रहे फैजान के सिर में ईंट मार दी जिससे उसका सिर फट गया और वह लहूलुहान हो गया। पीड़ित बाईक सवार घायल अवस्था में चौकी पहुंचा और तहरीर देते हुए कार्यवाही की मांग की पुलिस ने युवक को मैडिकल के लिए भेजा और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली पुलिस फुटेज के आधार पर युवकों की तलाश में लगी है। वहीं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी युवक समसपुर रोड मोहल्ला पैठ चौड़ा के निवासी है और ईंट भट्टे पर कार्य करते हैं वहीं कुछ ग्रामीणों ने बताया कि ये लोग आए दिन किसी ना किसी के साथ अभद्रता करते रहते हैं।

## वक्फ बिल धार्मिक आजादी का हनन है: किशोर वाल्मीकि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खाईखेड़ा में एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया है जिसके मुख्य अतिथि सपा नेता किशोर वाल्मीकि रहे। संचालन देवेन्द्र गुर्जर ने किया सभा को सम्बोधित करते हुए सपा के पूर्व प्रदेश सचिव किशोर वाल्मीकि ने कहा बीजेपी सरकार भारत की धार्मिक आजादी खत्म करना चाहती है। किसान मजदूर पिछड़े दलित सब परेशान हैं। वक्फ बिल जानबूझ कर राजनीतिक लाभ लेने को लाया गया है। ये धार्मिक आजादी का हनन है, प्रदेश की बीजेपी सरकार का अंत समय चल रहा है। 2027 में समाजवादी पार्टी की प्रदेश में सरकार बनेगी सभी वर्गों का सम्मान होगा। इस मौके पर प्रदेश सचिव सरदार निर्वेर सिंह खालसा, संजय गुर्जर, ग्राम प्रधान वीर पाल, बीर सिंह गुर्जर पूठी, जुनैद कुरैशी, अरसद खान, कालू प्रधान, डॉक्टर होश राम, नौसाद सैफी आदि मौजूद रहे।

# नौचंदी मेले की तैयारियों के लिए डीएम ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी डॉ. वी.के. सिंह की अध्यक्षता में नौचंदी मेला की तैयारियों के संबंध में बैठक आहूत की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि नौचंदी मेला एक प्रांतीयकृत मेला है। यह मेरठ की शान व गौरव है। उन्होंने अधिकारियों को मेले की तैयारियां जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए कहा।



जिलाधिकारी ने ठेका संपादन समिति, निर्माण कार्य सत्यापन समिति, दुकान आवंटन समिति, स्मारिका समिति, कार्यालय व्यवस्था समिति, शांति सुरक्षा समिति, पेयजल, शौचालय एवं सफाई व्यवस्था समिति, मंच एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम समिति, आमंत्रण समिति सहित विभिन्न समितियों के नामित पर्यवेक्षणीय अधिकारी को निर्देशित किया कि दियेगये दायित्व के अनुरूप कार्यों को समय से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि मेले की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरो की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि पटेल मंडप में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम हेतु रोस्टर तैयार करते हुये कलाकारो का चयन कर लिया जाये। उन्होने कहा कि पटेल मंडप की रंगाई-पुताई एवं मेला स्थल की साफ-सफाई, फॉगिग, विद्युत सुरक्षा, पार्किंग व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, शौचालय, पेयजल व्यवस्था, दुकान मरम्मत को सुव्यवस्थित ढ़ग से कराते हुये कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस अवसर पर नगर आयुक्त सौरभ गंगवार, सीडीओ नूपुर गोयल, अपर जिलाधिकारी प्रशासन बलराम सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह, सीएमओ डॉ. अशोक कटारिया, मुख्य कोषाधिकारी वरूण खरे, एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह, एसपी ट्रैफिक राघवेन्द्र मिश्रा, एसडीएम सदर कंडारकर कमल किशोर देशभूषण, पीडीडीआरडीए सुनील कुमार सिंह, अपर नगर आयुक्त प्रमोद कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## सुभारती विवि को मिला सर्वाधिक विश्वसनीय विश्वविद्यालय का पुरस्कार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय को रेडियो सिटी द्वारा दिल्ली आइकॉन अवार्ड में 'सर्वाधिक विश्वसनीय विश्वविद्यालय' के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने और भरोसेमंद शिक्षण माहौल विकसित करने के लिए विवि के निरंतर समर्पण हेतु दिया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बॉलीवुड अभिनेत्री व मॉडल मुग्धा गोडसे और रेडियो सिटी 91.1 एफएम इंडिया के कार्यकारी उपाध्यक्ष अभिनेंद्र तिवारी द्वारा सुभारती विश्वविद्यालय की ओर से ललित कला संकाय के डीन प्रो. डॉ.पिंटू मिश्रा को यह अवार्ड प्रदान किया गया। सम्मान मिलने पर कुलपति मेजर जनरल डॉ. जी.के.थपलियाल, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. शल्या राज एवं कार्यकारी अधिकारी डॉ. कृष्णा मूर्ति ने हर्ष प्रकट किया। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उच्च शैक्षिक मानकों को बनाए रखने और छात्र विकास को बढ़ावा देने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है। यह पुरस्कार विश्वसनीय शैक्षणिक संस्थान होने के साथ सुभारती परिवार के सभी सदस्यों के निरंतर प्रयासों का प्रमाण है।

# ग्राम आसिफाबाद में झुग्गी झोपड़ियों में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम आसिफाबाद में सोमवार रात झोपड़ियों में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने आग में फंसे लोगों को बड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह बचाया। वहीं थाना पुलिस व दमकल की गाड़ियों ने पहुंचकर बड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मगर तब तक झोपड़ियों में रखा घरेलू सामान जलकर नष्ट हो गया। ग्रामीणों ने प्रशासन से मुआवजा दिलाने की मांग की है।



ग्राम आसिफाबाद के छौर पर अहेरी जाति के लोग झोपड़ी बनाकर परिवार सहित रहते हैं। सोमवार की रात अचानक झोपड़ियों में आग लग गई जिससे गाँव में अफरा तफरी मच गई तथा सैकड़ों ग्रामीण उधर दौड़ पड़े तथा झोपड़ियों में फसे लोगों को किसी तरह आग से बाहर निकाला। आग की चपेट में आने से पूनम, बब्लीस, खेमचंद, सुमित, महेंद्र की झोपड़ी जल कर राख हो गई। सूचना पर थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। वहीं दो दमकल की गाड़ी भी मौके पर पहुचीं तथा काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मगर तब तक घरेलू सामान कपड़े अनाज आदि जलकर राख हो गया। युवा समाजसेवी सचिन गोस्वामी ने पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। वहीं सपा नेता किशोर वाल्मीकि ने भी सपा कार्यकर्ताओं के साथ पीड़ित लोगों से बात कर हर संभव मदद का आश्वासन देते हुए फोन पर एसडीएम मवाना से वार्ता कर पीड़ितों की मदद करने की बात कही। एसडीएम मवाना ने शीघ्र ही राजस्व टीम भेजकर जांच कराकर आर्थिक मदद का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि आग से काफी घरेलू सामान जलकर नष्ट हुआ है। पीड़ितों ने अभी तक थाने में तहरीर नहीं दी है। रिपोर्ट दर्ज कर प्रशासन को रिपोर्ट भेजी जाएगी।

## एनएसडीसी नासिक में अपना घर बनाने के लिए करेगा प्रशिक्षित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) ने नासिक जिला परिषद औरभारतीय गुणवत्ता परिषद (क्यूसीआई) के सहयोग से ग्रामीण हाउसिंग इनीशिएटिव 'सम्पन्न घर अभियान' की शुरूआत की है। यह पहल प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत 1.5 से अधिक परिवारों को अपना घर बनाने में मदद करेगी। नसिक जिला परिषद की सीईओ आशिमा मित्तल इस प्रियोजना कानेतृत्व करेंगी। कुनाल पाटिल (प्रेजीडेन्ट, क्रेडाई नासिक मेट्रो) और सचिन गुल्वे (वाईस प्रेजीडेन्ट, नासिक सिटिजन फोरम) तकनीकी एवं सामुदायिक संस्थानों के बीच आपसी तालमेल बनाएंगे। क्वालिटी सिटी नासिक के कन्वेनर जितेन्द्र ठक्कर ने आशिमा मित्तल के विजन एवं नेतृत्व के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस पहल की सफलता ईंट-दर-ईंट, कौशल-दर-कौशल- गरिमा और आत्मविश्वास के निर्माण में निहित है।

## विकसित भारत कार्यक्रम के तहत खेल प्रतिभाओं को लाया जा रहा सामने: संजय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भाजपा नेता संजय चौधरी ने सिवालखास विधानसभा के छुर गांव में चल रही एक दिवसीय डे नाइट तालियान मेमोरियल वॉलीबाल प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि के रूप में फीता काटकर शुभारंभ किया। संजय चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 'विकसित भारत' कार्यक्रम के तहत खेल प्रतिभाओं को सामने लाने और उन्हें प्रोत्साहित करने की दिशा में कई प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि हमारे खिलाड़ी देश का नाम रोशन कर सकें। उन्होंने यह भी कहा कि हार-जीत खेल का हिस्सा होती है, लेकिन खिलाड़ी अगर अनुशासन और समर्पण से खेलेंगे तो सफलता भी अवश्य मिलेगी। इस मौके पर मुख्य रूप से राहुल तालियान अर्जुन तालियांन, पुनीत तालियांन, रोहित तालियांन, विकास, सचिन, भगत, वंश, सिकंदर प्रधान, भोपाल शर्मा, मदन पहलवान, वीरेंद्र तालियांन सहित आदि ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की महानगर कमेटी का हुआ गठन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन की एक बैठक का आयोजन मंगलवार को सर्किट हाउस मेरठ में किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष संजीव तोमर एवं संचालन जिला महामंत्री शिवकुमार शर्मा ने किया। बैठक में जिला कार्यकारिणी के द्वारा मेरठ महानगर टीम का गठन किया गया जिसमें वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक सोम को अतिरिक्त प्रभार देते हुए महानगर जिला प्रभारी के पद पर नियुक्त किया गया। संदीप कुमार को महानगर अध्यक्ष एवं विपिन कुमार हरित को महामंत्री का दायित्व दिया गया। महानगर अध्यक्ष एवं महामंत्री के सुझाव पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतीश राजपूत को बनाया गया। वहीं संदीप चौहान हैदर मेहंदी को उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। विशू सिंघल को संगठन मंत्री, सुनील कुमार, राशिद, नरेंद्र को सचिव की जिम्मेदारी दी गई। मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी वसीम खान तो सह मीडिया कर्मी अक्षय सोनकर और आसिफ खान को बनाया गया। महानगर फोटोग्राफर मीडिया प्रभारी का दायित्व वरिष्ठ फोटोग्राफर वीरू को दिया गया। बैठक में जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए वरिष्ठ पत्रकार सिकंदर को जिला उपाध्यक्ष एवं रामकृष्ण



रघुवंशी व अशोक कुमार को जिला सचिव के पद पर मनोनीत किया गया। जिला कार्यकारिणी में तैय्यब अली, अनिल कुमार विश्वकर्मा, अंकित शर्मा, अशोक कुमार, ललित कुमार को रखा गया। बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय संरक्षक दयाचंद वर्क ने कहा कि एक संगठन सभी का होता है और उससे जुड़े हुए सभी की पहचान संगठन से होती है। प्रदेश संरक्षक श्रीकांत अस्थान ने कहा कि पत्रकार कोई भी ऐसा काम ना करें जिसमें उसके अंदर नकारात्मक प्रभाव पड़े। राष्ट्रीय महामंत्री हरेंद्र चौधरी ने नए कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। इस दौरान पूर्व प्रदेश संगठन मंत्री रामबाबू दुबे, पूर्व प्रदेश सचिव अभिषेक द्विवेदी, क्षेत्रीय प्रभारी उदयवीर सिंह, विनोद गोस्वामी, क्षेत्रीय अध्यक्ष यशपाल सिंह, जिला उपाध्यक्ष, पंकज शर्मा, जाकिर तुर्क, आजम रिजवी सहित दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

## एमएसडीई ने स्टार्टअप महाकुंभ 2025 में जमीनी स्तर पर नवाचार का किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारत स्टार्टअप महाकुंभ 2025 की मेजबानी की तैयारी कर रहा है जो स्टार्टअप्स, निवेशकों और वैश्विक विचारकों का अब तक का सबसे बड़ा समागम होगा। कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय अपने समर्पित मंडप के माध्यम से समावेशी उद्यमिता की एक आकर्षक कहानी प्रस्तुत करेगा। 3 से 5 अप्रैल तक नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में एमएसडीई द्वारा 15 उद्यमियों को प्रदर्शित किया जाएगा, जिनकी यात्रा जमीनी स्तर पर नवाचार और संस्थागत समर्थन की परिवर्तनकारी शक्ति का प्रतीक है। कार्यक्रम से पहले एमएसडीई के सचिव अतुल कुमार तिवारी ने कहा स्टार्टअप महाकुंभ के माध्यम से हम सिर्फ उद्यमों का प्रदर्शन नहीं कर रहे हैं हम लचीलेपन, आकांक्षा और भारत की आर्थिक कल्पना के भविष्य की कहानियां बता रहे हैं जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल्पना की है, आत्मनिर्भर भारत केवल एक दृष्टि नहीं है। यह प्रत्येक भारतीय की उद्यमशीलता की भावना से संचालित एक आंदोलन है।

# पुलिस में दरोगा के पद पर भर्ती कराने के नाम पर पांच लाख की ठगी

**पीड़ित ने तीन के खिलाफ कराया मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कंकरखेड़ा।** पुलिस विभाग में दरोगा के पद पर भर्ती कराने के नाम पर एक युवक से पांच लाख रुपये की ठगी का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि यह मामला पांच वर्ष पहले का है। जो नियुक्ति पत्र पीड़ित को दिया गया, वह भी फर्जी पाया गया। जिसके बाद सात अप्रैल को पीड़ित की मां की तहरीर पर थाने में दंपती समेत तीन के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

गणपति विहार गली नंबर पांच निवासी अंशू शर्मा पत्नी अमरीश कुमार शर्मा ने थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। जिसमें बताया कि है अंशू के बेटे शिवी साडिल्य की राहुल निवासी गांव पबरसा और शुभम निवासी रोशनपुर डोरली थाना पल्लवपुरम से मुलाकात हुई। राहुल और शुभम ने पीड़ित शिवी की मुलाकात रेशुल बावरा निवासी नंगलाताशी कंकरखेड़ा, अंकित कुमार उर्फ दिवेश निवासी गांव छुर सरधना से वर्ष 2020 में बात कराई गई।

आरोप है कि इसी बीच रेशुल बावरा ने पीड़ित शिवी को बहला फुसलाकर पुलिस विभाग में दारोगा पद पर भर्ती कराने के नाम पर 16 लाख रुपये मांगे। जिसमें पांच लाख रुपये एडवांस में मांगे। शिवी साडिल्य ने 4.20 लाख रुपये आनलाइन रेशु बावरा, रेशुल बावरा की पत्नी निधि चौहान, राहुल कुमार व शुभम के खाते में ट्रांसफर्मर किए, जबकि 65 हजार रुपये राहुल कुमार को नगद दिए गए। आरोप लगाया कि आरोपितों ने एक नियुक्ति पत्र शिवी को सौंपकर बकाया रुपये की मांग करने लगे। पत्र की जांच कराई तो वह फर्जी निकला जिसके बाद पीड़ित परिजनों ने आरोपितों से अपने रुपये वापस करने की मांग करने लगे। कई महीनों तक रुपये वापस नहीं हुए। इस मामले में पीड़ित ने पुलिस अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। सीओ दौराला ने मामले में जांच कराई तो आरोप सही पाए गए। आरोपितों ने रुपये अपने खाते में आने की बात भी अधिकारी से स्वीकार की। तब एक लाख रुपये सीओ दौराला के दफ्तर में पीड़ित को वापस किए गए। बकाया रुपये का चेक दिया गया। मगर, फिर चेक से भी भुगतान नहीं हुआ। आरोप है कि पीड़ित परिजनों को आरोपी अंजाम भुगतने की धमकी देने लगे। इंसपेक्टर कंकरखेड़ा विनय कुमार ने बताया कि इस मामले में कप्तान के निर्देश पर सात अप्रैल को नंगलाताशी निवासी रेशुल बावरा, निधि चौहान पत्नी रेशुल बावरा, अंकिल उर्फ दिबेश पुत्र चांदवीर उर्फ चांदु निवासी छुर सरधना के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है।

## गांव चलो अभियान के तहत भाजपा सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाया



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को सरधना विधानसभा क्षेत्र के दौराला मंडल के मछरी गांव में दौराला मंडल अध्यक्ष मनिंदर विहान भराला ने बूथ अध्यक्ष रामवीर अहलावत के साथ बूथ नंबर 160 पर गांव चलो अभियान के तहत भाजपा सरकार के आठ वर्ष पूरे होने पर सरकार की उपलब्धियां को जन जन तक पहुंचाने का कार्य किया। इस दौरान भारत चौधरी, रामवीर अहलावत, रिटायर उप निरीक्षक राजकुमार, अजय कुमार, बबलू स्वामी, वेद प्रकाश, रमेश चंद, दीपक, मोहित, मुकुल, रोहित, विपिन, संगम आदि मौजूद रहे।

## पिठलोकर संघर्ष के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** रविवार देर रात पिठलोकर गांव में हुए खूनी संघर्ष में शामिल रहे दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में पुलिस ने 20 नामजद व कई अज्ञात खिलाफ अपनी तरफ से मुक. दमा दर्ज किया था। फिलहाल पुलिस बाकी फरार आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। बता दें कि रविवार देर रात मामूली कहासुनी के बाद पिठलोकर गांव में दो पक्षों में खूनी संघर्ष हो गया था और जमकर लाठी डंडे चले थे। साथ ही पथराव भी हुआ था। इस संघर्ष में कई लोगों को चोट आई थी। हालांकि किसी भी पक्ष ने थाने में तहरीर नहीं दी थी। पुलिस ने अपनी तरफ से ही मुकदमा दर्ज किया था। पुलिस ने अपनी कार्यवाही आगे बढ़ाते हुए सोमवार देर रात दो नामजद आरोपियों शादाब पुत्र शहजाद व नासिर पुत्र मुराद अली को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक प्रताप सिंह ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश में दबिश दी जा रही है। जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।







# बाइक की टक्कर लगने से साइकिल सवार की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मंगलवार दोपहर मेरठ करनाल हाईवे पर नानू गांव में बाइक की टक्कर लगने से साइकिल लेकर का रहे युवक की मौत हो गई। बाइक सवार युवक को भी काफी चोट आई, जिसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने मृतक के शव को पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था।



मिली जानकारी के अनुसार नानू निवासी 40 वर्षीय पवन पुत्र गोपीचंद साइकिल लेकर पैदल गांव में ही कहीं जा रहा था। जैसे ही वह फ्लाईओवर के निकट पहुंचा तो पीछे से तेजगति से आ रहे एक बाइक सवार ने उसको जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही पवन कई फिट हवा में उछला और सड़क पर गिर गया। इस दौरान उसकी मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक सवार पांचली बुजुर्ग निवासी नवीन पुत्र जगराम गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल को तुरंत सरधना सीएचसी में भर्ती कराया गया। जहां से चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक देख प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रैफर कर दिया। दूसरी ओर पुलिस ने मृतक पवन के परिजनों के आ जाने पर उसके शव का पंचनामा भरा और उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। खबर लिखे जाने तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं आई थी।

## डंपर किया सीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** थाना पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मंगलवार को मवाना मार्ग पर एक ट्रक डंपर जिसमें रेत भरा हुआ था पुलिस ने उसे रोककर चालक से कागज दिखाने के लिए कहा लेकिन चालक कोई कागज नहीं दिखा पाया और ट्रक डंपर पर रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट भी नहीं थी। पुलिस ने ट्रक को थाने ले जाकर सीज कर दिया। चौकी इंचार्ज राम प्रकाश ने बताया कि चालक द्वारा ट्रक डंपर के कोई कागज नहीं दिखा पाया जिस कारण चीज कर दिया गया।

## मशहूर बॉडीबिल्डर दानिश अब्बासी को किया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बीते रविवार इंडिया इस्लामिक सेंटर दिल्ली में स्वाभिमान एक्सप्लेन 2024 अवार्ड का आयोजन किया गया। आयोजनकर्ता तिलक राज मालिक ने अलग-अलग शहरों से आए लोगों का स्वागत किया व उनको अवार्ड देकर सम्मानित किया। इस दौरान मेरठ के मशहूर बॉडीबिल्डर दानिश अब्बासी भी शामिल रहे। तिलकराज ने दानिश अब्बासी को शॉल पहनाकर व अवार्ड देकर सम्मानित किया। दानिश अब्बासी मिस्टर यूनिवर्स, मिस्टर एशिया, मिस्टर इंडिया व मिस्टर यूपी चैंपियन रह चुके हैं। दानिश अब्बासी ने अवार्ड प्राप्त करके मेरठ का नाम रोशन किया है।

# गांव चलो अभियान के तहत भाजपा सरकार के आठ वर्ष की उपलब्धियां गिनाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**दौराला।** भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस पर खेड़ी गांव में बूथ कार्यकर्ता संवाद गांव चलो अभियान के अंतर्गत बूथ संख्या 281 पर आयोजित किया गया। बूथ अध्यक्ष राहुल कश्यप के आवास पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीन दयाल उपाध्याय व भारत माता के चित्र पर पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण किया। मुख्य अतिथि भाजपा नेता शौकेंद्र भारद्वाज रहे। उन्होंने बूथ कार्यकर्ताओं से संवाद किया और भाजपा सरकार के आठ वर्ष की उपलब्धि गिनाई। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर घर पर भाजपा का झंडा लगाया और भाजपा सरकार की उपलब्धि के पत्रक वितरित किए। इस दौरान लावड़ मंडल अध्यक्ष धीर सिंह सैनी, अर्जुन भारद्वाज, सौरभ प्रजा. पति, सागर कुमार, अमित, राकेश, धर्मेंद्र आदि मौजूद रहे।



## बैठक में संचारी रोग व टीकाकरण की दी जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मंगलवार को विकासखंड सभागार में संचारी रोग नियंत्रण और दस्तक अभियान का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीएचसी के ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर नरेन्द्र कुमार ने बताया कि यह अभियान एक से 30 अप्रैल तक चलेगा। आशा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोगों और गर्मी की लहर से बचाव के बारे में जागरूक करेंगी। बताया कि कार्यकत्री बुखार, खांसी, टीबी, फाइलेरिया और कुष्ठ रोग के मरीजों की पहचान करेंगी। उसके बाद कुपोषित बच्चो, लक्षण युक्त मरीजों को चिन्हित कर उनकी सूची ई कवच पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। क्लस्टर कॉर्डिनेटर शबाना खातून ने नियमित टीकाकरण की जानकारी देते हुए 11 गंभीर बीमारियों के बारे में बताया। जिनमें टीबी, पोलियो, हेपेटाइटिस बी, गलघोंटू, काली खांसी, टिटनेस, निमोनिया, हिब बी, डायरिया, खसरा और रुबेला शामिल हैं।

उन्होंने इन बीमारियों से बचाव के लिए लगाए जाने वाले टीकों की जानकारी भी दी। सुपरवाइजर मालती रानी ने गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच और अन्य सेवाओं पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में ब्लॉक कॉर्डिनेटर राशिद अल्वी आदि का सहयोग रहा।

# समाजवादी पार्टी 14 अप्रैल तक करेगी स्वाभिमान सम्मान समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय पर जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार 8 अप्रैल से 14 अप्रैल तक समाजवादी बाबा साहब अम्बेडकर वाहिनी और समाजवादी अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वाधान में सभी कार्यालय पर जनप्रतिनिधियों के स्थानीय व आवासीय कार्यालय में स्वाभिमान सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में जिलाध्यक्ष विपिन चौधरी ने जेल रोड स्थित पार्टी कार्यालय पर महिला सभा को सम्बोधित किया। वहीं महिला सभा की मासिक बैठक भी आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता विपिन चौधरी ने की। उन्होंने महिलाओं से बूथ कमेटी बनाने पर चर्चा की और साथ ही कहा कि पार्टी को मजबूती प्रदान करने के लिए सपा महिलाओं को चाहिए कि वह घर-घर जाकर समाजवादी पार्टी की नीतियों से



महिलाओं को अवगत कराएं और ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को पार्टी से जोड़ने का काम करें। इस दौरान जिला प्रभारी निरंजन सिंह, नकुल, एहतेशाम इलाही, मोनिका, सोनिया, शारदा कश्यप, मोना पाल, रन्नो देवी, कमलेश शर्मा, शांति देवी, सरोज शर्मा, शाकिर, असीर खरदौनी, बसंती आदि मौजूद रहे।

## परटेक पाल्मग्रीन सोसाइटी के जनरेटर में लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बिजली बंबा बाईपास स्थित सुपरटेक पामग्रीन सोसाइटी में मंगलवार सुबह जनरेटर में अचानक से भीषण आग लग गई। सूचना पर फायर बिग्रेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया। ब्रह्मपुरी थाना क्षेत्र के बिजली बंबा बाईपास स्थित सुपरटेक पामग्रीन सोसाइटी में मंगलवार सुबह हड़कंप मच गया। करीब साढ़े 6 बजे जेनरेटर में अचानक से शॉर्ट सर्किट के बाद आग लग गई। आग ने देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और जनरेटर को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले लिया। आग की सूचना पर फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची। दो घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग लगने से पूरी सोसाइटी में बिजली आपूर्ति पूरी तरह से ठप हो गई। बिजली विभाग के अधिक. ारियों का कहना है कि बिजली आपूर्ति सप्लाई करने में 5 से 6 घंटे का समय लग सकता हैं। उधर, बिजली ठप होने से लोगों को पानी की समस्या भी बन गई।

## 22 को कलेक्ट्रेट पर पेंशनर्स का धरना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमरोहा।** पेंशनर्स एसोसिएशन ने चेतावनी दी कि वित्त विधेयक के विरोध में 22 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन किया जायेगा। अमरोहा ग्रीन कालोनी स्थित राजेन्द्र राणा के आवास पर पेंशनर्स की बैठक हुई। जिसमें वक्ताओं ने कहा कि आठवें वेतन आयोग की सिफारिशों से उन्हें बाहर करने का प्रयास किया गया है। जिसके विरोध में 22 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर पेंशनर्स काले कानून के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेंगे। बैठक में अनूप सिंह पैसल, शिशुपाल सिंह, शिवेन्द्र सिंह चिकारा, ज्ञानेन्द्र सिंह त्यागी, मायाराम, अनिल माहेश्वरी, सोमदत्त सिंह, मौजूद रहे।

# डीएम के आदेश को धनौरा प्रशासन ने दिखाया ठेंगा

### राजस्व निरीक्षक ने अवैध तरीके से ठेके पर दी सैकड़ों बीघा जमीन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा।** गंगा की रेती पर अवैध कब्जे का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। डीएम के आदेश के बाद भी मंडी धनौरा के अधिकारियों ने कोई कार्रवाई नहीं की। अब मामले की शिकायत मुख्यमंत्री से की गयी है।

■ **मुख्यमंत्री से की मामले की शिकायत**

बताते चलें कि मंडी धनौरा व हसनपुर तहसील क्षेत्र में बड़े पैमाने पर गंगा व वन विभाग की भूमि पर जिले व मेरठ व बुलंदशहर के भूमाफियाओं ने कब्जा कर रखा है। जिसे लेकर कई बार खूनी संघर्ष भी हो चुका है। परन्तु प्रशासन ने आज तक इन घटनाओं से सबक लेकर मामले का कोई ठोस समाधान नहीं निकाला। शिकायत के आधार पर जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने दो अप्रैल को धनौरा के एसडीएम चन्द्रकांता को मामले की जांच के आदेश दिये थे। परन्तु आज तक मामला ठंडे बस्ते में पड़ा है। मेरठ के हस्तिनापुर के गांव जलालपुर जोरा निवासी नरेन्द्र कुमार पुत्र जयपाल सिंह ने राजस्व उप निरीक्षक मुकेश गौड़ पर आरोप लगाया है कि वह दो हजार रूपये प्रति बीघा जमीन के हिसाब से भूमाफियाओं को ठेका देता है। भूमाफिया अर्जुन पुत्र सुरेश, पुरूषोत्तम पुत्र प्रीतम, जोगेन्द्र, कौशल पुत्र ज्ञान सिंह, अशोक पुत्र गंगाराम निवासी केशोपुरा, सतवीर, धन्नी, लूटन, सतेन्द्र, मुखिया पुत्र दौलत, ब्रहमपाल, नरेश पुत्र मिट्ठन, मनोज, त्रिलोक, पप्पू, धनपाल पुत्र शीशपाल, कालिया पुत्र बत्तू, भूरे पुत्र गोविंद, कौशिन्द्र पुत्र रकमे, सुखराज सिंह, मनजीत सिंह पुत्र चरन सिंह, गुड्डू पुत्र राजकिरन, टीनू पुत्र जयपाल निवासी जलालपुर जोरा आदि भूमाफियाओं ने भूमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। वह इस जमीन पर अवैध रूप से खेती कर रहे हैं जबकि राजस्व विभाग को लाखों रूपये का नुकसान पहुंचा रहे हैं। उक्त भूमाफियाओं की कई बार शिकायत अधिकारियों से की गयी। जबकि मेरठ प्रशासन भी उक्त भूमाफियाओं पर पूरी तरह मेहरबान है। गांव जलीलपुर जोरा आदि की लगभग 1444.83 हेक्टेयर सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा है। जिस पर गन्ने व अन्य फसले खड़ी हैं। शिकायतकर्ता ने उक्त फसलों को जब्त कर नीलामी के बाद पैसे को सरकारी खजाने में जमा करने की मांग की है।

# मंदबुद्धि महिला ने कई वाहनों के शीशे तोड़े



**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के इंदिरा चौक पर मंगलवार की दोपहर में एक मंदबुद्धि महिला ने जमकर हंगामा मचाया। इससे पहले लोग कुछ समझ पाते उसने यहां से गुजर रहे चार पहिया, दो पहिया वाहनों पर ईंट-पत्थर फेंकने शुरू कर दिए। जिससे करीब 12 गाड़ियों के शीशे टूट गए। महिला की इस हरकत से चौराहे पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीर इधर भागने लगे। वाहनों पर पत्थर फिंकते देख कुछ लोगों ने अपने वाहन दूर से ही मोड़ लिए। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके

■ **राहगीरों ने इधर उधर भागकर बचाई जान**

पर पहुंच गई, मगर महिला का उग्र व्यवहार देखकर पुलिस भी एकदम से उसे नहीं रोक पाई। महिला ने लगभग आधे घंटे तक इस तरह का व्यवहार जारी रखा। इसके बाद वह खुद ही वहां से चली गई। घटना के दौरान कई राहगीर बाल-बाल बच गए, हालांकि किसी के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना नहीं है।यहां से जाने के बाद वह फ्लाईओवर के पास पेड़ के नीचे जाकर बैठ गई, हालांकि वहां पर उसने कोई हंगामा नहीं किया। वहीं चर्चा है कि थोड़ी देर बाद कुछ साधु संत उसके पास बैठे थे और वे महिला को साथ लेकर चौपला दिशा की ओर ई-रिक्शा में बैठकर रवाना हो गए।

# धार्मिक भजनों के साथ राम जन्मोत्सव का समापन

### भजन संध्या पर भक्तिमय हुआ माहौल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** जब भजन गायिका दीपांशी तिवारी ने वीर हनुमान अति बलवान और मनोज शर्मा ने ये चमक ये दमक गाया तो भजन संध्या में श्रद्धालुओं की भीड़ भक्ति में सराबोर होकर झूम उठी। भजनों की प्रस्तुतियों के बीच उन्होंने हिंदुत्व का प्रचार-प्रसार पूरे दम से किया। दोनों भजन गायको ने देर रात भक्ति का तड़का लगाया। मौका था, सोमवार की शाम को श्री राम जानकी मंदिर में आयोजित भजन संध्या का।

श्री राम जानकी भक्त मंडल के तत्वाधान में आयोजित राम प्रकटोत्सव का सोमवार की रात समापन हो गया। विधिवत पूजा-अर्चना के साथ भजन संध्या का श्रीगणेश हुआ। भाजपा विधायक राजीव तरारा, अपर जिलाधिकारी मायाशंकर यादव की मौजूदगी में जब कानपुर से भजन गायिका दीपांशी तिवारी और ग्वालियर के भजन गायक मनोज शर्मा ने प्रवेश किया तो प्रभु श्री राम जय जयकार होने लगी। दीपांशी तिवारी ने हजारों की भीड़ के बीचवीर हनुमाना अति बलवाना, कीजो केसरी के लाल, राम आएंगे तो अंगना सजाऊँगी, धर्म सनातन उत्तम है डंके की चोट पर कहता हूं, भारत का बच्चा-बच्चा जय श्री राम बोलेगा, आएगा मेरा सांवरा, हारे का सहारा श्याम धनी,हम तो बाबा के भरोसे चलते हैं, चंचल मन में उठी तरंग.... और मनोज शर्मा ने मंगल भवन आ मंगलहारी, है कृष्ण गो. विंद हरे मुरारी, अयि गिरि नन्दिनी नन्दिती मेदिनि, ये चमक ये दमक फुलवन में महक, नैनन में श्याम समागयो, कान्हा की दीवानी बन जाऊंगी, शिव तांडव श्लोक ज ट ा ट व ी ग ल ज्ज ल प्रवाहपावितस्थले जैसे भजनों की शानदार प्रस्तुतियों के अलावा हिंदुत्व का परचम लहराया। इस दौरान अनिल अग्रवाल पैट्रोल पंप वाले,राहुल अग्रवाल, राखी अग्रवाल, मोनिका अग्रवाल, कुसुमलता गोयल, अक्षय अग्रवाल, सिम्मी अग्रवाल, ज्ञानेंद्र उर्फ कमल अग्रवाल, छत्रपाल, नवीन दीक्षित, नितिन धारीवाल, वीरेश चौधरी, डॉ अवनीश गिल, संजीव दीक्षित, हर्ष भटनागर, यश अग्रवाल, अनिल गुप्ता, सुनील गुप्ता, हरिओम गुप्ता, नितिन धारीवाल, राहुल यादव, सुनील प्रजापति, पारस सिंघल, हर्ष भटनागर, गौरव गोयल, विशाल कौशिक आदि मौजूद रहे।

# दहेज में नकदी व बाइक के लिए विवाहिता का उत्पीड़न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** दहेज में एक लाख की नगदी और मोटरसाइकिल की मांग पूरी न होने पर ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता को प्रताड़ित कर घर से बाहर निकाल दिया। घटना के बाद थाना पुलिस ने भी पीड़िता की सुनवाई नहीं की तो एसपी से न्याय की गुहार लगाई। विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने एसपी के आदेश पर पति समेत अन्य ससुराल पक्ष के लोगों के विरुद्ध मुक. दमा दर्ज किया है।नगर के मोहल्ला सुभाष नगर निवासी सुरभी का आरोप है कि पांच साल पहले उसकी शादी जिला बिजनौर, थाना चांदपुर के गांव भमरोला निवासी नीटू के साथ हुई थी। शादी के बाद से ही विवाहिता का पति व ससुराल वाले दहेज की मांग के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करते थे। दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को घर से निकाल दिया। 27 मार्च को विवाहिता के पति नीटू, जेठ गिरीश, सतवीर, जेठानी रूबी, कस्बे में मायके में आ गए गाली गलौज करते हुए दहेज की मांग को लेकर मारपीट शुरू कर दी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# खेतान वर्ल्ड स्कूल में 'ओरिएंटेशन डे' आयोजित




**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** नगर के खेतान वर्ल्ड स्कूल द्वारा ओरिएंटेशन डे का आयोजन करके सभी नए अभिभावकों का स्वागत किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में केसी ग्रुप के चेयरमैन अनिरुद्ध खेतान के संदेश को प्रस्तुत किया गया, जिसमें उन्होंने सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए आश्वासन दिया कि खेतान वर्ल्ड स्कूल में प्रत्येक बच्चे की प्रतिभा को पहचानकर उसे सही दिशा में विकसित किया जाएगा। यह विद्यालय सिर्फ शिक्षा का केंद्र नहीं,

■ **विद्यालय परिवार ने किया अभिभावकों का स्वागत**

बल्कि बच्चे की संभावनाओं को साकार करने का मंच है। विद्यालय के चेयरमैन सर्वेन्द्र सिंह ने कहा कि, यह कार्यक्रम न केवल आगामी शैक्षणिक वर्ष की शुरूआत है, बल्कि स्कूल और अभिभावकों के बीच विश्वास और सहयोग की एक नई नींव भी है। उन्होंने अभिभावकों को आश्वस्त किया कि इस विद्यालय में विद्यार्थियों को ऐसे अवसर प्रदान किए जाएंगे जिससे वे अपनी पूर्ण क्षमता तक पहुँच सकें। कहा कि, 'हमारा उद्देश्य है कि हर बच्चा एक आत्मनिर्भर और सशक्त नागरिक बने, जिसके लिये सतत प्रयासरस रहेंगे।' समारोह को प्रधानाचार्या रंजीता रानी ने भी संबोधित किया और विद्यालय की उपलब्धियों, व्यवस्थाओं व शैक्षणिक व्यवस्थाओं के साथ साथ शिक्षक-शिक्षिकाओं के अनुभव व ज्ञान आदि से भी रूबरू कराया। कहा कि विद्यालय परिसर पूरी तरह से सुरक्षित है और छात्र शिक्षक अनुपात का बहुत ही विशेष ध्यान रखा गया है। इस दौरान अभिभावकों ने भी अपने प्रश्न रखे, जिनको प्रधानाचार्य व स्टॉफ ने संतोषजनक उत्तर दिए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बहरामपुर मोरना विकास खण्ड जानी खुर्द, मेरठ**

पत्रांक: 01/पंचायत/पंचम वित्त/15वां वित्त आयोग/मनरेगा/एसबीएम दिनांक: 08.04.2025

**निविदा सूचना**

जिलाधिकारी महोदय मेरठ के आदेशों के अनुपालन में ग्राम पंचायत बहरामपुर मोरना में पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त आयोग/मनरेगा/एस.बी.एम. की धनराशि से 2025-26 में कराये जाने वाले समस्त निर्माण कार्यों में प्रयुक्त होने वाली निर्माण सामग्री जैसे 1. बालू, रेत, मिट्टी, ईंट, सीमेंट, कोरसेंड, सरिया, रोड़ी, डस्ट, कच्चा रोड़ी, पक्की रोड़ी, इंटरलॉकिंग टाईल्स, फ्लोर व वॉल टाईल्स, 2. स्ट्रीट लाईट (स्थापना व मरम्मत) सोलर लाईट (स्थापना व मरम्मत), 3. बेंच (सीमेंट/मेटल) स्कूल में झूला, ओपन जिम, लाईब्रेरी स्थापना, 4. टंकी फिटिंग, हैण्ड पम्प (रिबोर/मरम्मत) 5. फर्नीचर (स्कूल, आंगनवाड़ी केन्द्र व पंचायत घर), 6. विद्युत उपकरण फिटिंग व सामग्री, 7. वॉल पेटिंग, फ्लेक्स, यूनीपोल, 8. स्टेशनरी, कम्प्यूटर उपकरण, डस्टबिन, लैपटॉप, कैमरा व प्रिन्टर, व ऑपरेटर, 9. चैनल, दरवाजे, खिड़की आदि फैब्रिकेशन, 10. कोरोना बचाव सम्बन्धी सामग्री, 11. तालाब/नाला सफाई कार्य हेतु मशीनरी व उपकरण क्रय, 12. ई-रिक्शा, फोगिंग मशीन व वाटर कूलर क्रय/मरम्मत, 13. कूड़ा निस्तारण हेतु प्लास्टिक/पेंट, बोतल कटिंग मशीन, 14. एस.बी.एम. सम्बन्धी कार्य, 15. ट्रैक्टर ट्रॉली, जेसीबी, 16. पीवीसी यू पीवीसी, जी आई पाईप, एम एस पाईप, हयूप पाईप, 17. समरसिबल मरम्मत हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में कार्यालय पर करने हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों से निविदाएं दिनांक 16.04.2025 व समय पूर्वान्ह 12 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। समस्त आमन्त्रित निविदाएं दिनांक 16.04.2025 को 3 बजे पंचायत कार्यालय पर खोली जायेगी। निविदादाता का व्यापारकर/आयकर में पंजीकृत होना आवश्यक है। निविदा प्रपत्र नि:शुल्क देकर दिनांक 16.04.2025 तक पंचायत कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं। सम्बन्धित कार्य के लिए सामग्री आपूर्ति की निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

**ग्राम प्रधान**
**वि.ख. जानी खुर्द, मेरठ।**

**ग्राम पंचायत सचिव**
**वि.ख. जानी खुर्द, मेरठ।**

# होम फर्निशिंग उत्पाद में बागपत को मिल रही नई पहचान

## उत्पाद के तहत प्रदर्शनी लगाने वाले 7 उद्यमियों के पक्ष में 952702 लाख रुपये की जिलाधिकारी ने की संस्तुती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** एक जनपद एक उत्पाद विपणन प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत मंगलवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित लाभार्थियों व संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर एक जनपद एक उत्पाद पर विशेष चर्चा की और इसमें अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा एक जनपद एक उत्पाद विपणन प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रदेश में एवं प्रदेश के बाहर स्वदेश में आयोजित मेले में प्रतिभा करने बाली औद्योगिक सात इकाइयों को 952702 रुपए की जिलाधिकारी ने संस्तुति की।

इडियन इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में भी जनपद के मुख्य उत्पादकों को प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया। जनपद के एक जनपद एक उत्पाद के अंतर्गत होम फर्निशिंग आता है जिसे जी आई टैग भी प्राप्त है जिसमें बंसल टेक्सटाइल राजकुमार बंसल खेकड़ा व नौशाद अली हैंडलूम खेकड़ा द्वारा प्रतिभा किया गया जिससे बागपत को एक नई पहचान मिल रही है। बाहर स्वदेश में आयोजित मेले प्रदर्शनी में प्रतिभाग करने हेतु एक व्यक्ति के 3 ए.सी.क्लास अथवा बस का वास्तविक किराया अनुमन्य है जो सरकार द्वारा दिया जाता है जिसके क्रम में मंगलवार को जिलाधिकारी ने 952702 रुपए की जिलाधिकारी ने संस्तुति की। जिलाधिकारी ने कहा कि युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित करना और आत्मनिर्भर बनने के लिए आवश्यक संसाधनों एवं मार्गदर्शन को उपलब्ध कराना ही उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्य प्राथमिकताओं में से एक है। उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अंतर्गत युवाओं को सशक्त करने के लिए युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराए जाने के लिए बैंकों द्वारा दिए जाने वाले ऋण के संबंध में बैंकर्स को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डाक्यूमेंट्स पूरे करते हुए युवाओं को लोन स्वीकृत किए जाएं जिन बैंकों में लोन पत्रावली लंबे थे उनसे नाराजगी व्यक्ति और कार्य शैली में सुधार करने के निर्देश दिए। कहा कि तीन दिन कार्यालय में कैंप लगाए जाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, जीएमडीआईसी अर्चना तिवारी,सहायक आयुक्त श्रम विनीता सिंह, लीड बैंक मैनेजर, सहित आदि उपस्थित रहे।



## हाईटेक सिटी बिल्डरों व किसानों के बीच हुआ समझौता लागू कराने की मांग

शाह टाइम्स संवाददाता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागापत।** किसान सेना के अनुसार वर्षा 214 में किसानों व बिल्छरों के बीच क समझझौता हुआ था। समझौते के अनुसार किसानों को 8 प्रतिशत भूखंड का आंवटन पत्र तथा प्लाटों का बेनामा जल्द कराया जाए। किसाना सेना का कहना है कि बिल्डरों ने किसानों की जमीन पर जबरन कब्जा किया हुआ हैं। इसके विरोध में किसान वेब सिटी में धरने पर बैठे हुए हैं। किसान सेना ने समझौते के अनुसार भूमिहीन किसानो को आवंटन के अनुसार एलआईजी फ्लैट/प्लाट के बैनामें किए जाए एवं बाकि वंचित परिवारों को आवंटन पत्र जारी किए जाए और बैनामें दिए जाए। सभी गांवों का संम्पूर्ण विकास कराया जाए तथा पात्र किसानों एवं भूमिहीन किसानों को योगता के अनुसार रोजगार दिया जाए। गांव में स्वस्च्छता के लिए पानी की निक. ासी की व्यवस्था की जाए। किसान सेना का कहना है कि वर्ष 20914 के समझौते को सम्पूर्ण रूप से लागू किया जाए। इस संबंध में किसान सेना मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को एक ज्ञापन दिया है। ज्ञापन देने वालों में भाकयू सेना के युवा जिलाध्यक्ष सय्यद त्यागी, जावेद, खालिक, यूसुफ त्यागी, उमेश चन्द, गौरव कुमार, गौराव गुलयान, इशरार राणा व मौहसिन नम्बरदार आदि मौजूद थे।



## अम्बेडकर जयंती को लेकर सपा ने पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अम्बेडकर जयंती समारोह को लेकर मंगलवार को समाजावादी पार्टी की मांसिक बैठक में विचार विमर्श किया गया और समारोह को सफल बनाने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौपी गई। बता दे कि 8 अप्रेल से 14 अप्रेल तक सविधान निर्मता बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर समारोह का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर स्वाभीमान व सम्मान समारोह आयोजित किए जाऐगे। समारोह को सफल बनाने के लिए बैठक में वरिष्ठ पदाकिारियों को जिम्मेदारी सौपी गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश बागपत प्रभारी सचिव संजीव त्यागी ने की। बैठक में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के ब्यान की भी आलोचना की गई। बैठक में राहुल यादव, बिल्लू प्रधान, सालनी, महेबूब मलिक, काला प्रधान, चिराग चौधरी, प्रवेज मलिक, संजय डीलर, सतीश, मदन कश्यप, अनुज यादव आदि मौजूद रहे।



## ग्राम प्रधान के विरूद्ध एफआईआर न होने पर आज से हड़ताल पर रहेंगे ग्राम सचिव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** ग्राम प्रधान निबाली ग्राम पंचायत सचिव पर फर्जी भुगतान कराने के लिए दवाब बना रहे है। आरोप है कि पंचायत सचिव के फर्जी भुगतान न करने पर ग्राम प्रधान ने सचिव के साथ गाली गलौच करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया और जातिसूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए सचिव को जान से मारने की धमकी दी। इससे ग्राम विकास अधिकारियों-ग्राम पंचायत अधिकारियों में रोष व्याप्त है। इस मामले की जांच करने खंड विकास अधिकारी के के पाण्डेय निबाली गाँव पहुंचे।

ग्राम विकस अधिकारियों ने इस मामले को लेकर मंगलवार को ब्लॉक में एक बैठक का आयोजन किया। बैठक की अध्यक्षता समन्वय समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार तोमर ने की। बैठक में ग्राम प्रधान पर आरोप लगाया कि वे ग्राम विकास अधिकारी संदीप कुमार पर फर्जी भुगतान करने के लिए दवाब बना रहे है। आरोप है कि सचिव के फर्जी भुगतान के मना करने पर ग्राम प्रधान से उनके साथ अभद्रता की और जातिसूचक शब्दो का प्रयोग करते हुए उन्हे जान से मारने की धमकी दी। बैठक में बताया गया कि पंचायत सचिव ने कोतवाली बागपत में ग्राम प्रधान के विरूध तहरीर दी थी लेकिन पुलिस ने अभी तक आरोपी प्रधान के विरूध कोई कार्रवाई नहीं की है। इस मामले की जांच करने खंड विकास अधिकारी के के पाण्डेय निबाली गाँव पहुंचे।बैठक में निर्णय लिया गया है यदि मंगलवा की शाम तक प्रधान के विरूध एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई नहीं की गई तो बुधवार से सभी पंचायत सचिव कार्य का बहिष्कार कर ब्लॉक परिसर पर धरना देंगे।



## यूटा के प्रदेश अध्यक्ष बने डा.मनोज बिश्नोई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** यूनाइटेड टीचर एसोसिएशन नामांकन संख्या 02/2025 के प्रदेश अध्यक्ष उत्तर प्रदेश बने डा.मनोज बिश्नोई ने कहा कि प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार पर पैनी नजर रखेगा ओर यूटा उस पर अंकुश लगाने का हर संभव प्रयत्न करेगा। उत्तर प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जीरो टॉलरेंस नीति को आगे बढ़ाने का संकल्प लेकर डा.मनोज बिश्नोई ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में जहां-जहां भी भ्रष्टाचार व्याप्त है। उसकी कमर तोड़ने को यूटा के सिपाही तैयार है अब से पहले सैकड़ो लोगों को रंगे हाथ रिश्वत लेते भ्रष्टाचारियों को जेल पहुंचाने का काम किया अब भी भ्रष्टाचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि आने वाले कुछ ही दिनों में प्रदेश के 75 जिलों में यूटा की कार्यकारिणी बनाई जाएगी जो अपने-अपने जिलों में भ्रष्टाचार पर पैनी नजर रखेगी।

पहले भ्रष्टाचारियों को चेतावनी दी जाएगी और फिर भी वाज नहीं आते तो उन्हें सीधे जेल की सलाखों के पीछे पहुंचाया जाएगा। यूटा के राष्ट्रीय संयोजक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष विक्रांत पटेरिया ने डा.मनोज बिश्नोई को उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष मनोनीत किया। साथ ही प्रदेश की कार्यकारिणी एवं समस्त जिलों की कार्यकारी के गठन किया जाएगा एवं यूटा के विस्तार की जिम्मेदारी भी डा. बिश्नोई को सौंपी देर रात लेटर जब आया तो भिन्न-भिन्न व्हाट्सएप ग्रुपों में फेसबुक पर वायरल हुआ प्रदेश के शिक्षकों ने डा.मनोज बिश्नोई के अध्यक्ष बनाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की और साथ ही भिन्न माध्यमों से बधाई दी जिनमें मुख्य रूप से वकील चंद जैन परवीन शास्त्री नीरज वत्स उज्ज्वल नागेंद्र सैनी डा.महेश कुमार मुछाल संदीप कुमार शर्मा हरेंद्र तोमर राजीव तोमर परमिंदर नितिन कुमार अमित निर्वाल जय गिरी गोस्वामी अमित खे़वाल आदि भिन्न भिन्न संगठनों ने भी बधाई दी।



## विश्व स्वास्थ्य दिवस पर समारोह का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के दिल्ली रोड स्थित अमर वेंकट हॉल में आई एमए बडौत द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस पर एक समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बागपत लोकसभा क्षेत्रके सांसद डा.राज. कुमार सांगवान का डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वागत किया गया।

इस मौके पर मुख्य अतिथि डा. राजकुमार सांगवान ने कहा कि सभी डॉक्टर अपने-अपने हॉस्पिटलों में आने वाले मरीजों का सम्मान सहित उपचार करने का काम करें। डा.एक ऐसा रूप है जो दूसरों की जान को बचाने में जिम्मेदारी के साथ कार्यरत है। डॉक्टर को दूसरा भगवान का रूप भी माना जाता हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि बडौत नगर पालिका परिषद चेयरमैन बबीता तोमर के प्रतिनिधी राष्ट्र लोक दल के वरिष्ठ नेता अश्वनी तोमर वरुण तोमर एवं मुख्य रूप से जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी बागपत डा.तीरथ लाल का भी फूलमालाओं के साथ स्वागत किया गया। इस मौके पर आस्था हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉक्टर अनिल जैन ने कहा कि हम सब लोगों को मिलकर अस्पताल में आने वाली महिलाओं के बारे में भी अपना ध्यान अधिक आकर्षित करना होगा गर्भवती महिलाओं के लिए हमें विशेष ध्यान रखना होगा।

महिलाओं का सम्मान करनाहम सब का कर्तव्य बनता है। कार्यक्रम में बाल रोग विशेषज्ञ डा.अभिनव तोमर ने कहा कि बच्चा एक खिलौने की तरह है। हमें अपनी पूरी ताकत के साथ उसकी संपूर्ण इलाज करते हुए हमें उसके उज्जवल भविष्य की कामना भी करनी है। तसल्लीपूर्वक बच्चों का इलाज करके उसको आने वाला देश का भविष्य बनाना है। इस अवसर पर डा.दीपा सिंह डा.निक. ेता जैन यशवीर सिंह बागपत डा. संजय जैन डा.सुखमल तोमर डा. आनंद तोमर डा.अरविंद जैन डा. प्रदीप जैन डा.राकेश जैन डा. शुभम जैन डा.संगीता जैन डा. चंद्रपाल आदि डा.ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल ग्रॉवेल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में अपनी अपनी कला का अच्छा प्रदर्शन करते हुए एक से बढ़कर एक कार्यक्रम प्रस्तुत किया छात्र-छात्राओं के कार्यक्रम को सभी लोगों ने एक सराहनीय कदम बताया कार्यक्रम में क्षेत्र के सम्मानित लोगों ने भी भाग लिया।

**सूचना**

मेरा एक बैनामा जिसकी वही संख्या एक जिल्द संख्या 8502 के पृष्ट संख्या 85 से 104 तक क्रमांक 8666 पर दिनांक-26.10. 2023 को रजिस्ट्रीकृत किया गया था। घर से बाजार जाते समय वह वास्तव में कहीं खो गया है।
रोहित पुत्र सुरेश निवासी नई बस्ती कश्यप कालोनी निकट हनुमान धर्मकाटा मेरठ रोड़ बागपत थाना व जनपद बागपत।

## अम्बेडकर जयंती पर शोभा यात्रा निकालने की अनुमति न मिलने पर अम्बेडकर सेवा समिति में रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अम्बेडकर जयंती पर शोभा यात्रा निकाले की प्रशासन ने स्विकृति नही दी है। इससे अम्बेडकर सेवा समिति में रोष व्याप्त है। समिति का कहना है कि अम्बेडकर जयंती पर प्रतिवर्ष शोभा यात्रा निकाली जाती है। केवल कोविड के दौरान बाबा साहब की मुर्ति पर केवल पुष्पांजलि अर्पित की गई थी। और कार्यक्रम के केवल बैठक व वक्ताओं के भाषणों तक ही सिमित रहा था। समिति ने कहा है कि कस्बे में गुरूरविदास जयंती भी शांतिपूर्ण बनाई जाती है। आज तक किसी प्रकार से शांति भंग व्यवस्था नहीं हुई है। प्रशासन का कहना है कि प्रदेश में किसी भी प्रकार की नई व्यवस्था पर रोक है। समिति ने डीएम को ज्ञापन देते हुए कहा कि जनभावनाओं को देखते हुए 14 अप्रेल को डा.भीमराव के जयंती पर शोभा यात्रा निकाले की अनुमति दी जाए। ताकि कोविड के पूर्व की भांति कार्यकाम को सुचारू किया जा सके। समिति ने कहा है कि प्रशासन से जो भी दिर्नेश मिलेंगे उनका पालन किया जाएगा।



## पोषण पखवाड़ा 2025 का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ

**बागतप।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी पोषण पखवाड़ा के सफल आयोजन हेतु एक बैठक का आयोजन किया। यह पखवाड़ा 8 अप्रैल 2025 से 22 अप्रैल 2025 तक जिले भर में मनाया जाएगा। जिला कार्यकम अधिकारी द्वारा बैठक का संचालन करते हुये अवगत कराया गया कि बच्चों, किशोरियो एवं गर्भवती महिलाओं में पोषण के स्तर में सुधार के उददेश्य हेतु (पोषण पखवाडा) से सम्बन्धित विभागों के कन्वर्जेन्स से प्रत्येक वर्ष मनाया जाता है। पोषण हेतु जन-आन्दोलन की गति को बनाये रखने हेतु 08.04.2025 से 22.04. 2025 तक पोषण पखवाडा आयोजित किया जाना है। पोषण पखवाडा के निम्न 04 मुख्य लक्ष्य निर्धारित किये गये है। 1.जीवन के प्रथम 1000 दिवस: गर्भावस्था से लेकर शिशु के जन्म के प्रथम 02 वर्ष में विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित किया जाना है। 2. लाभार्थी मॉडयूल का लोकप्रियकरण। 3.कुपोषण प्रबंधन के लिए सी.एम.ए. एम मॉडयूल का कियान्वयन। 4.बच्चों में मोटापे की रोकथाम के लिए स्वस्थ्य जीवनशैली। जिलाधिकारी द्वारा पोषण को एक जन आंदोलन के रूप में विक. सित किये जाने पर बल दिया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिकारीगणो से अपेक्षा की गई कि ये श्पोषण पखवाडा मे निहित सन्देश प्रत्येक गाँव, गली, मोहल्लें तक पहुँचायें। इसके उपरान्त जिलाधिकारी महोदया द्वारा जीवन के प्रथम 1000 दिवस: गर्भावस्था से लेकर शिशु के जन्म के प्रथम 02 वर्ष में विशेष रूप से ध्यान केन्द्रित किया जाना, लाभार्थी मॉडयूल का लोकप्रियकरण, कुपोषण प्रबंधन के लिए सी.एम.ए.एम मॉडयूल का कियान्वयन एवं बच्चों में मोटापे की रोकथाम के लिए स्वस्थ्य जीवनशैली जैसी 04 मुख्य थीमों पर पूरे मनोयोग से कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।

## कार्यालय सचिव ग्राम पंचायत रोशनगढ़ वि.खं. पिलाना ( बागपत )

**पत्रांक:मीमो /पं.रा.वित्त/१५वॉ वित्त/एसबीएम/अन्य मद / २०२५-२६** **दिनांक**-08.04.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत द्वारा स्वीकृत कार्ययोजना के अर्न्तगत राज्य वित्त / केंद्रीय वित्त आयोग/एसबीएम तथा अन्य मद की धनराशि से निम्नलिखित कार्यो को कराने हेतु इच्छुक पंजीकृत ठेकेदारों से सीलबंद निविदायें दिनांक-15.04.2025 समय 01.00 बजें अपराह्न तक ग्राम पंचायत कार्यालय में रखे टेण्डर बॉक्स में निम्नलिखित शर्तो सहित आमंत्रित की जाती है। निविदायें दिनांक-15.04.2025 को समय 2.00 बजें अपराह्न ठेकेदारों के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा प्रपत्र ग्राम पंचायत के कार्यालय से निविदा मूल्य देकर प्राप्त की जा सकती है।धरोहर राशि 10 प्रतिशत में से 02 प्रतिशत धनराशि निविदा के साथ शेष धनराशि 08 प्रतिशत का कार्य आदेश पर एन.एस.सी./एफ.डी. के रूप में प्राप्त की जायेगी जो सचिव, ग्राम पंचायत के नाम बंधक होगी। अपेक्षित जानक. ारी किसी भी कार्य दिवस में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। कार्यो का विवरण निम्न प्रकार है-

| क्र. स. | योजना का नाम | स्वीकृत कार्य का विवरण | स्वीकृत लागत | निविदा मूल्य | धरोहर राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | बुद्ध प्रकाश से राजेन्द्र तक सी.सी.रोड़ कार्य। | 427000 | 400 | 2% |
| 2 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | सत्तार से निजामूदीन तक नाली निर्माण कार्य। | 210000 | 200 | 2% |
| 3 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | सत्तार से निजामूदीन तक सी.सी.रोड़ कार्य। | 499000 | 500 | 2% |
| 4 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | साजिद से काले तक सी.सी.रोड़ निर्माण कार्य। | 198000 | 200 | 2% |
| 5 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | क्यूम से बासी बनिया तक सी.सी.रोड कार्य। | 72000 | 100 | 2% |
| 6 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | राहिल से इजाज अली तक सी.सी.रोड कार्य। | 483000 | 500 | 2% |
| 7 | पं.रा.वि./ 15 वां वि. | लियाकत से जमशद तक सी.सी.रोड़ कार्य। | 110000 | 100 | 2% |

**नोट- अनुबन्ध आदि की कार्यवाही कार्यो की तकनीकी, वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति के प्राप्त होने के उपरान्त ही सम्पादित की जायेगी। प्राक्कलन की धनराशि घटाई/बढ़ाई जा सकती है। किसी कारणवश उक्त स्वीकृति प्राप्त न होने की दशा में यह निविदा स्वत: निरस्त समझी जायेगी।**

1. बिना कोई कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
2. कोई भी सशर्त निविंदा स्वीकार नही की जायेगी। समस्त कार्य निर्धारित अवधि **तीन माह** में पूर्ण करने होगें।
3. निविदायें दरें स्पष्ट भरी जायें, कटिंग/ओवर राईटिंग मान्य नही होंगी।
4. प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निविदा देनी अनिवार्य है।
5. प्राप्त निविदाओं की समीक्षा उपरान्त सबसे कम दरों वाली निविदा को ही स्वीकृती प्रदान की जायेगी।
6. प्रत्येक निविदा के साथ ठेकेदार को 100रू. के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित करना अनिवार्य है।
7. भुगतान के पूर्व कार्य के बिल से सभी देय कर एंव जामनत राशि की कटौती नियमानुसार की जायेगी।

**प्रधान**
**ग्राम पंचायत रोशनगढ़**
**विकास खण्ड-पिलाना ( बागपत )**

**सचिव**
**ग्राम पंचायत रोशनगढ़**
**विकास खण्ड-पिलाना ( बागपत )**

## एक नजर

### नगर व ग्राम पंचायतों में चलाया जाए संचारी रोग नियंत्रण अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** उत्तर प्रदेश सरकार नागरिकों को मच्छर जनित बीमारियों से सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से विभिन्न स्तर पर कार्यवाही सुनिश्चित कर रही हैं। इस क्रम में जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्वास्थ्य विभाग व अन्यविभाग के अधिकारियों के साथ संचारी रोग नियंत्रण दस्तक अभियान के द्वितीय चरण के संबंध में बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि 1अप्रैल से 30 अप्रैल तक जनपद में विशेष संच. ारी रोग नियंत्रण अभियान संचालित चलाया जा रहा है तथा संचारी के अंतर्गत 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलाया जाएगा जिसमें आशा घर घर जाकर दस्तक देंगी और संचारी के प्रति जागरूक करेंगी। इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल बनाने एवं गांव गांव शहर शहर के मौहल्लों में विशेष स्वच्छता अभियान संचालित करते हुए मच्छर जनित बीमारियों से नागरिकों को सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागीय अधिकारियों के साथ गहन मंथन करते हुए इस कार्यक्रम को सफल बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विकासखंड छपरौली में संचारी में अच्छा कार्य न मिलने पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी का स्पष्टीकरण किया। उन्होंने कहा कि जो आधिकारिक कार्य अच्छा नहीं करेंगे उन पर कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी जिला विकास अधिकारी खंड विकास अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह अपने-अपने क्षेत्र में जाकर साफ-सफाई की स्थिति को अभियान के समय अवश्य देखें उन्होंने कहा कि गांव में शहरी क्षेत्र में होगी सफाई अभियान नियमित रूप से होना चाहिए एंटी लारवा छिड़काव कराया जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.दीपा सिंह, डिप्टी सीएमओ डा.यशवीर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक बागपत डा. विभाष राजपूत सहित समस्त अधिशासी अधिकारी, खंड विकास अधिकारी बड़ौत, बागपत, पिलाना, छपरोली, बिनौली सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी आदि मौजूद रहे

### प्रेमी से मिलने पहुंची महिला, लोगों ने समझाकर वापस भेजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** मोबाइल फोन पर पिछले चार साल से आठ बच्चों के पिता से बात करने वाली महिला उससे मिलने मेरठ से रटौल पहुंच गयी। जहां परिजनों ने उसे वापस भेज दिया। रात होने के कारण कस्बें के लोगो ने उसे वापस भेज दिया।

मोबाइल फोन पर प्रेम प्रसंग के किस्से आये दिन सोशल मीडिया पर देखने को मिलते है लेकिन एक आठ बच्चों के पिता मोबाइल फोन पर एक मेरठ की महिला से चार साल से बात कर रहा था जब मोबाइल पर नजदीकी बढी तो महिला व्यक्ति को ढूढते हुए रटौल क्षैंत्र में पहुंच गयी और व्यक्ति के घर तक जा पहुंची लेकिन जब उसने पता चला की बात करने वाला व्यक्ति आठ बच्चों का पिता है तो वह रात में रटौल पुलिस चौकी पहुंची जहां उसने अपनी बात बतायी बात सुनने के बाद रटौल चौकी इंचार्ज संजय सिंह ने महिला को समझाया और मेरठ की घटना होने को लेकर वहां के थानें मे मुकदमा दर्ज कराने को कहा और महिला को समझा वापस भेज दिया जब यह बात कस्बें के लोगो को पता चली तो दिन भर इसे लेकर चर्चा होती रही।

### खे़ला, लहचौड़ा में कृषक व कृषक महिलाओं हेतु प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा और खैला गांव में किसानों के लिए फसलों की जानक. ारी देने के लिए एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया जिसमें समय से२सल बोनें फसल की देखभाल की जानकारी दी गयी।

खैला और लहचौड़ा गांव में किसानों के एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जानकारी देते हुए बताया गया की। सहजन का पोषक व औषधीय महत्व इस कार्यक्रम के दौरान ग्राम खैला में पादप सुरक्षा वैज्ञानिक डा.शिवम सिंह ने गन्ने में लगने वाले विभिन्न कीटों जैसे टॉप बोरर, शूट बोरर, पायरिल्ला, जड़ छेदक इत्यादि तथा विभिन्न रोगों जैसे लाल सड़न, पोक्का बोइंग, कंडवा इत्यादि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया तथा प्रबंधन के उपाय भी बताए। साथ ही नवीनतम किस्मों जैसे को.-0118, को.-15023, को.शा.- 13235, को.लख.-14201 इत्यादि की बुवाई करने की सलाह भी दी। इसके साथ साथ छेदक कीटों के प्रबंधन में ट्राईको कार्ड की उपयोगिता और लाभ के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया और किसानों को जैविक विधि द्वारा कीट व रोग प्रबंधन करने हेतु अनुरोध भी किया। उन्होंने बताया कि इस उपकरण से मृदा में उपस्थित नमी की जांच करके आवश्यकतानुसार सिंचाई की जा सकती है तथा इसका प्रयोग करके गन्ने में 4 से 5 सिंचाई कम की जा सकती है। इसके अतिरिक्त धान में गीला सुखा तकनीक का इस्तेमाल करके सिंचाई के पानी की खपत में कम किया जा सकता है। इस दौरान, बबली, सरोज, महेंद्र सिंह, ओमपाल सिंह, राधेश्याम, कृष्णपाल शर्मा, प्रवीन इत्यादि समेत 60 से अधिक कृषक व कृषक महिलाएं मौजूद रहे।

### चीनी मिल के उपाध्यक्ष व सचिन ने गेट पर टोल काटो का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** चीनी मिल प्रबंधन समिति के सदस्य रामनिवास ने बताया कि मंगलवार को चीनी मिल के उपाध्यक्ष कृष्णपाल व सचिव अनिल कुमार ने मिल्स गेट पर टोल काटो का निरीक्षण किया एवं बाहय गन्ना क्रय केन्द्र से आये गन्ने के वजन की जांच की गई। इस दौरान दोनों काटे सही मिले। चीनी मिल के उपाध्यक्ष ने बताया कि मिल को साप गन्ने की आपूर्पि दी जा रही है। निरीक्षण के दौरान किसान भवन में पंखे एवं सुद्ध पानी के लिए आरो सुचारो रूप से चलते मिले। उन्होने कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए किसानो के लिए छाय की व्यवस्था कराई जाएगी।

# दवा लेने गई महिला की ट्रेन की चपेट में आने से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** फरीदपुर थाना क्षेत्र में घर से दवा लेने के लिए निकली महिला की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। घटना की जानकारी होते ही महिला के घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक फरीदपुर क्षेत्र के गांव लोंगपुर निवासी मोहिनी देवी (45) पत्नी भूकम पाल ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा। परि. जनों ने बताया कि मोहिनी देवी मंगलवार सुबह दवा लेने के लिए गांव लोंगपुर घर से फरीदपुर जा रही थी,



रास्ता में फरीदपुर रेलवे लाइन पार कर रही थी, इस दौरान ट्रेन की चपेट में आने से मोहिनी देवी की घटना स्थल पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिवार वालों को सूचना दी।

परिवार वाले घटना स्थल पहुंचे, इसके बाद पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेजा। मोहनी देवी अपने पीछे दो बेटे और दो बेटियां छोड़कर गई गई। वहीं मोहनी के परिवार में सभी का रो रो कर बुरा हाल है। जानकार बताते हैं कि लापरवाही के वजह से रेलवे ट्रेक पर हादसे होते हैं।

आमतौर पर लोग उन रास्ते से गुजरने के दौरान रेलवे के विकल्पों का प्रयोग नहीं करते हैं। और जल्दबाजी दिखाते हुए रेलवे ट्रेक को पार करने की कोशिश करते हैं और हादसे का शिकार हो जाते हैं।

# ई-रिक्शा पर मालिक व चालक का नाम एवं मोबाइल नंबर पेंट कराना जरूरी: डीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में चिन्हित ब्लैक स्पॉटों पर स्ट्रक्चरल फॉल्ट दूर कराने, मानक. ानुसार संकेतक, रिफ्लेक्टर लगाए जाने, ब्लैक स्पॉट पर सीसीटीवी कैमरे लगाने, स्कूली वाहनों की फिटनेस चेक किए जाने तथा मार्गों पर दुर्घटना को कम किए जाने आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये गए। बैठक में निर्देश दिए गए कि समस्त ब्लैक स्पॉट पर नाइट विजन, हाई रेजुलेशन कैमरे लगवाए जाएं, और उनका इंटीग्रेशन आईसीसीसी से किया जाए, साइनेज व लाइट आदि की भी व्यवस्था की जाए, जिससे दुर्घटनाओं में कमी आए। ग्रामीण क्षेत्रों में ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत सीसीटीवी कैमरा लगवाए जाएं। बैठक में पुलिस अधीक्षक यातायात को निर्देश दिए गए कि ई-रिक्शा चालकों को आदेशित किया जाए कि वे अपने ई-रिक्शा पर मालिक व चालक का नाम, मोबाइल नंबर अनिवार्य रुप से पेंट करवाएं, जिससे ई-रिक्शा के सत्यापन कार्य में आसानी हो सकें। बैठक में निर्देश दिए गए कि जो भी कामर्शियल वाहन स्कूली बच्चों को लेने या छोड़ने का कार्य करते हैं वे अनिवार्य रुप से स्कूली वाहन के लिए निर्धारित सुरक्षा मानकों को पालन करें। अन्यथा उन पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# कार अनियंत्रित होकर सड़क के नीचे गिरी, चार घायल, एक गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** बरेली-पीलीभीत हाइवे पर गरगईया गांव के निकट मंगलवार की सुबह लगभग 6 बजे पीलीभीत की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पुलिया से नीचे गिर गई। इस हादसे में कार सवार सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी जनपद लखीमपुर के हैं जो बरेली दवा लेने जा रहे थे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को कार से बाहर निकाला और एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया।

जनपद लखीमपुर के रानी नगर निवासी प्रताप सिंह 28 वर्ष, राम नगर के रहने वाले सवरन सिंह 55 वर्षीय, मुराद नगर के रहने वाले राजविन्द्र सिंह 27 वर्षीय और मुराद नगर के समीउल्लाह 45 वर्ष के साथ कार से बरेली दवा लेने जा रहे थे। पीलीभीत-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर गरगईया गांव के पास उनकी कार अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे बनी पुलिया से नीचे पानी भरे एक खड्डे में जा गिरी। कार गिरते ही हा हा कार मच गया। ग्रामीणों ने इस दुर्घटना की सूचना तत्काल ही पुलिस को दी, जिसपर पहुंची पुलिस ने घायलों को ग्रामीणों की सहायता से कार



से बाहर निकाला, और एंबुलेंस से नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। हालत गंभीर होने पर सभी को जिला अस्पताल बरेली रेफर कर दिया गया। चिकित्सकों ने बताया कि चारों घायलों की हालत ज्यादा गंभीर है, समीउल्लाह के पैर की हड्डी कई जगह से टूटी है, उनकी हालत भी नाजुक बनी हुई है।

पुलिस ने बताया कि हादसे में चारों बुरी तरह घायल हो गए, सभी को जिला अस्पताल भेजा गया है, परिवार वालों को इसकी सूचना दे दी गई है।

# राजकीय इण्टर कालेज में शैक्षिक सत्र चालू होने की संभावना क्षीण

## जिलाधिकारी के आदेश के बाद भी नहीं हो सकी शिक्षकों की तैनाती

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** कस्बे में नवनिर्मित राजकीय इण्टर कालेज का निर्माण पूरा हुए एक साल बीत चुका है। गत वर्ष भी स्टाफ की तैनाती केवल काग. जों तक ही सीमित रही और सत्र समाप्त हो गया। इस बार भी नजारा कुछ ऐसा ही लग रहा है। जिलाधिकारी के आदेश के दो माह बाद भी अभी तक किसी स्टाफ की तैनाती न होना बड़े सवाल पैदा कर रहा है।

बताते चलें कि शीशगढ़ के चेयरमैन हाजी गुड्डू ने अपने प्रयासों से सपा शासन कल वर्ष 2013-14 में शीशगढ़ कस्बे के लिए राजकीय इण्टर कॉलेज का निर्माण शुरू कराया गया था। निर्माण संस्था द्वारा निर्माण पूरा करके गत वर्ष राजकीय इण्टर कालेज के भवन को शिक्षा विभाग के सुपुर्द कर दिया था। शीशगढ़ की चेयरमैन नीलोफर ने 10 फरवरी 2025 को जिलाधिकारी बरेली को पत्र लिखकर राजकीय इण्टर कालेज में शिक्षकों की तैनाती कराकर इंटर कॉलेज में शैक्षिक सत्र को शुरू कराए जाने की मांग की थी। जिलाधिकारी बरेली ने इसी गंभीरता से लेकर जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया था कि शीशगढ़ के राजकीय इण्टर कालेज में शिक्षकों की तैनाती करके अप्रैल से शैक्षिक सत्र शुरू किया जाए, लेकिन जिलाधिकारी का आदेश भी बेअसर साबित हुआ। अभी तक इंटर कालेज में किसी भी अध्यापक की तैनाती न किए जाने से इस बार भी शिक्षण कार्य शुरू होना मुश्किल दिख रहा है।

> हमने जनता के हितों को ध्यान में रखते हुए एक बार फिर जिलाधिकारी बरेली को पत्र लिखकर राजकीय इण्टर कालेज में इसी चालू शैक्षिक सत्र में कक्षाएं शुरू कराने की मांग की है, ताकि क्षेत्र के गरीब बच्चों को बेहतर और सस्ती शिक्षा उपलब्ध हो सके।
>
> **नीलोफर, चेयरमैन नगर पंचायत शीशगढ़**
>
> हमने शिक्षकों की तैनाती के लिए शासन को लिखकर भेजा है। जिले में ऐसे चार इंटर कॉलेज हैं, जिनमें शिक्षकों की तैनाती न होने से सत्र चालू नहीं हो पा रहा है। जिले में पहले से ही शिक्षकों की कमी है। शासन से नियुक्ति होने के बाद ही शिक्षण कार्य शुरू कराया जा सकेगा।
>
> **अजीत कुमार- जिला विद्यालय निरीक्षक बरेली**

# बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए योग जरूरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के मॉडल प्राइमरी स्कूल अगरास फर्स्ट में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया, जिसके मुख्य अतिथि नरेंद्रनाथ खुराना कोषाध्यक्ष विश्व जागृति मिशन बरेली मंडल ने बच्चों को अपने आशीर्वचन देते हुए कहा की आज कल के स्ट्रेस भरे जीवन में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ अपने सर्वांगीण विकास हेतु योग और शारी. रिक शिक्षा का ज्ञान देना आवश्यक हो गया है।

वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के चरणों में पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ की गई। कक्षा 4 की रिफा,सानिया ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया कक्षा 5 की आरती ,कोमल, संध्या ने मोबाइल की लत के दुष्परिणाम को दर्शाते हुए एक लघु नाटिका का मंचन किया। रुचि और भावना के राधा कृष्ण स्वरूप को सभी ने सराहा। अंत में स्वच्छता अभियान से संबंधित प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में प्रत्येक कक्षा में प्रथम



द्वितीय तृतीय आए छात्रों को स्मृति चिन्ह देखा सम्मानित किया गया एवं कक्षा पांच की विदाई समारोह भी आयोजित की गई। कार्यक्रम में रोटरी क्लब सनराइज बरेली के पूर्व अध्यक्ष नीरज खुराना की पुत्री स्नेहा खुराना का जन्मदिन भी शहर से दूर ग्रामीण विद्यालय में मनाया गया। उनके द्वारा विद्यालय के समस्त छात्रों को स्टेशनरी किट प्रदान की गई विद्यालय के छात्रों ने भी अपने हाथ द्वारा बनाए कार्ड स्नेहा को गिफ्ट किए गए।

कार्यक्रम में रोटरी डिस्ट्रिक्ट के असिस्टेंट गवर्नर संदीप जैन एवं संकुल शिक्षक विकास जैन और अखिलेश ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

विद्यालय की सहायक अध्यापक रजनी गंगवार एवं सविता आर्य द्वारा बच्चों को तैयार करने से लेकर विद्यालय की साज सज्जा का कार्य बहुत ही सुंदर रूप से किया गया। प्रधानाध्यापक हिमांशु छाबड़ा द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी गणमान्य अतिथियों का धन्यवाद दिया गया। कार्यक्रम का संचालन सहायक अध्यापक सीमा रानी द्वारा किया गया।

# नवाबगंज में देह व्यापार के साथ धड़ल्ले से बेचा जा रहा है चरस

■ **वीडियो बनाए जाने को लेकर बस्ती के लोगों से मारपीट**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** प्रशासन की लाख को. शिशों के बाद भी नवाबगंज कस्बे से सट्टा और नशे के कारोबार पर रोक नहीं लग पा रही है। नशे की लत से युवाओं पर इसका काफी बुरा असर पड़ रहा है।

मंगलवार को कस्बे की विजौरिया रोड पर जीजस एण्ड मेरी इण्टर कॉलेज के पास खुले आम देह व्यापार के साथ ही चरस और गांजा बेचा जा रहा है। मंगलवार को बस्ती के कुछ लोगों ने देह व्यापार में शामिल लोगों की जैसे ही वीडियो बनानी शुरू की तो इस कारोबार में



लगे दबंगों ने उनके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी।

आरोप है कि इसका विरोध कर रहे बस्ती के दो लोगों पर दबंगों ने कार चढ़ा दी, जिससे उनके पैर में फैक्चर हो गया। घटना की सूचना उन्होंने डायल 112 को दी, जिस पर पहुंची पुलिस को देखकर सभी दबंग धमकी देते हुए फरार हो गए। बस्ती के इन लोगों ने पुलिस को तहरीर देकर इनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किए जाने की मांग की है।

# भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

■ **प्रथम बार बहेड़ी आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष का हुआ जोरदार स्वागत**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर में भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रथम बार बहेड़ी आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा का फूल मालाएं पहनाकर व पुष्प बरसाकर जोरदार स्वागत किया गया। इसके बाद मंडनपुर स्थित किंग रिसोर्ट में एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें बरेली सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए पार्टी की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया।

मंगलवार को भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन के मौके पर एक रैली निकाली गई, जिसमें बरेली जिला अध्यक्ष सोमपाल शर्मा, बरेली सांसद छत्रपाल सिंह गंगवार, मुख्य वक्ता पूर्व जिला अध्यक्ष पूरनलाल लोधी, जिला अध्यक्ष पीलीभीत संजीव प्रताप सिंह, भाजपा बदायूं जिला प्रवक्ता शैलेंद्र मोहन शर्मा गाड़ियों पर सवार थे। वहीं पहली बार बहेड़ी आगमन पर भाजपा जिला अध्यक्ष का कार्येकर्ताओं ने फूल मालायें पहनाकर व पुष्प बरसाकर जोरदार स्वागत किया। इसके बाद रैली मंडनपुर स्थित किंग्स रिसोर्ट पर पहुंची, जहाँ एक सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर दमखोदा ब्लॉक प्रमुख दुष्यन्त गंगवार, शेरगढ़ ब्लॉक प्रमुख भूपेंद्र कुर्मी, बहेड़ी ब्लॉक प्रमुख अमरिंदर सिंह गोल्डी, चौधरी आराम सिंह, अजय जायसवाल, फरीदपुर नगर पंचायत प्रतिनिधि देवदत्त राजपूत, गन्ना समिति के अध्यक्ष राजेंद्र गंगवार, जिला सहकारी बैंक के निदेशक नरेंद्र



गंगवार, चौधरी नरेंद्र सिंह, नगर अध्यक्ष सुनील रस्तोगी, पचपाड़ मंडल अध्यक्ष योगेंद्र मौर्य, दामोदर मंडल अध्यक्ष बृजेश गंगवार, सरदार वल्लभ भाई पटेल मंडल सत्यपाल शर्मा, गुड़वारा मंडल अध्यक्ष हरीश कश्यप, महामंत्री अरुण गंगवार, सचिन अग्रवाल, मनोज गंगवार एडवोकेट, शक्ति गुप्ता, गौरव मित्तल, जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा स्वाति कुमार, कुंवरसेन मौर्य, सम्राट सिंह, जिला मंत्री सुनील गंगवार, अतुल अग्रवाल, सभासद लाल सिंह, चौधरी दलपत सिंह, सरदार सतनाम सिंह, रवि अरोड़ा, आनंद गौतम, महेश शर्मा, ओमवीर सिंह सहित विधानसभा के सक्रिय कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सगाई का सामान वापसी को लेकर भिड़े

■ **मामले में कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** मीरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम चुरई निवासी इस्लाम मोहम्मद की शिकायत पर न्यायालय जेएम प्रथम बरेली के आदेश पर सईद अहमद समेत सात लोगों के खिलाफ मीरगंज थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़ित इस्लाम मोहम्मद के मुताबिक, उन्होंने अपने पुत्र इरफान का रिश्ता ग्राम सिंगरा, थाना मिलक, जिला रामपुर निवासी सईद अहमद की बेटी खुशनुमा से तय किया था।

पांच जनवरी 2025 को सगाई की रस्म सिंगरा गांव में संपन्न हुई, जिसमें सोने-चांदी के जेवर, कपड़े और नकद रुपये उपहार स्वरूप दिए गए थे। बताया गया कि उसी रात खुशनुमा ने इरफान को फोन कर उपहारों को घटिया बताते हुए शादी से इनकार कर दिया। जब इस्लाम मोहम्मद ने सईद अहमद से बात की तो उन्होंने भी शादी करने से इंकार कर दिया। 6 जनवरी की सुबह सईद अहमद अपने बेटों और रिश्तेदारों के साथ इस्लाम मोहम्मद के घर मीरगंज पहुंचे। दोनों पक्षों के बीच उपहार वापसी को लेकर विवाद हुआ। आरोप है कि इसी दौरान इरफान और उसकी मां परवीन के साथ मारपीट की गई, और उनके गहने भी छीन लिए गए।

जाते-जाते जान से मारने और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी गई।इस्लाम मोहम्मद का कहना है कि उन्होंने मीरगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने की कोशिश की, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। इसके बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को भी सूचना दी गई, पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अंतत: कोर्ट की शरण ली गई, जहां से मुकदमा दर्ज कर जांच के आदेश जारी हुए हैं। पीड़ित अब न्याय मिलने की उम्मीद कर रहा है।

# सुब्हानी मियां की सरपरस्ती में दरगाह पर मनाया गया यौमे रजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** दरगाह आला हजरत पर फाजिले बरेलवी इमाम अहमद रजा खां आला हजरत का 174 वां यौमे रजा (यौमे पैदाइश) दरगाह सरपरस्त हजरत मौलाना सुब्हान रजा खान (सुब्हानी मियां) की सरपरस्ती व सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन रजा कादरी (अहसन मियां) की सदारत में मनाया गया। जिसमें बरेली समेत दूर दराज से आए उलेमा, शोहरा समेत अकीदतमंदों ने शिरकष्त की।

देर रात सज्जादानशीन मुफ्ती अहसन मियां ने दरगाह पर गुलपोशी व फातिहाख्वानी की। इसके बाद सभी को दरगाह में रखे तब्बरूकात की जियरत कराई। इससे पहले महफिल का आगाज तिलावत-ए-कुरान से किया गया। नातख्वा आसिम नूरी, मौलाना शफीक रामपुरी, मौलाना अतीक रजा बहेड़वी ने नात और मनकबत का नजराना पेश किया। मुफ्ती अहसन मियां ने आला हजरत को खिराज पेश करते हुए कहा कि आपकी पैदाइश 1856 ईस्वी 10 शव्वाल 1272 हिजरी को बरेली में हुई। आला हजरत को इल्म का खजाना यूं ही नहीं कहा जाता बल्कि भारत समेत अरब के उस वक्त के बड़े बड़े उलेमा ने आपको इस्लामी दुनिया में ज्ञान का सागर (इल्म का समुंदर) और सुन्नियत का स्तंभ माना है। दुनिया भर के मुसलमान आज भी आपके इल्म से फैज हासिल कर रहे हैं। आज हम लोग भी आपके मिशन को आगे बढ़ाते हुए समाज में मुख्य धारा से जुड़ने के लिए तालीम को आम करें, अपने बच्चों को दीनी व दुनियावी तालीम दिलाएं। आपसी इत्तेहाद को मजबूत करें। मौलाना जाहिद रजा ने अपने खिताब में कहा कि आला हजरत ने अपनी पूरी जिंदगी में लाखों फतवे लिखे। आप कोई भी फतवा लिखने से पहले उसके बारे में पहले शोध करते उसके बाद ही कोई फतवा देते थे। दरगाह से जुड़े नासिर कुरैशी ने बताया कि आखिर में कारी सलीम रजा (आगरा) व मौलाना हसन रामपुरी ने फातिहा पढ़ी। खुसूसी दुआ मुफ्ती अहसन मियां ने की। इसके बाद लंगर का एहतिमाम किया गया। इस मौके पर मौलाना अबरार उल हक, मौलाना शोइब रजा (हैदराबाद), मौलाना कासिम हुसैन, मौलाना चांद रजा, टीटीएस के परवेज नूरी, औरंगजेब नूरी, अजमल नूरी, शाहिद नूरी, नासिर कुरैशी, मंजूर रजा, मुजा. हिद रजा, गौहर खान, नईम नूरी, तहसीन रजा, रफी रजा, गौहर खान, नफीस खान, साजिद नूरी, सुहैल रजा, डॉक्टर जफर खान, डॉक्टर अब्दुल माजिद आदि लोग शामिल रहे।

# डीएम ने हैण्डपम्पों को ठीक कराने व तालाबों में पानी भरने के दिए निर्देश

■ **कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक हुई सम्पन्न**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** मंगलवार को जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की मासिक समीक्षा बैठक विकास भवन स्थित सभागार में सम्पन्न हुई।

बैठक में मानक के अनुरूप वसूली, राजस्व एवं फौजदारी वादों का समय से निस्तारण करने, विरासत, डिजिटल क्रॉप सर्वे, फार्मर रजिस्ट्री, सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग, पीएम आवास सर्वे, सीएम युवा अभियान, सीमा स्तंभ, फैमिली आईडी तथा पट्टा आवंटन आदि की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए, तथा मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना, एल्बम हिट एंड रन मोटर यंत्र घटना के पीड़ितों को दिए जाने वाले अनुदान की समीक्षा कर लंबित प्रकरणों को शीघ्र निस्तारित करने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में गेहूं खरीद पर विस्तार से चर्चा की गयी, और निर्देश दिए गए कि क्रय केन्द्रवार गेहूं खरीद की अद्यतन स्थिति को मंगवायें, जिन केन्द्रों की खरीद कम है ऐसे केन्द्रों के क्रय प्रभारियों को बुलाएं, जांच कराएं कि उनके द्वारा बड़े कृषकों को गेहूं खरीद के लिये समन्वय किया है या नहीं। दोषी पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में डिजटल क्राप सर्वे में तहसील फरीदपुर और बहेड़ी की कम प्रगति पाए जाने पर गति लाने के निर्देश दिए गए। बैठक में निर्देश दिए गए कि अंश निर्धारण में ऋुटि सुधार के आवे. दन कम आ रहे हैं, इसका प्रचार-प्रसार करें, जिससे लोग जागरूक हों और ऋुटि सुधार हेतु आईजीआरएस में शिकायत करने के बजाय तहसील में ऋुटि सुधार हेतु आवेदन करें। बैठक में बढ़ती गर्मी के दृष्टिगत निर्देश दिए गए कि जो भी तालाब हैं उनमें पानी भर दिया जाए, जिससे पशु-पक्षियों को पीने के पानी की समस्या न हो, साथ ही जहां कहीं हैण्डपम्प खराब है, उसे सही कराया जाए, नगरीय क्षेत्रों में भी प्याऊ आदि की व्यवस्था दुरूस्त की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी (वित्त/राजस्व) संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, नगर मजिस्ट्रेट राजीव कुमार शुक्ला, समस्त उप जिलाधिकारी, तहसीलदार सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।





## एक नजर

### महिलाओं के साथ अभद्रता करने वाला दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** पुलिस ने महिलाओं के साथ अभद्र भाषा व अभद्र व्यवहार करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार सुबह के समय एसआई योगेश कुमार हमराही के साथ धनेटा फाटक के पास से एक संदिग्ध व्यक्तिय को चेकिंग के दौरान महिलाओं के साथ बदतमीजी करते हुए देखा। जब पुलिस ने उसे समझाने की कोशिश की तो उसने उत्तेजित होकर गाली गलौज करना शुरू कर दिया है और सरकारी कार्य में बाधा डालने की कोशिश की। इस दौरान अभियुक्त ने पुलिस से बचने के लिए भगाने का प्रयास किया लेकिन पुलिस में उसे रेलवे फाटक से करीब 50 कदम आगे जाकर पकड़ लिया। पकड़े गए अभियुक्त का नाम रोहित सक्सेना निवासी रामेश्वर कॉलोनी करमपुर चौकी थाना इज्जतनगर बरेली बताया। अभियुक्त पर विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा पंजीकृत कर उसे न्यायालय के समझ भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अभियुक्त पहले से ही अपराधिक प्रवृति का है और कई अन्य अपराधों में संलिप्त है।

### कच्ची शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** रात्रि गस्त के दौरान पुलिस ने तीन अलग अलग जगहों से तीस लीटर अबैध कच्ची शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

इंस्पेक्टर राधेश्याम ने वताया कि लहसोई बंजरिया रोड से बब्लू कश्यप,धनेटा रोड जोखन पुर संपर्क मार्ग से रामकिशोर व शीशगढ़ धनेटा रोड जोखनपुर तिराहे से सोनू को गिरफ्तार किया।तीनों के पास से 10,10लीटर अबैध कच्ची शराब बरामद हुई है।तीनों व्यक्ति बंजरिया गांव के निवासी हैं।जो अलग अलग जगहों से शराब खरीद कर गांव में तस्करी करते हैं।

### ताऊ के घर गई नाबालिग लड़की को भगा ले गया युवक, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** ताऊ के घर गई एक नाबालिग लड़की को एक युवक अपने साथ भगा ले गया। लड़की को उसके पिता व रिश्तेदारों ने काफी तलाशा, लेकिन उनका कोई सुराग नहीं लगा। इस मामले में लड़की के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

ग्राम चाचेट निवासी एक युवक का कहना है कि वह अपनी 17 साल की नाबालिग लड़की को अपने सगे भाई के घर ग्राम बहीपुर थाना बहेड़ी जिला बरेली छोड़कर गया था। आरोप है कि यहाँ से उसकी पुत्री को रात में किसी समय उस्मान पुत्र मो0 अली निवासी ग्राम मुहम्मदपुर थाना शेरगढ़ जनपद बरेली अपने साथ बहला-फुसला कर भगा ले गया। इस मामले में लड़की के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक उस्मान उम्र 20 वर्ष के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। उधर बताया जाता है कि लड़का व लड़की पक्ष आपस में दूर के रिश्तेदार हैं। दोनों के बीच प्रेम प्रसंग होना भी प्रकाश में आया है।

### एथलेटिक्स चैपियनशिप दस अप्रैल से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ के तत्वाधान मे बरेली में 28 वीं उत्तर प्रदेश सीनियर एथलेटिक्स चैपियनशिप, 2025, 10 से 11 अप्रैल को एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय में आयोजित की जा रही है। जिसमे प्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 650 खिलाड़ी (बालक व बालिका) प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर एमजेपी रुहेलखंड विश्वविद्यालय के उपकुलपति केपी सिंह दिनांक 10





अप्रैल को सुबह 9 बजे मुख्य अतिथि के रूप में औपचारिक उद्घाटन करेंगे, और जिला अधिकारी शाम 5 बजे पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहेंगे, और खिलाडियों का उत्सावर्धन व मार्गदर्शन करेंगे। इस चैंपियनशिप के आयोजन के लिए प्रदेश स्तर के लगभग 20 टैक्सनिकल ऑफिशियल उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स संघ द्वारा नियुक्त किये गए हैं। इसमे निष्पक्षता के लिये फोटो फिनिश टीम की भी व्यवस्था की स्थलेटिक्स चौम्पियनशिप गई है। प्रथम बार बरेली में प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता जिला एथलेटिक्स संघ बरेली द्वारा कराई जा रही है। कार्यक्रम में जितेंद्र यादव, जयप्रकाश देवनानी, यशपाल सिंह, गजेन्द्र तोमर (सचिव), सत्यवीर यादव, राजा अयलानी (कोषाध्यक्ष), अशोक यादव, अजय कश्यप, दिनेश गिरी, मयूर पटेल एवं संगठन के अन्य लोग उपस्थित रहे।

### घर में घुसकर युवक ने की छेड़छाड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** कोतवाली क्षेत्र बहेड़ी के एक गांव निवासी महिला ने संपूर्ण समाधान दिवस में अधिकारियों को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि बीते 19 मार्च को शिवम पुत्र मंधई निवासी दीननगर समय करीब सुबह सात बजे महिला के घर उसकी पति का आधार कार्ड लेने के बहाने घुस गया। महिला का आरोप है कि उसके पति की प्रधानमंत्री किसान सम्मन निधि की पेंशन रुक गई थी, जिसे युवक ने चालू करने का वादा किया था, तथा आधार कार्ड लेने उसके घर आया था।

इसी का फायदा उठाते हुए युवक ने महिला को उसके कमरे में घुसकर दबोच लिया, और छेड़छाड़ करते हुए गलत काम करने की कोशिश करने लगा। महिला के चीखने चिल्लाने पर उसने महिला को धमकी देते हुए कहा कि अगर तूने इसकी कहीं कोई शिकायत की तो तुझे जान से मार दूंगा। महिला का कहना है कि उसके पति मेहनत मजदूरी करते हैं, और वह घर पर नहीं रहते हैं। इसी का फायदा उठाकर युवक उसके साथ जबरदस्ती कर रहा था। महिला का आरोप है कि उसने इसकी शिकायत बीते 21 मार्च को थाना बहेड़ी में की, पर कोई सुनवाई नहीं हुई। महिला ने चुरैली चौकी इंचार्ज पर भी आरोप लगाते हुए बताया कि हल्का दरोगा ने उसके शिकायत के बाद उसके घर जाकर कोई जांच नहीं की, और फर्जी रिपोर्ट लगाकर थाने को भेज दी। थाना दिवस में अधिकारियों के आदेश पर बहेड़ी पुलिस ने महिला की तहरीर के आधार आरोपी युवक शिवम पुत्र मंधई निवासी दीननगर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।
मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)
मो0- 9456212547 8077380691
Email: irfanggnewslive@gmail.com

# मामूली कहासुनी के बाद चले लाठी-डंडे, चार हुए घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** कोतवाली क्षेत्र के शहजादनगर खेड़ा गांव में मामूली कहासुनी के बाद गांव के दबंगों ने एक परिवार के साथ लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। जिसमें एक परिवार के चार लोग घायल हो गए। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। जिसके बाद पुलिस ने सभी घायलों का मेडीकल परीक्षण कराकर जांच शुरु कर दी है। गांव शहजादनगर खेड़ा निवासी धर्मवीर ने आरोप लगाते हुए बताया गांव के ही कुछ लोगों से बीती सोमवार की शाम मामूली कहा. सुनी हो गई थी, जिसके बाद दबंगों ने उनके परिवार के साथ मारपीट कर दी। मारपीट में धर्मवीर, शकुंतला देवी, धीरज कुमार और सुनील घायल हो गए। मामले की शिकायत पुलिस से की गई। जिसके बाद पुलिस ने घायलों को बिल्सी सरकारी अस्पताल भेजा है और पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का फांसी के फंदे पर लटका मिला शव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** उझानी मे बिहारहरचंदपुर गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का फांसी के फंदे पर लटका मिला शव, मायका पक्ष ने लगाया हत्या का आरोप ।

जनपद कासगंज के थाना सोरो क्षेत्र के नगला भभूती गांव के रहने वाले ओमकार ने अपनी 20 वर्षीय बेटी तारावती की शादी 15 जुलाई 2024 को थाना उझानी क्षेत्र के बिहारहरचंदपुर गांव के रहने वाले खुबेश्वर के बेटे सचिन से की थी। शादी के बाद से ही ससुराल



वाले तारावती को प्रताड़ित करते थे। मायके पक्ष के लोग पहले भी तारावती की प्रातड़ना की थाने में तहरीर दे चुके हैं। मंगलवार 8 बजे के आसपास तारावती का घर के अंदर फांसी के फंदे पर शव लटका मिला। सूचना मिलते ही मायका पक्ष के लोग तारावती की ससुराल पहुंच गए और मारपीट कर हत्या का आरोप लगा रहे हैं। वहीं इस मामले में पुलिस को सूचना दी गई है।

सूचना मिलने पर उझानी प्रभारी निरीक्षक नीरज मलिक मौके पर पहुंचे । पुलिस ने ताराव. ती के शव को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम को भेजा है। वहीं मोके पर पहुंची फारेसिंक टीम ने नमूने एकत्रित किये हैं। तारावती की मौत से मायके पक्ष के लोगों का रो रोकर बुरा हाल है।

# पोषण पखवाड़े के तहत निकली जन जागरूकता रैली

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बिसौली।** बाल विकास विभाग के तत्वाधान में पोषण पखबाड़ा के तहत आयोजित जनजागरूकता रैली का शुभारम्भ खंड विकास अधिकारी राकेश कुमार निराला ने हरी झंडी दिखाकर किया। जिसमें आंगनवाड़ी बहिनों ने स्लोगन लिखी पट्टीकाये हाथ में लेकर गगनभेदी नारे लगाए।विकासखंड मुख्यालय से जागरूकता रैली सीडीपीओ अल्पना जौहरी के नेतृत्व में चंदोसी रोड, बदायू रोड, गांवदेवत रोड, तहसील रोड, कांशीराम कालोनी आसाफपुर रोड आदि गली मोहल्लो मे होकर निक. ाली गयी। रैली मे सीडीपीओ अल्पना जौहरी ने कहा पोषण पखबाड़ा महिलाओ और बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण मे सुधार हेतु लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा बच्चों मे मोटापे की रोकथाम के लिए स्वस्थ जीवन शैली बहुत जरुरी है। इस दौरान कल्पना मिश्रा, शोभा गुप्ता, चित्रा, मीना, विमलेश, भानुवती मौर्य, नीरज, धनवती शाक्य आदि ने योगदान दिया।

# डीएम ने की अभियोजन के कार्यों की समीक्षा, लम्बित वादों की प्रभावी पैरवी करें अभियोजन अधिकारी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेई सभागार में अभियोजन विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

अभियोजन अधिकारियों व शासकीय अधिवक्ताओं को दावों से ज्यादा निस्तारण कराने, गवाहों के लगातार संपर्क में रहने व वादों की ठीक प्रकार से पैरवी कर निस्तारण कराने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने अभियोजन अधिकारियों व शासकीय अधिवक्ताओं को लम्बित वादों की प्रभावी पैरवी कर निस्तारण कराने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि दावों से ज्यादा निस्तारण हो तथा गवाहों के बराबर संपर्क में रहें। उन्होंने विभिन्न श्रेणी के अपराधों से संबंधित वादों की एक-एक कर समीक्षा की। उन्होंने तामिला के सापेक्ष उपस्थिति की भी समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न श्रेणी के अपराधों से संबंधित वादों की एक-एक कर समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने ई प्रॉसीक्यूशन पोर्टल पर अभियोजनवार डाटा को समय से फीड करते हुए अद्यतन रखने के लिए भी कहा। उन्होंने महिला अपराधों व बच्चों से संबंधित अपराधों के वादों की ठीक प्रकार से पैरवी करने तथा इस प्रकार के वादों में संवेदनशील होकर कार्य करने के लिए कहा। इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी, अभियोजन अधिकारी, जीडीसी, एपीओ आदि मौजूद रहे।

# 500 ख्याति प्राप्त कंपनियों में इंटर्नशिप का सुनहरा अवसर ,15 अप्रैल तक करें आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में पीएम इंटर्नशिप योजना के कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिक से अधिक शिक्षित दसवीं, 12वीं, किसी भी विषय में ग्रेजुएट, पॉलिटेक्निक, आईटीआई व डिप्लोमा पास को देश की 500 ख्याति प्राप्त कंपनियों में इंटर्नशिप के लिए अधिक से अधिक ऑनलाइन आवेदन 15 अप्रैल 2025 तक कराने के लिए कहा। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि देश की 500 ख्याति प्राप्त कंपनियों में पीएम इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत एक वर्ष की इंटर्नशिप का अवसर प्रदान किया जाएगा। इसके लिए 21 से 24 वर्ष की आयु के दसवीं, 12वीं, ग्रेजुएट, पॉलिटेक्निक, आईटीआई व डिप्लोमा पास युवा 15 अप्रैल तक ऑनलाइन आवेदन डब्ल्यू डब्ल्यू डब्ल्यू डॉट पीएम इंटर्नशिप डॉट एमसीए डॉट जीओवी डॉट इन पर कर सकते हैं। प्रधानाचार्य आईटीआई सुरेंद्र कुमार वार्ष्णेय ने बताया कि नियम व शर्तों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2023-24 में आवेदक के परिवार की कुल आय 08 लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा कोई भी परिवार का सदस्य स्थाई या नियमित सरकारी कर्मचारी नहीं होना चाहिए। उन्होंने बताया कि पीएम इंटर्नशिप योजना के अंतर्गत वर्ष 2024-25 में देशभर के 01 लाख 25 हजार युवाओं को इंटर्नशिप कराने का लक्ष्य रखा गया



है, जिस पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इंटर्नशिप के दौरान चयनित युवाओं को 5000 रुपए स्टाइपेंड दिया जाएगा जिसमें से 500 रुपए संबंधित कंपनी द्वारा अपने कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सी0एस0आर0) फण्ड से दिया जाएगा तथा 4500 रुपए केंद्र सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से दिया जाएगा इसके अतिरिक्त केंद्र सरकार द्वारा एक मुश्त धनराशि 6000 रुपए भी प्रारंभ में आवेदक को दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इसके लिए जनपद स्तर पर कमेटी भी गठित की गई है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की बीमा योजनाओं, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत बीमा कवरेज भी प्रदान किया जाएगा।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# मुरादाबाद से मैनपुरी के लिए रोडवेज बस संचालित होने पर व्यापारियों में खुशी




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिल्सी।** बिल्सी होते हुए मुरादाबाद से मैनपुरी के लिए रोडवेज बस संचालित होने पर बिल्सी के व्यापारियों ने मिठाई बांटकर जश्न मनाया और चालक वीर सिंह परिच. ालक प्रभात कुमार को सम्मानित किया। व्यापारी नेता लोकेश वार्ष्णेय ने बताया मुरादाबाद से मैनपुरी के लिए रोडवेज बस संचालित हुई है, जिसको लेकर बिल्सी के व्यापारियों द्वारा चालक परिचालक को सम्मानित किया गया और बस का पूजन किया गया और मिठाई वित. रित की गई। इस मौके पर सुधीर सोमानी, दीपक चौहान, राहुल वार्ष्णेय, अमित वार्ष्णेय, लव कुमार वार्ष्णेय आदि लोग मौजूद रहे।

# गंदरोली स्कूल में वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया, निशुल्क पाठ्य पुस्तके की वितरित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** संविलियन विद्यालय गंदरोली विकास क्षेत्र बिसौली में शारदा संगोष्ठी, परीक्षाफल /पुस्तक वितरण एवं वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता सेवानिवृत्त प्र.अ. उरमान सिंह द्वारा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। इस अवसर पर कक्षा 1 से 8 तक के बच्चों को परीक्षाफल व उपहार देकर सम्मानित व उंनके अभिभावकों का भी स्वागत करते हुए बच्चों को विभाग द्वारा प्रेषित निशुल्क पाठ्य पुस्तके भी वितरित की गई। आगंतुक कार्यक्रम अध्यक्ष, मुख्य अतिथि को भी स्टाफ द्वारा स्मृति चिन्ह, उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बच्चों द्वारा अतिथियों व अभिभावकों के समक्ष मनमोहक स्वागत गीत, स्कूल चलो अभियान आधारित प्रस्तुति दी गई।खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा कक्षा में सर्वोच्च स्थान प्राप्त व कक्षा उतीर्ण बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उंनको अनिवार्य रूप से कक्षा 9 में 100 प्रतिशत नामांकन कराने हेतु प्रेरित किया साथ ही स्टाफ को विद्यालय निपुण होने की बधाई दी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक प्रभाकर सक्सेना व शम्मी कुमार गुप्ता द्वारा विद्यालय में किए जा रहे नवाचार आदि से अतिथियो को परिचित कराया एवं उपस्थित अभिभावकों से नियमित रूप से बच्चों को स्कूल भेजने का आहावन किया।कार्यक्रम में विद्यालय स्टाफ प्रभाकर सक्सेना, शम्मी कुमार गुप्ता, अजय कुमार, अलका, संजय कुमार, सुरेंद्र आदि अभिभावक उपस्थित रहे

# भारत परिषद भ्रष्टाचार विरोधी राष्ट्रीय संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष बने पंकज सक्सेना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** भारत परिषद भ्रष्टाचार विरोधी राष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व न्यायाधीश एव विधि सलाहकार राज्याल उत्तर प्रदेश चंद्रभूषण पांडे के अनुमोदन पर भारत परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने जनपद बदायूं के विकास खंड उझानी के लऊआ कठौली के रहने वाले पंकज सक्सेना प्रधान को प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश, जनपद बदायूं के विकास खंड उझानी के पीयर खंदना के रहने वाले सौम्य वर्मा उर्फ सुखपाल वर्मा प्रधान को प्रदेश महामंत्री उत्तर प्रदेश, जनपद बदायूं के विकास खंड उझानी के गठौना गांव के रहने वाले नवीन कुमार शाक्य प्रधान को मंडल महामंत्री बरेली व जनपद बदायूं का प्रभारी और जनपद बदायूं के थाना उझानी क्षेत्र के अब्दुल्लागंज गांव में रहने वाले विवेक कुमार सक्सेना को



जिला महामंत्री बदायूं को मनोनीत कर भारत परिषद भ्रष्टाचार विरोधी राष्ट्रीय संगठन को मजबूत करने की जिम्मेवारी दी है। वहीं मनोनीत हुए प्रदेश उपाध्यक्ष पंकज सक्सेना ने कहा कि वह संगठन के हित के लिए कार्य करेंगे और संगठन को और भी मजबूत करेंगे ।मनोनीत होने की जानकारी मिलने पर उनके चाहने वालों में खुशी की लहर दौड़ गई। वहीं पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के प्रधानों ने जाकर मनोनीत हुए पदाधिकारियों को फूलमालाएं पहनाकर उनका जोरदार स्वागत कर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी का इजहार किया । इस अवसर पर प्रधान संदेश, प्रधान महेंद्रपाल कश्यप, प्रधान मनोज कुमार शाक्य, प्रधान उदयवीर सिंह, प्रधान उपदेश, प्रधान ब्रह्मपाल, प्रधान राजेश, प्रधान ज्ञानचंद्र, प्रधान श्योराज कश्यप, प्रधान वीरेंद्र, प्रधान राकेश मथुरिया, प्रधान चंद्रभान, प्रधान राकेश सिंह, प्रधान सुमनवीर समेत बडी संख्या में प्रधान मौजूद रहे ।

# विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले अल्पसंख्यक युवाओं से मांगे आवेदन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मो0 खघलिद ने बताया है कि निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण उ0प्र0 इन्दिरा भवन लखनऊ द्वारा प्रदेश के खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं साहित्य के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले जनपद के अल्पसंख्यक समुदाय (मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन एवं पारसी) के पांच युवाओं की सूची/विवरण उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है। अल्पसंख्यक समुदाय के इच्छुक अभ्यर्थी अपना विवरण यथा-नाम,पिता का नाम,पता,कार्यक्षेत्र जिसमें विशिष्ट कार्य किया, कार्य का विवरण अधिकतम 50 शब्दों में एवं फोटो उनके कार्यालय को 15 अप्रैल 2025 तक उपलब्ध करा दें। निर्धारित तिथि के उपरान्त कोई भी आवेदन-पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा

# 22 अप्रैल तक महिलाओं व बच्चों के लिए आयोजित होंगी विभिन्न गतिविधियां



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** पोषण पखवाड़ा का उद्घाटन मा0 राज्य मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वेबकास्ट के माध्यम से किया गया। वहीं जनपद बदायूँ में बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा विकारा भवन के सभागार में साँतवे पोषण पखवाडा का उद्घाटन मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार द्वारा किया गया। यह कार्यक्रम 08 से 22 अप्रैल 2025 तक मनाया जायेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि पोषण अभियान के अन्तर्गत पोषण पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य बच्चों व महिलाओं के पोषण स्तर में सुधार लाना। पोषण स्तर में सुधार हेतु सही पोषण सम्बन्धी व्यवहार के व्यापक प्रचार प्रसार हेतु जन आन्दोलन व सामुदायिक गतिविधियों का आयोजन आवश्यक है। जिला कार्यक्रम अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि पोषण पखबाड़े के लिए शासन स्तर से थीम निर्धारित करते हुए विभिन्न दिशा निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि जीवन के प्रथम 1000 दिवस गर्भावस्था से लेकर शिशु के जन्म के प्रथम 02 वर्ष में विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया जाना। लाभार्थी मॉडयूल का लोकप्रियकरण। कुपोषण प्रबंधन के लिए सी0एम0ए0एम0 मॉडयूल का क्रियान्वयन। बच्चों में मोटापे की रोकथाम के लिए स्वस्थ जीवन शैली हैं। उन्होंने बताया कि अभियान में दौरान विभिन्न पोषण सम्बन्धी गतिविधियों यथा वजन दिवस, पोषण रैली, गृह भ्रमण, पोषण मेला, हाट बाजार, एनीमिया शिविर, समुदाय आधारित गतिविधि, प्रभातर फेरी साईकिल रैली, पौधारोपण, पोषण वाटिका, योगा सत्र, महिला स्वयं सहायता समूह, महिला युवा समूह की बैठके आदि भी आयोजित किया जाना है। जिससे पोषण से सम्बन्धित सम्वयक विभागों यथा प्रतिभाग किया जायेगा एवं दिवसवार आयोजित गतिविधियों की सूचना भारत सरकार द्वारा विकसित जन आन्दोलन पोर्टल पर फीड की जायेगी। जिस हेतु लॉग-इन आई०डी० एवं पासवर्ड जनपदों को पूर्व में प्रेषित है। पोषण पखवाड़ा के आयोजन के जिला कार्यक्रम अधिकारी को नोडल अधिकासी बनाया गया है। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां व सहायिकाएं मौजूद रहीं।

# मोदी जी का संकल्प 2047 में भारत विकसित राष्ट्र बने : दुर्विजय शाक्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिसौली।** भाजपा के सक्रिय सदस्यों के विधानसभा स्तरीय सम्मेलन का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने भारत माता के चित्र एवं जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया।उन्होंने कहा कि भाजपा अपने कार्यकर्ताओ के त्याग, तपस्या, बलिदान के बुते पैतालिस वर्षो की राजनैतिक यात्रा में राष्ट्रवाद के मूल सिद्धांत को अपनाकर विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन गया है। नगर के विधा मंदिर इंटर कालेज के सभागार मे क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि अंत्योदय के सिद्धांत पर चलकर मोदी योगी की सरकार ने अनेको जनकल्याणकारी योजनाए देकर जनता का विश्वास जीता है। वही मोदी जी का संकल्प है दो हजार सैतालिस मे भारत को विकसित राष्ट्र बनाना। और यह लक्ष्य कार्यकर्ताओ के कठिन परिश्रम से ही पूरा होगा। सम्मेलन के द्वितीय सत्र मे विशिष्ट अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य दर्जा राज्यमंत्री महेंद्र सिंह राणा ने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व मे देश की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से



मजबूत हुई है। उन्होंने कहा की मोदी सरकार ने अंत्योदय के सिद्धांत को अमली जामा पहनाने के लिए आम आदमी को जनधन खाते खुलबाकर बैंक से जोड़ा और भ्र्ष्टाचार का समूल नाश कर विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओ का लाभ सीधे लाभार्थी के खाते मे भेजा। तृतीय सत्र मे बिशिष्ट अतिथि कौशल कुमार साहू एवं पूर्व विधायक कुशाग्र सागर ने धारा 370, 35 ए, राम मंदिर निर्माण, वक्फ बिल, सहित विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर कार्यकर्त्ताओ को मोदी योगी सरकार की नीतियों को विक. सित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए जन जन तक पहुंचाने का आवाहन किया। कार्यक्रम का संच. ालन जिला उपाध्यक्ष दुर्गेश वार्ष्णेय ने किया। इससे पहले क्षेत्रीय अध्यक्ष ने पांच वरिष्ठ कार्यकर्ताओ चंद्रेश वार्ष्णेय, बुधपाल सिंह, जडेल सिंह, बसंत लाल मौर्य को अंगवस्त्र भेटकर सम्मानित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता हरिओम पाराशरी, ब्लॉक प्रमुख आसफपुर ओमकृष्ण, पूर्व प्रमुख अमित पाठक, ठाकुर शिवम प्रताप सिंह, संदीप चौहान, पंकज सिंह चौहान, नगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, सुनील सिंह, रितेश चौहान, दिनेश राजपूत, विजय शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता शर्मा, चेयरमैन मुड़िया अनुपम पाठक, पूर्व चेयरमैन विकार अहमद, सनवीर पाल, अमित पंडित, सरिता वार्ष्णेय, रीना राघव, रेनू कुमारी, सभासद कृष्णा गुप्ता, सभासद अमर पाल प्रजापति, राजीव चौहान, अभिषेक शर्मा, पवन महाजन, रामू ठाकुर आदि मौजूद रहे।

# विधायक दातागंज राजीव कुमार सिंह ने कार्यकर्ताओं से पार्टी की नीतियाँ जन जन तक पहुंचाने का किया आह्वान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** यूपी : जनपद बदायूँ की विधानसभा 117 दातागंज के विकास खण्ड दातागंज में दिन मंगलवार को भाजपा का सक्रिय सदस्य कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन दातागंज विधायक राजीव कुमार सिंह उर्फ बब्बू भैया के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कासगंज के पूर्व जिलाध्यक्ष के. पी सिंह, डीसीएफ अध्यक्ष रविंद्र पाल सिंह, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष आर एस पाल, ब्लॉक प्रमुख दातागंज अतेंद्र विक्रम सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि समरेर धीरज सक्सेना , ब्लॉक प्रमुख उसावां प्रतिनिधि दिनेश सिंह, देवेंद्र सिंह शाक्य प्रधान, वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव तोमर, दातागंज चेयरपर्सन पति नितिन गुप्ता, वरिष्ठ भाजपा नेता देवेश तोमर, जिला मंत्री भाजपा नेता तेजपाल सागर , भाजपा नेता अंशुल सागर , भाजपा नेता भुवनेश प्रताप सिंह, श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रो पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक राजीव कुमार सिंह बब्बू भैया ने भाजपा कार्यकर्ताओं को भाजपा पार्टी की रीढ बताया। साथ ही उन्होंने कहा कि भाजपा विकास को अपना मूल एजेंडा बनाती है। प्रदेश और देश में पार्टी विकास का नया अध्याय लिख रही है। साथ ही उन्होंने सक्रिय सदस्यों का स्वागत के साथ मुख्य अतिथि भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष के. पी सिंह कासगंज को प्रतीक चिन्ह भेंट कर स्वागत किया, सम्मेलन में देश और प्रदेश में सरकार द्वारा चलाई गई लाभकारी योजनाओं पर विस्तृत चर्चा भी




की और सभी सक्रिय सदस्यों को हर बूथ पर लाभार्थियों तक सरकार की हर योजना को पहुंचाने और सही जानकारी को देने पर विचार विमर्श किया। साथ ही विधायक दातागंज ने कार्यकर्ताओ से पार्टी की नीतियाँ जन जन तक पहुंचाने का आह्वान करते हुए कहा कि हर कार्यकर्ता का फर्ज बनता है की वो पार्टी को मजबूती प्रदान करे और समाज के हर व्यक्ति के दुख सुख मे साथ खड़ा हो। भाजपा पार्टी की नीति के अनुरूप समाज के हर वर्ग को सरकार की हर योजना का लाभ दिलाना प्रत्येक कार्यकर्ता का फर्ज है। कार्यकर्ता कोई भी छोटा बड़ा नहीं होता। सब की अपनी अपनी एक पहचान होती है। पार्टी को खडी करने ओर सत्ता तक लाने मे हर कार्यकर्ता का विशेष सहयोग रहता है। दातागंज ब्लॉक प्रमुख अतेंद्र विक्रम सिंह ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा की आज कार्यकर्ताओ की वजह से पार्टी एक विशाल पार्टी का रूप ले पायी है। आज देश के विभिन्न प्रदेशो मे भाजपा सरकारें है ओर केंद्र सरकार भी पिछले दस सालों से भाजपा पार्टी की है। आज भाजपा देश ही नहीं विदेश की भी सबसे बड़ी पार्टी सिर्फ कर्मठ कार्यकर्ताओ की वजह से ही बन पायी है। विपक्ष विकास को देखने में असमर्थ है, जबकि प्रदेश देश का नागरिक विकास कार्य की प्रशंसा कर रहा है। पूर्व जिलाध्यक्ष कासगंज के.पी सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन करती है। हर छोटे बड़े कार्यकर्ता का सम्मान करती है, भाजपा पार्टी फर्श से अर्श तक पहुंचाने का काम करती है, यह पार्टी छोटे से कार्यकर्ताओं को सिंहासन पर बैठाने का कार्य करती है,भाजपा पार्टी ने कई सकारात्मक संदेश दिए हैं। वरिष्ठ भाजपा नेता जिला महामंत्री शारदाकांत उर्फ शीकू भैया ने भाजपा कार्यकर्ताओं को पार्टी की नींव बताते हुए, उन्हें अपनी जिम्मेदारी को समझने की बात कही।

कार्यक्रम में भाजपा नेता धर्मेन्द्र गुप्ता , बीजेपी नेता मंडल अध्यक्ष दातागंज वीर सिंह, सुरेन्द्र सिंह गुर्जर , राज कश्यप, नरेशपाल सिंह पाल , राहुल कुमार लोधी , वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव सिंह तोमर,पन्ना लाल शाक्य, वरिष्ठ नेता बीजेपी ओमप्रत. ाप सिंह,बीजेपी नेता भावेश प्रताप सिंह, बीजेपी नेता अंशुल सागर, विपिन गुप्ता , बीजेपी नेता डॉ.इश्तियाक , भाजपा नेत्री आशा कन्नौजिया , बीजेपी नेता नेत्रपाल सागर, बीजेपी नेता देवनारायण कश्यप आदि लोग उपस्थित रहे।

# जन कल्याण फाउंडेशन की ओर से मोमेंटो देकर किया सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बदायूं।** बुधवार 7 अप्रैल को वेदांत म्रुप के ब्डक डाक्टर अमीद मुराद और बीइंग अलाइव फाउन्डेशन की अध्यक्ष डाक्टर सबीन अहसन को उनके द्वारा सामाजिक क्षेत्र में उनके अविस्मरणीय योगदान के लिए जन कल्याण फाउंडेशन (रा) की ओर से मोहम्मद हफीज शेख (राष्ट्रीय अध्यक्ष ) और एड्वोकेट हूरिया रहमान (जिला अध्यक्ष बरेली)ने



मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम की संचालिका इमा इजहार (जिला अध्यक्ष बदायूं) रहीं । जिन्होंने कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संचालित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मोहम्मद हफीज शेख राष्ट्रीय अध्यक्ष (रा) रहे जिन्होंने जन कल्याण फाउंडेशन की नीतियों के बारे में भी लोगो को अवगत कराया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप उपस्थित लोगो में इमा इजहार (जिला अध्यक्ष बदायूं) विकार उद्दीन,अरशद भाई,हुदा आदि समस्त जन कल्याण फाउंडेशन की टीम उपस्थित रहीं।

**विज्ञापन के लिए संपर्क करें**

कामिल खान ब्यूरो चीफ

दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र बदायूं ब्रांच ऑफिस फैजगंज बेहटा वार्ड नंबर हेड ऑफिस रजी चौक ब्रह्मपुर बराबर रेक्स दवाखाना बदायूं खबरें व विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

संपर्क सूत्र - 7500110219, 9411827221

Email: mkkhan741@gmail-com

# परिजनों ने ट्रांसपोर्टर पर लगाया हत्या का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** थाना धौलाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति की मेरठ में मृत्यु हो जाने के बाद परिजनों ने ट्रांसपोर्टर पर हत्या का आरोप लगाया है। परिजनों की मांग पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

ग्राम सिवाया के रहने वाले सोनू मेरठ में एक ट्रांसपोर्टर के यहां बीते कई वर्षों से काम करते थे। सोमवार की दोपहर को उनका शव ट्रांसपोर्टर ने गांव में भिजवा दिया। शव के आते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। मृतक के पुत्र शिवम ने बताया कि उसके पिता मेरठ में स्थित एक ट्रांसपोर्टर के यहां काम करते थे। बीते 5 दिनों से उनका मोबाइल फोन बंद जा रहा था। ट्रांसपोर्टर से भी संपर्क करने के बाद उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं दिया। आरोप है कि मृतक के परिजनों ने जब ट्रांसपोर्टर को पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी दी तब उसने मृतक के शव को परिजनों के सपुर्द किया। मृतक सोनू नियमित रूप से ट्रांसपोर्टर से कम वेतन लेता था



ताकि लड़की की शादी के समय बकाया धनराशि का उपयोग किया जा सके। परिजनों ने आरोप लगाया कि मृतक के बकाया राशि को गबन करने की नीयत से ट्रांसपोर्टर ने सोनू की हत्या कर दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने परिजनों की मांग पर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि ट्रांसपोर्टर ने सोनू के बीमार होने के चलते मृत्यु का कारण बताया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। जिसके बाद मृत्यु का स्पष्ट कारण पता चल पाएगा। मृतक के तीन बच्चों और पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल है।

## सपा कार्यकर्ताओं ने दिल्ली सीएम का फूंका पुतला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता का पुतला फूंका। यह विरोध प्रदर्शन मंगलवार को तहसील चौराहे पर किया गया। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि रेखा गुप्ता ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ अमर्यादित भाषा का प्रयोग किया है। सपा के जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने कहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठी मुख्यमंत्री द्वारा देश की तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के अध्यक्ष के खिलाफ इस तरह की भाषा का प्रयोग अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि इससे करोड़ों लोगों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। समाजवादी पार्टी ने रेखा गुप्ता के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। विरोध प्रदर्शन के दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच नोकझोंक भी हुई। सुरक्षा के मद्देनजर मौके पर भारी पुलिस बल तैनात रहा।

# अज्ञात कारणों से ट्रैक्टर-ट्रॉली में अचानक लगी आग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के धौलाना-पिलखुवा मार्ग ट्रैक्टर-ट्रॉली में अज्ञात कारणों से भूसा से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली में आग लग गई। वहां मौजूद मजदूरों ने पानी डालकर बुझाया। जनपद गाजियाबाद निवासी इसरार ने बताया कि वह मजदूरों के साथ धौलाना से भूसा खरीदकर अपने गांव फरीदनगर लौट रहा था। तभी अज्ञात कारणों से ट्रैक्टर ट्राली में रखें भूसे में आग लग गई। जब राहगीरों ने चालक को बताया की भूसे में आग लग गई तो चालक ने तुरंत ट्रैक्टर को पास के ईंट भट्टे की तरफ मोड़ दिया। भट्टे पर काम कर रहे मजदूरों ने पानी डालकर आग बुझाई। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पटनीश कुमार ने बताया कि पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई है। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। हालांकि पीड़ित की तरफ से कोई शिकायत दर्ज नहीं कराई गई है।



# पुलिस ने चोरी के माल के साथ तीन शातिर चोरों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने वायुसेना एन्क्लेव के पास से तीन शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से चोरी का सामान भी बरामद हुआ है।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शाहिद पुत्र शौकत, दानिश उर्फ चक्कू और मोमीन पुत्र शब्बीर के रूप में हुई है। तीनों धौलाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इन अपराधियों के खिलाफ पहले से ही कई मामले दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, ये अपराधी रेकी कर योजनाबद्ध तरीके से बंद मकानों और दुकानों में चोरी करते थे। आरोपियों के पास से एक इनवर्टर, बैटरी, एलईडी टीवी, नकदी और दो गैस सिलेंडर बरामद किए गए हैं। शाहिद के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट, चोरी और आर्म्स एक्ट के तहत पांच मामले दर्ज हैं। दानिश के विरुद्ध तीन मामले हैं, जिनमें लूट की योजना और आर्म्स एक्ट शामिल हैं। मोमीन पर आबकारी अधिनियम और एनडीपीएस एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। पुलिस इनसे अन्य वारदातों के बारे में भी पूछताछ कर रही है।




# विधायक बोले- यूपी बना उत्तम प्रदेश, विकास के खुले मार्ग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** प्रीत विहार स्थित भाजपा जिला कार्यालय में सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विधायक विजयपाल आरती और क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल ने प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

सक्रिय सदस्य सम्मेलन में विधायक विजयपाल आरती ने कहा कि पिछले 8 वर्षों में सरकार ने उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने की दिशा में कार्य किया है। उन्होंने बताया कि आज बड़े-बड़े उद्योगपति यूपी में निवेश करना चाहते हैं। क्षेत्रीय महामंत्री विकास अग्रवाल ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब भारत में सबसे ज्यादा राजस्व देने वाला राज्य बन गया है। जिला अध्यक्ष नरेश तोमर ने बताया कि पार्टी कार्यकर्ता सरकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का काम कर रहे हैं। कार्यक्रम के बाद युवा मोर्चा ने बाइक रैली निकाली। इस अवसर पर जिला महामंत्री पुनीत गोयल, राजीव सिरोही, कविता म्हात्रे, मालती भारती, अलका निम, महेश त्यागी, संजय त्यागी, पवन गर्ग समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता रैली का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** स्कूल चलो अभियान के तहत मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय सिखेड़ा नंबर एक से एक जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अनीता सत्या व सत्येंद्र कुमार सिसोदिया द्वारा संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर किया गया। यह रैली विद्यालय परिसर से प्रारंभ होकर गांव की गलियों और मोहल्लों से होती हुई वापस विद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई। रैली में प्राथमिक विद्यालय सिखेड़ा नंबर एक, सिखेड़ा नंबर दो तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय सिखेड़ा के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने हाथों में स्लोगन वाली तख्तियां लिए हुए और गगनभेदी नारे लगाते हुए ग्रामीणों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया। रैली के दौरान बच्चों द्वारा लड़का-लड़की एक समान, सबको शिक्षा सबको ज्ञान, शिक्षा है अनमोल रतन, पढ़ने का तुम करो जतन, एक भी बच्चा छूट गया, शिक्षा का चक्र टूट गया जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। इस अवसर पर संगीता पाठक, निमिषा सिंघल, मंजू रानी, रेनू गौतम, मोहम्मद रिजवान, वंदना सिंह, मृदुला तथा रोमा उपस्थित रहे।



# शहीद मेला समिति के अध्यक्ष बने ललित कुमार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** स्वाधीनता संग्राम शहीद स्मारक समिति की वार्षिक बैठक चेंबर ऑफ कॉमर्स कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए ललित कुमार छावनी को 11वीं बार समिति का अध्यक्ष चुना गया।

महामंत्री मुकुल त्यागी एडवोकेट ने वर्ष 2024 की कार्यवाही का विवरण प्रस्तुत किया। कोषाध्यक्ष आशुतोष आजाद ने वर्ष 2024-25 का आय-व्यय विवरण पेश किया। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से इसे मंजूरी दी। नई कार्यकारिणी में मुकुल त्यागी को महामंत्री और आशुतोष आजाद को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। शेष कार्यकारिणी की घोषणा जल्द की जाएगी। नवनियुक्त अध्यक्ष ने बताया कि ये प्रदेश का इकलौता शहीद मेला है। जोकि इस वर्ष शहीद मेला 10 मई से 10 जून तक आयोजित किया जाएगा। समिति ने इस बार मेले को और भी भव्य बनाने की योजना बनाई है। बैठक में राजीव गर्ग, सोनू बंसल, कपिल सिंघल, वीरेंद्र बिट्टू, मनीष कंसल, गुलशन त्यागी, संजय कंसल, ज्ञानेंद्र त्यागी समेत कई प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे।



## एक नजर

### 12 अप्रैल को श्री हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्र का भव्य आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद की एक बैठक नगर के मोहल्ला छिद्दापुरी में आयोजित की गई। बैठक में श्री हनुमान जयंती को भव्य रूप से आयोजन करने के लिए विचार विमर्श किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता प्रदेश महामंत्री गौरव राघव ने बताया कि 12 अप्रैल को श्री हनुमान महाराज का जन्मदिन है। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल द्वारा श्री हनुमान जन्मोत्सव शोभायात्रा का आयोजन भव्य रूप से करने जा रहा है। उन्होंने सभी सनातनियों से आहवान करते हुए कहा कि आप सभी इस कार्यक्रम में उपस्थित होने की कृपा करे व धर्म लाभ उठाए। इस मौके पर जिलाध्यक्ष पवन तोमर, जिला महामंत्री पंकज गिरी, ब्लॉक उपाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार, नगर अध्यक्ष निमित कपूर, नगर उपाध्यक्ष सचिन शर्मा, नगर उपाध्यक्ष दीपक तोमर, हर्ष पांडे, राजेन्द्र राघव आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ई-श्रम पोर्टल पर प्लेटफॉर्म वर्कर्स का पंजीकरण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने गिग इकोनॉमी को मजबूत करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। हापुड़ में ई-श्रम पोर्टल पर प्लेटफॉर्म वर्कर्स का पंजीकरण शुरू हो गया है।

लेबर कमिश्नर सर्वेश सिंह ने बताया कि गिग वर्कर्स ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर काम करने वाले श्रमिक होते हैं। इनमें ओला-उबर के ड्राइवर और जोमैटो-स्विगी के डिलीवरी पार्टनर शामिल हैं। साथ ही ई-कॉमर्स कंपनियों के वर्कर्स भी इसका हिस्सा हैं। ये श्रमिक पारंपरिक कर्मचारी-नियोक्ता संबंध से अलग तरीके से काम करते हैं। पंजीकरण के लिए आधार कार्ड, पैन कार्ड और मोबाइल नंबर जरूरी है। श्रमिक सीएससी के माध्यम से पंजीकरण करा सकते हैं। वे स्वयं भी पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकृत श्रमिकों को केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिलेगा। इस पहल में कई क्षेत्रों के श्रमिक शामिल हैं। इनमें राइड शेयरिंग, फूड डिलीवरी और लॉजिस्टिक्स शामिल हैं। साथ ही ई-मार्केटप्लेस, प्रोफेशनल सेवाएं और हेल्थकेयर के कर्मी भी इसका हिस्सा हैं। यात्रा, हॉस्पिटैलिटी और कंटेंट मीडिया सेवाओं के श्रमिक भी पंजीकरण करा सकते हैं। श्रमिक https://register.eshram.gov.in/#user/plat-form-worker-registration पर जाकर ऑनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए सहायक श्रमायुक्त कार्यालय, विकास भवन हापुड़ से संपर्क किया जा सकता है।



# पैसे न लौटाने पर लगाया मारपीट करने का आरोप, दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत गांव दहपा निवासी और वर्तमान में इस्लामनगर ने अपने छोटे भाई पैसे न देने पर मारपीट करने का आरोप लगाया।

जानकारी के अनुसार इस्लामनगर निवासी इमामुद्दीन ने अपने छोटे भाई सायलम पर 75 हजार रुपये न लौटाने और मारपीट करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है।

दहपा निवासी और वर्तमान में इस्लामनगर पिलखुवा में रहने वाले इमामुद्दीन ने बताया कि उसका छोटा भाई सायलम, जो कि ग्राम दहपा में रहता है, उसने 75 हजार रुपये उधार लिए थे। जब इमामुद्दीन ने पैसे वापस मांगे तो सायलम ने गाली-गलौंज की और मारपीट पर उतर आया।

पीड़ित ने बताया कि 8 मार्च की शाम करीब 6 बजे, सायलम अपने दो बेटों मोहसीन और कमरुद्दीन के साथ उसके घर इस्लामनगर पहुंचा। वहां तीनों ने गाली-गलौंज की और मारपीट की। सीओ अनिता चौहान ने बताया कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर आवश्यक जांच की जा रही है, साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# सरस्वती इन्सटीट्यूट ऑफ मेडिकल साईसेंस ने लार ग्रन्थि कैंसर का किया सफल ऑपरेशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिलखुवा।** सरस्वती इन्सटीटयूट ऑफ मेडिकल साईसेंस ने लार की ग्रन्थि में स्थित कैंसर का सफल ऑपरेशन किया। क्षेत्र की 50 वर्षीय महिला लार की ग्रन्थि में स्थित कैंसर के ऑपरेशन परामर्श लेने के लिये सरस्वती इन्सटीटयूट ऑफ मेडिकल में आयी थी। जिसका इलाज़ बीते 4 वर्षों से चल रहा था। कैंसर चमड़ी तक पहुँच गया था। महिला ने इससे पहले भी सरकारी अस्पताल पूर्वी दिल्ली में भी उक्त कैंसर के बारे परामर्श लिया था। लेकिन ऑपरेशन की लंबी तारीख मिलने से मरीज का इलाज नही मिला पाया।

महिला सरस्वती इन्सटीटयूट ऑफ मेडिकल साईसेंस में नाक, कान व गला (ENT) विभाग में आयी, जिसके बाद (ENT) विभाग के विभागाध्यक्ष डा. अविनाश कुमार एवं Assistant Professor डा. जितेन्द्र कुमार की टीम ने मरीज की जाँच उपरान्त सर्जरी करने की सलाह दी। मरीज को लार की ग्रन्थि का कैंसर था जो चमड़ी तक पहुँच गया था। यह सर्जरी बहुत जटिल थी। इसमें (ENT) विभाग की Team ने कैंसर से ग्रसित चमड़ी को लार की ग्रन्थि सहित निकाला के बाद सर्जरी के घाव को Local Advancement Lap से बंद किया गया। उक्त कैंसर पूरी तरह से चेहरे की नसों से चिपका हुआ था। मरीज का ऑपरेशन Total Conservative Parotidectomy पूरी बेहोशी में दिनांक 01.04.2025 को SIMS अस्पताल हापुड़ में किया गया। उपरोक्त ऑपरेशन के बाद मरीज के तीमारदार ऑपरेशन से संतुष्ट है। इस सफल ऑपरेशन पर संस्था के चेयरमैन डा. जे. रामाचन्द्रन, वाईस चेयरपर्सन राम्या रामाचन्द्रन, प्रधानाचार्य डा. बरखा गुप्ता एवं चिकित्सा अधीक्षक डा.राजेश भाटिया, सीनियर एडवाईजर डा. जेके गोयल, हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेटर डा. वाईसी गुप्ता द्वारा समस्त (ENT) विभाग की Team को बधाई दी गयी।



# जिलाध्यक्ष ने किया प्रदर्शनी का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस पर विशेष प्रदर्शनी का आयोजन चमरावल रोड़ पर स्थित भाजपा कार्यालय पर किया गया। जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने फ़िता काटकर प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

जिलाध्यक्ष वेदपाल उपाध्याय ने कहा कि प्रदर्शनी में 1980 से 2025 तक भाजपा के इतिहास को प्रदर्शित किया गया है। इसमें पार्टी के संघर्ष और गौरवशाली यात्रा को दर्शाया गया है। प्रदर्शनी में पार्टी के नेताओं के त्याग और बलिदान की कहानियां भी शामिल है। उन्होंने कहा कि यह प्रदर्शनी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करेगी। जिला महामंत्री बिजेंद्र शर्मा एडवोकेट ने कहा कि यह प्रदर्शनी पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और उपलब्धियों का जीवंत चित्रण है। दौरान जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, मंडल प्रभारी डा.विनय त्यागी, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक एवं कार्यक्रम संयोजक रविन्द्र आर्य, मंडल अध्यक्ष प्रभात तोमर, एससी मोर्चा के जिला संयोजक आत्माराम मौर्य, सुन्दर धामा, अमित उपाध्याय, सुनील चौहान, मांगेराम कश्यप, दीपक कश्यप, सौरभ सैनी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।




# टोल कर्मचारियों पर अभद्रता करने का आरोप

**शाह टाइम्स सवांददाता**

**बागपत।** ईस्टर्न पेरीफेरल एक्सप्रेस-वे के बड़ागांव टोल बूथ पर वाहन चालकों की समस्याओं को लेकर सुभाष चंद कश्यप ने डीएम को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि बड़ागांव कट पर यातायात शुरू हो गया है।

समस्या यह है कि केवल दो टोल बूथ बनाए गए हैं। इस कारण गाजियाबाद से बागपत के बड़ागांव कट पर आने वाले वाहन चालकों को 16 किलोमीटर का अतिरिक्त चक्कर लगाना पड़ता है। बच्चों के लिए ऑटोमैटिक प्रोटेक्शन्स जो तय करे कि उनसे कौन कॉन्टैक्ट कर सकता है और वे किस तरह का कंटेंट देख सकते हैं। इसी तरह बड़ागांव टोल कट से गाजियाबाद जाने वाले वाहन चालकों को भी लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। टोल बूथ पर कार्यरत कर्मचारियों का व्यवहार भी यात्रियों और वाहन चालकों के साथ अच्छा नहीं है। इस संबंध में लगातार शिकायतें आ रही हैं। समाजसेवी ने जल्द कार्रवाई की मांग की है। सुभाष कश्यप ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांग जल्द पूरी नहीं होती है, तो वह अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि इसके लिए हाईवे के अधिकारी और प्रशासन जिम्मेदार होंगे।



## आवश्यकता है

शाह टाइम्स समाचार पत्र में जिला हापुड़ के विभिन्न क्षेत्रों जैसे धौलाना, गढ़मुक्तेश्वर, सिंभावली आदि के लिए संवाददाता/ विज्ञापन प्रतिनिधियों की आवश्यकता है इच्छुक व्यक्ति अपने शैक्षिक प्रमाण पत्रों सहित जिला कार्यालय में संपर्क करें।

**चांद मियां**

**जिला प्रभारी, शाह टाइम्स**

**जनपद हापुड़**

**मो.** 9897823485, 9927 631162

# महिलाओं का मनोबल बढ़ाने के लिए कार्य करेंगी मीनाक्षी जैन

## वीजी मिस इंडिया फीनेस और छत्तीसगढ़ क्वीन का खिताब जीतने वाली मीनाक्षी जैन की प्रेस कॉन्फ्रेंस

( इमरान हुसैन )
**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** 2025 के लिए वीजी मिस इंडिया फीनेस और छत्तीसगढ़ क्वीन का खिताब जीतने वाली मीनाक्षी जैन पत्रकारों से रूबरू हुईं। रामपुर फर्टिलाइजर्स स्थित वास्वी विलास में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि वो विभिन्न कार्यक्रमों के जरिये स्थानीय महिलाओं को आगे लाने और उनका मनोबल बढ़ाने का प्रयास करेंगी। आगे आकर तरक्की की चाह रखनी वाली युवतियों और महिलाओं को उचित मंच प्रदान करेंगी।

एक गांव में अपने जन्म से लेकर वीजी मिस इंडिया फीनेस और छत्तीसगढ़ क्वीन का खिताब तक जीतने वाली मीनाक्षी जैन ने अपनी सफलता की कहानी बताई। उन्होंने कहा कि महिलाओं में कॉन्फिडेंस पैदा करना ही उनका उद्देश्य है। फैशन शो के अलावा वर्कशॉप करना भी उनका मकसद है।



उन्होंने अपनी वो कविता भी सुनाई, जिसके लिए उन्हें बेस्ट परफॉर्मर का अवार्ड मिला है। इस कविता में महिलाओं की पीड़ा बयान की गई है।

इस मौके पर रामपुर फर्टिलाइजर्स लिमिटेड में प्रबंध निदेशक अंशुमन खेतान, सीआरपीएफ के डीआईजी सुभाष चंद्र, पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां और इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कलचरल हेरिटेज (इंटेक) रुहेलखण्ड चौप्टर के सह संयोजक काशिफ खां भी मौजूद रहे। सभी ने मीनाक्षी जैन की उपलब्धि को सराहा और उन्हें बधाई दी।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने की ओजस्वी युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक


**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी, कार्यालय पर स्थापना दिवस एवं 8 साल उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियां के प्रचार प्रसार के अभियान के अंतर्गत, ओजस्वी युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं की बैठक ली गई। बैठक में जिला अध्यक्ष हरीश गंग. वार ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के पदाधिकारी को संबोधित करते हुए कहा, आप सभी भारतीय जनता पार्टी की शक्ति हो और आप युवा कार्यकर्ताओं के लिए एक विशेष अभियान आया है। इस अभियान के अंतर्गत आप सभी युवाओं को पूरे जनपद से युवाओं को अपनी बाइक के साथ इकट्ठे करने हैं और 11 अप्रैल को भारतीय जनता युवा मोर्चा के बैनर के नीचे बाइक रैली निकालनी है, बाइक रैली सुबह 11:00 बजे प्रारंभ होगी और सिविल लाइंस रामलीला ग्राउंड से प्रारंभ होकर पूरे नगर विधानसभा में भ्रमण करके अंबेडकर पार्क पर समाप्त होगी, मेरा आप सब ओजस्वी युवा पदाधिकारी से आग्रह है, पूरे जनपद से युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को आवाहन करें और भारी संख्या में युवाओं के साथ इस रैली को निकले और 8 साल उत्तर प्रदेश सरकार की उपलब्धियां का प्रचार प्रसार जनता में करें और इस रैली को सफल बनाएं। बैठक में जिला महामंत्री अशोक बिश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, जिला उपाध्यक्ष मोहन कुमार लोधी, जिला मंत्री



महेंद्र सैनी, लाल मन तोमर, विकास दीक्षित, राहुल गुप्ता, ऋषभ ठाकुर,अमित चंद्रा, प्रशांत शर्मा, आकाश सक्सेना, विक्रम सिंह मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# आर.पी. सिंह इंटर कॉलेज का टूर पहुंचा कैंची धाम नैनीताल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को रुस्तमपुर में स्थित आरव पीव सिंह इंटर कॉलेज का टूर कैंची धाम नैनीताल बाबा नीम करौली के दर्शन के लिए पहुंचा। आरव पीव सिंह इंटर कॉलेज के प्रबंधक ने बताया कि वह प्रति वर्ष स्कूल के टूर का आयोजन करते है।

उनके द्वारा बताया गया कि नीम करौली बाबा का उद्देश्य प्रेम, सेवा और सत्य के मार्ग पर चलना, दूसरों की मदद करना, और ईश्वर से जुड़ना था।

जिससे आत्मिक शांति प्राप्त हो सके इसलिए वह अपने पूरे स्टाफ को प्रति वर्ष ऐसे टूर पर लेके जाते है जहां से हमें दूसरों को प्रेरणा देने की शक्ति प्राप्त हो।

टूट पर प्रबंधक राज कुमार यादव और सतीश कुमार, संजीव कुमार, किशनपाल, लखविंदर सिंह, सुमित कुमार,शिवानी यादव, कंचन यादव आदि मौजूद रहे।

# ख्वाजा सूफी अजीज मियां के कुल शरीफ में दुआ को उठे हजारों हाथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** भैसोड़ी शरीफ में चल रहे हजरत ख्वाजा सूफी अजीज मियां के उर्स में कुल शरीफ में हजारों हाथ एक साथ दुआ को उठे और मुल्क में अमन चौन के लिए दुआ की गई।

देर रात हुए मुशायरे में शायरो ने कलाम पेश किये तहसील क्षेत्र के ग्राम मुर्शिद नगर भैसोड़ी शरीफ मे चल रहे शहीद- ए- मिल्लत अजीज -उल-औलिया हजरत ख्वाजा सूफी अजीज मियां के 55 वे सालाना उर्स के आज तीसरे दिन सुबह 11:00 कुल शरीफ का आगाज हुआ।

जिसमें उलेमाओ ने हजरत की शान में नातिया कलाम पेश किया और आखिर में कुल के बाद दुआ का सिलसिला शरू हुआ तरक्की, मुल्क में अमन चौन के लिए दुआ की गई। दुआ में हजारों हाथ एक साथ उठे कुल शरीफ के बाद महफिले रंग का प्रोग्राम हुआ जिसमें कव्वालो ने महफिले रंग का शानदार प्रोग्राम पेश किया।

जिस पर मुरीद लोग झूम उठे महफिले रंग के बाद लंगर ख्वानी हुई जिसमें दूर दराज से आए लोगों ने शिरकत की। बाद नमाज-ए-ईशा मुशायरे का आगाज हुआ जिसमें शायरो और उलेमाओ ने अपने-अपने कलाम पेश किये।

उसके बाद महफिले शमा से दरगाह शरीफ का परिसर जगमगा उठा इन सभी कार्यक्रमों में दरगाह के साथ सज्जदानशीन हजरत ख्वाजा सूफी जावेद हसन शाह सहित हजरत के मुरीद और अकीकत मंद सैकड़ो की तादात में मौजूद रहे।



# एस पी एल टूर्नामेंट में फाइनल अरहान लायंस क्लब ने जीता

## विधायक पुत्र उमेर अंसारी ने खिलाड़ियों को दी ट्राफी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्वार/रामपुर।** मंगलवार बिलासपुर रोड हाथे चोराहे के बराबर मैदान पर एक सप्ताह से चल रहे एस पी एल स्वार प्रीमियर लीग नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन हुआ।जिसमे फाइनल में अरहान लायंस क्लब और ग्रीनसिटी क्लब के बीच मैच खेला गया।

जिसमे अरहान लायंस क्लब ने 6 विकेट से मैच जीत कर ट्रॉफी अपने नाम कर ली।इस मौके पर विजेता टीम के कप्तान सुलेमान खान व अन्य खिलाड़ियों को स्वार टांडा विधायक शफीक अहमद अंसारी के पुत्र उमेर अंसारी ने विजे.ता टीम को ट्रॉफी देते हुए सम्मानित किया। टूर्नामेंट में मैन ऑफ द मैच व मैन ऑफ द सीरीज सोनू वकार रहे. विधायक पुत्र उमेर अंसारी ने कहा की यह हमारे क्षेत्र के लियें सौभाग्य की बात है की हमारे क्षेत्र में क्रिकेट के उभरते हुऐ खिलाडी हैं।विधायक पुत्र ने कहा हमारी पूरी कोशिश रहेगी की स्वार और टांडा में एक एक स्टेडियम बने. जिससे हमारे क्षेत्र के खिलाड़ियों में जो प्रीतिभा है उसमे और निखार आये। विधायक जी की पहली प्राथमिकता है की हमारे क्षेत्र से भीं खिलाडी नेशनल लेबल जाकर हमारे स्वार टांडा का नाम रोशन कर सके साथ में वार्ड सभासद सरफराज कुरैशी, इस्लाम राणा,वासित अली, कादिर प्रधान, हनीफ मेंबर, मोहम्मद आसिफ, जावेद मेवाती तौफीक, रोजी, शानू, आदि मौजूद रहे।



# बैनामे को लेकर तहसील में मारपीट ,मौके पर पहुंची पुलिस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को थाना क्षेत्र के सराय इमाम के चार भाइयों के बीच बैनामे के दौरान सब रजिस्टर कार्यालय में मारपीट हो गई। मारपीट में जमकर हाथापाई हुई। मारपीट में एक भाई गंभीर रूप से जख्मी भी हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस तीन लोगों को लेकर थाने आ गई। जबकि एक भाई तहसील से फरार हो गया। मंगलवार को सराय इमाम गांव निवासी शीशपाल अपनी जमीन का बैनामा अपनी पत्नी के नाम कराने तहसील आया था, जिसकी सूचना शीशपाल के भाई गोकुल को लगी। आरोप है कि गोकुल अपने भाई शिशुपाल की जमीन जालसा.जी कर हथियाने के चक्कर में है। आरोप है कि गोकुल और उसके बेटे ने सब रजिस्टर कार्यालय के बाहर अपने भाई शीशपाल के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच बचाव करने आए शेर सिंह के साथ भी मारपीट की गई। मारपीट में शेर सिंह को गंभीर चोटें आई है। मारपीट की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस शेर सिंह, शीशपाल और गोकुल के बेटे टिंकू को थाने ले आई। पुलिस ने शेर सिंह को मेडिकल को भेजकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। बताते चले कि एक दिन पहले भी इन भाइयों के बीच दानपत्र कराने को लेकर विवाद हो चुका था। जिसमें पुलिस की मौजूदगी में तहसील में जमकर हंगामा हुआ था।

## ट्रैक्टर पलटने से दो लोग घायल, रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** ट्रैक्टर द्वारा खेत से इंजन लेने जा रहे व्यक्ति का ट्रैक्टर पलट जाने से दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार क्षेत्र के ग्राम बमनपुरी निवासी भारत सिंह और गांव के ही नरेश शर्मा खेत पर रखे इंजन को ट्रैक्टर के द्वारा लेने जा रहे थे। तभी रास्ते में ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे दोनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन आनन फानन फोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहाबाद लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार देकर दोनों भाइयों की हालत नाजुक होने पर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

**सम्बन्ध विच्छेद सूचना**

मैंने अपने तीन पुत्र अर्जुन,शिवा, देवेश कुमार को गलत कृत्यों के चलते अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल कर सम्बन्ध विच्छेद कर लिया है। भविष्य में इन सभी से और इनके परिवार से मेरा व मेरे परिवार का कोई सम्बन्ध नहीं रहेगा। अपने कृत्य के वह स्वयं जिम्मेदार होंगे।

**महावीर पुत्र बालजीत**
**नि.ग्राम टाण्डा तह. व थाना**
**शाहबाद जिला रामपुर।**

# अखिल भारतीय जाटव महासभा के जिला प्रचार मंत्री बने सत्यवीर सागर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** अखिल भारतीय जाटव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश सागर द्वारा नियुक्ति पत्र जारी किया गया जिसमें सत्यवीर सागर को रामपुर जिला प्रचार मंत्री बनाया गया है। नियुक्ति पत्र दिए जाने के दौरान संगठन की जिम्मेदारियां प्रदान की गई।

प्रदेश अध्यक्ष महेश सागर ने कहा अखिल भारतीय जाटव महासभा मजबूत संगठन है जो कि हमेशा बहुजनों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहता है । अखिल भारतीय जाटव महासभा संगठन उभरता हुआ संगठन है जिसमें युवा बढ़-चढ़कर जुड़ रहे हैं। जिला प्रचार मंत्री सत्यवीर सागर हमारे संगठन में काफी समय से जुड़े हुए थे जिन्हें 07अप्रैल 2025 को जिला प्रचार मंत्री का नियुक्ति पत्र देकर संगठन की जिम्मेदारियां दी गई हैं। हमें उम्मीद हैं कि सत्यवीर सागर द्वारा हमेशा संगठन को मजबूत बनाने व आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। जिला प्रचार मंत्री सत्यवीर सागर ने अखिल भारतीय जाटव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष महेश सागर को विश्वास दिलाया है कि वह पूरी निष्ठा व जिम्मेदारी से अपनी पद की गरिमा को रखते हुए संगठन को मजबूत बनाने का काम करेंगे। इस मौके पर ओम प्रकाश सागर , सर्वेश मौर्य , जबर सिंह सागर आदि संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।



## अखिलेश यादव ने सपा नेता के पुत्र की शादी की दी बधाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी/रामपुर।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मुमताज अहमद सैफी के पुत्र की शादी को लेकर पत्र के माध्यम से शुभकामनाएं दी है जिससे स्वार क्षेत्र के समाजवादी पार्टी कार्यकर्ताओं में हर्ष की लहर है। स्वार थाना क्षेत्र के गांव रुस्तम नगर छपर्रा निवासी मुमताज अहमद सैफी सपा पिछड़ा वर्ग में प्रदेश सचिव है एक दिन पूर्व भी उनके पुत्र की शादी हुई है निमंत्रण सपा प्रमुख अखिलेश यादव को भी भेजा गया था लेकिन शादी समारोह में भाग ना ले पाने के कारण उन्होंने पत्र के माध्यम से शुभकामनाएं दी हैं और पार्टी को मजबूत बनाने के दिशा निर्देश दिए हैं इस दौरान सपाईयों में पत्र को लेकर हर्ष की लहर बनी हुई है।

## आपसी विवाद में एक घायल, रेफर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** मंगलवार को आपसी विवाद के चलते हैं एक गंभीर रूप से घायल हो गये।

शाहबाद थाना क्षेत्र के ग्राम भरतपुर निवासी 51 वर्षीय कमरुद्दीन को उनके ही चचेरे भाई अली अहमद ने बुरी तरह पीटा। कमरुद्दीन ने जानकारी देते हुए बताया चचेरे भाई अली अहमद के लड़के की शादी है तो उनके समधी मेरे घर शादी का कार्ड लेकर आए थे। सिर्फ इसी बात को लेकर अली अहमद ने गाली बकना शुरू कर दिया जब मैने इसका विरोध किया तो अली अहमद ने लाठी से बुरी तरह मारना शुरू कर दिया। और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला कमरुद्दीन को परिवार के लोग कमरुद्दीन को निजी वाहन से साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहबाद लेकर पहुंचे डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद कमरुद्दीन की हालत को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रामपुर रेफर कर दिया।

# छेड़छाड़ के आरोप में दो अज्ञात पर केस दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/ रामपुर।** रविवार को सैफनी थाना क्षेत्र के रहने वाली एक नाबालिक किशोरी ने सैफनी थाने में उसके साथ जबरदस्ती छेड़छाड़ करने वाले दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है उसका आरोप है कि बीते 3 अप्रैल को दिन में लगभग 2:30 बजे वह अपने घर से लकड़ी लेने के लेने अपने खेत पर गई थी जब उसने लकड़ी बांध दी तो लकड़ी उठाने के लिए किसी को देख रही थी तभी मोटरसाइकिल से दो लड़के आए और पीड़िता को अकेला देखकर उसके साथ छेड़खानी करने लगे जब पीड़िता ने उसका विरोध किया और चिल्लाई तो उसके गांव के रिश्ते में दादी चिल्लाकर दौड़ी तब मोटरसाइकिल पर सवार दोनों पीड़ित को छोड़कर भाग गए। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर दो अज्ञात के खिलाफ कैस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापनों के लिए सम्पर्क करें।

**इमरान हुसैन**
**जिला प्रभारी रामपुर**
कार्यालय निकट कचहरी के दूसरे गेट के सामने गली में
सम्पर्क सूत्र 9720093014
7906773314



● विराट कोहली की उपलब्धि और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह पारी के हिसाब से 13 हजार रन के आंकड़े तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी बन गए है

# विराट ने टी-20 में 13 हजार रन बनाए

**मुंबई, वार्ता।** भारतीय स्टार बल्लेबाज विराट कोहली पुरुष टी-20 क्रिकेट में 13 हजार रन बनाने वाले पहले भारतीय और दुनिया के पांचवें क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने अपनी 386वीं पारी के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। 36 वर्षीय कोहली ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ मैच में अपना 17वां रन बनाते ही यह उपलब्धि हासिल की। इसके साथ ही वह टी-20 रन बनाने वाले शीर्ष खिलाड़ियों के क्लब में शामिल हो गए, जिसमें वेस्टइंडीज के

■ **खिलाड़ियों में विंडीज खिलाड़ी क्रिस गेल सबसे आगे है, जिन्होंने 14562 रन बनाए हैं**

महान खिलाड़ी क्रिस गेल सबसे आगे हैं, जो 381 पारियों में 14 हजार 562 रन बनाकर इस सूची में शीर्ष पर हैं। टी-20 में सर्वकालिक रन बनाने वालों की सूची में कोहली से आगे इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स (474 पारियों में 13,610), पाकिस्तान के शोएब मलिक (487 पारियों में 13,557) और वेस्टइंडीज के ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड (594 पारियों में 13,537) हैं। कोहली की यह उपलब्धि और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि वह पारी के हिसाब से 13,000 रन के आंकड़े तक पहुंचने वाले दूसरे सबसे तेज खिलाड़ी बन गए हैं, उनसे आगे केवल गेल हैं। सभी प्रारूपों में अपनी निरंतरता और क्लास के लिए जाने जाने वाले कोहली आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए मुख्य खिलाड़ी बने हुए हैं और विश्व क्रिकेट में सबसे भरोसेमंद बल्लेबाजों में से एक हैं।

## आईपीएल-2025 का यह सप्ताह शानदार होगा: शेन वॉटसन

● **बुमराह की वापसी से मुंबई को सपोर्ट मिलेगा, 13 अप्रैल को एमआई-डीसी के बीच मुकाबला**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व खिलाड़ी और जियोस्टार एक्सपर्ट शेन वॉटसन को लगता है आईपीएल 2025 का यह सप्ताह काफी शानदार होने वाला है। दरअसल, इस सप्ताह कई राइवल मैच होने है। 12 अप्रैल को गुजरात का सामना लखनऊ से और 13 अप्रैल को मुंबई का सामना दिल्ली से होगा। शेन वॉटसन ने कहा कि मेरे लिए इसमें कोई संदेह नहीं है कि दिल्ली कैपिटल्स और मुंबई इंडियंस के बीच एक शानदार मुकाबला होने वाला है। दिल्ली कैपिटल्स के पास काफी अच्छी टीम है। वहीं, तेज गेंदबाज जसप्रीत बुम. राह की वापसी से मुंबई इंडियंस को सपोर्ट मिलेगा, जिसकी उन्हें जरूरत थी। इसलिए मुझे लगता है कि यह इस राइवल वीक के बेस्ट मुकाबलों में से एक होने वाला है।श उन्होंने आगे कहा कि लीग में इस समय जब बात लखनऊ जायंट्स और गुजरात टाइटंस की हो रही है तो जीटी आग उगल रही है। उन्होंने अपने आखिरी मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ बहुत अच्छा खेला। टीम ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। इसलिए मुझे लगा कि लीग की शुरुआत से पहले जीटी टीम में कुछ कमियां रही होंगी, लेकिन टीम ने हैदराबाद के खिलाफ इस सीजन पहली बार वॉशिंगटन सुंदर को खिलाया, वे वास्तव में अपनी टीम के लिए काफी वैल्युएबल प्लेयर साबित होंगे। अक्षर पटेल शानदार लीडर वॉटसन ने कहा, श्जब बात इस सीजन किसी बेहतरीन खिलाड़ी की आती है, तो मैं अक्षर पटेल का नाम लूंगा।

# रजत पाटीदार पर लगा धीमे ओवर रेट का जुर्माना



**मुम्बई, वार्ता।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार पर मुंबई इंडियंस के खिलाफ धीमे ओवर रेट के लिए 12 लाख रूपये जुर्माना लगा हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के कप्तान रजत पाटीदार पर सोमवार रात मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस पर जीत के दौरान धीमे ओवर रेट के लिए यह जुर्माना लगाया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)2025 में आरसीबी पर पहली बार धीमे ओवर रेट अपराध के लिए जुर्माना लगा हैं। इससे पहले हार्दिक पांड्या, रियान पराग और ऋषभ पंत पर भी

● **रजत की अगुवाई वाली आरसीबी निर्धारित समय में अपने ओवर पूरे नहीं कर पाई थी**

धीमे ओवर रेट के लिए जुर्माना लगा चुका हैं। पाटीदार की अगुवाई वाली आरसीबी निर्धारित समय में अपने ओवर पूरे नहीं कर पाई थी। आईपीएल की आचार संहिता के तहत उन्हें धीमे ओवर रेट का दोषी करार देते हुए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। आरसीबी ने मैच में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत मुम्बई इंडियंस को 12 रनों से हरा दिया था।

## पुकोवस्की ने चोट के कारण क्रिकेट से लिया संन्यास



■ **27 वर्षीय विल पुकोवस्की ने 2021 में भारत के खिलाफ एक टेस्ट खेला था**

**मेलबर्न, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर विल पुकोवस्की ने चोट के कारण क्रिकेट से सभी प्रारुपों से संन्यास ले लिया हैं।

विल पुकोवस्की ने मंगलवार को मेलबर्न में एसईएन रेडियो पर अपने संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि बहुत निराश हूं, यह बहुत कठिन साल रहा है। उन्होंने कहा कि काश मैं बेहतर परिस्थितियों में होता। उन्होंने कहा कि सरल संदेश यह है कि मैं फिर से किसी भी स्तर पर क्रिकेट नहीं खेलूंगा। 27 वर्षीय पुकोवस्की ने 2021 में भारत के खिलाफ एक टेस्ट खेला था।

वह पिछले वर्ष शेफील्ड शील्ड में मैच के दौरान तस्मानिया के खिलाफ रिले मेरेडिथ की गेंद हेलमेट पर लगने के बाद वे चोटिल होकर रिटायर हर्ट हो गए थे। पिछले वर्ष ही चोट लगने के बाद एक स्वतंत्र मेडिकल पैनल ने पुकोवस्की को क्रिकेट से संन्यास लेने का सुझाव दिया था। उन्हें किशोरावस्था में फुटबॉल खेलते समय पहली बार सिर में चोट लगी थी। वह कंस्यूशन से पीड़ति थे। पुकोवस्की ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 45-19 की औसत से 2350 रन बनाए, जिसमें सात शतक शामिल हैं, जिनमें से तीन दो. हरे शतक शामिल है।

## वनडे त्रिकोणीय सीरीज भारतीय टीम में तीन नए खिलाड़ी

■ **आयरलैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में बाहर बैठने के बाद हरमनप्रीत को कप्तान बनाया गया**

**मुम्बई, वार्ता।** श्रीलंका में होने वाले एकदिवसीय त्रिकोणीय सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम में काशवी गौतम, एन श्री चरनी और शुचि उपाध्याय को पहली बार शामिल किया गया है।

चयनकर्ताओं ने जनवरी में आयरलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में बाहर बैठने के बाद हरमनप्रीत कौर को बतौर कप्तान के रूप में टीम में जगह दी है। इसके अलावा स्नेह राणा, यास्तिका भाटिया, अरुंधति रेड्डी और अमनजोत कौर को भी टीम में शामिल किया गया हैं। चयनकर्ताओं ने चोटिल रेणुका सिंह, पूजा वस्त्रकार और तेज गें. दबाज तीतास साधु के नाम पर विचार नहीं किया गया। 21 वर्षीय का काशवी गौतम इस साल वूमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में से एक रहीं। उन्होंने अपने नौ मैचों में 11 विकेट लिए। वहीं बीस वर्षीय बाएं हाथ की स्पिनर चरनी ने डब्ल्यूपीएल में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के लिए सिर्फ दो मैच खेले और चार विकेट चटकाए। इस बीच, बाएं हाथ की स्पिनर उपाध्याय पिछले साल दिसंबर में आयोजित सीनियर महिला एकदिवसीय ट्रॉफी में तीसरी सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज थीं। उन्होंने



भारतीय टीम का फाइल फोटो

तब नौ पारियों में 3-48 की इकॉनमी रेट और 15-44 की औसत से 18 विकेट चटकाए थे। उन्हें प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया। उनकी टीम मध्य प्रदेश ने ट्रॉफी जीती। इस वर्ष भारत में सितंबर-अक्टूबर में होने वाले एकदिवसीय विश्व. कप को ध्यान में रखते हुए यह श्रृंखला तीनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण है। त्रिकोणीय सीरीज की तीसरी टीम दक्षिण अफीका है। सीरीज के सभी मैच कोलंबो के प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जायेंगे। पहला मुकबाला 27 अप्रैल को भारत और श्रीलंका के बीच होगा। 19 अप्रैल को भारतीय टीम दक्षिण अफीका से भिड़ेगी। दो मई को श्रीलंका और दक्षिण अफ्रीका, चार मई को श्रीलंका भारत, सात मई को भारत दक्षिण अफ्रीका और नौ मई को श्रीलंका और दक्षिण अफीका के बीच मैच खेला जायेगा। सीरीज का फाइनल 11 मई का होगा। एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारतीय महिला टीम में हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), प्रतिका रावल, हरलीन देयोल, जेमिमा रोड्रिग्स, ऋचा घोष (विकेटकीपर), यास्तिका भाटिया (विकेटकीपर), दीप्ति शर्मा, अमनजोत कौर, काशवी गौतम, स्नेह राणा, अरुंधति रेड्डी, तेजल हसबनिस, श्री चरणी और शुचि उपाध्याय।

## कलिंगा सुपर कप 2025 के कार्यक्रम घोषित

■ **कलिंगा सुपर कप 20 अप्रैल से 3 मई तक खेला जाएगा**

**नई दिल्ली, वार्ता।** कलिंगा सुपर कप 2025 ओडिशा के भुवनेश्वर में 20 अप्रैल से 3 मई तक खेला जायेगा जिसमें 16 क्लब (इंडियन सुपर लीग से 13 और आई-लीग से तीन) भाग लेंगे। नॉक आउट प्रारूप में खेले जाने टूर्नामेंट के सभी मैच कलिंगा स्टेडियम में होंगे।

आईएसएल टीमों को 2024-25 सत्र में उनकी अंतिम लीग स्थिति के अनुसार राउंड ऑफ 16 के लिए वरीयता दी गई थी। तीन आई-लीग टीमों चर्चिल ब्रदर्स एफसी गोवा, इंटर काशी और गोकुलम केरल एफसी ने अपनी भागीदारी की पुष्टि कर दी है। उनका सामना शीर्ष तीन आईएसएल टीमों (मोहन बागान सुपर जायंट, एफसी गोवा और बेंगलुरु एफसी) से होगा। इन तीनों मुकाबलों का फैसला 9 अप्रैल को ड्रॉ से होगा। राउंड ऑफ 16 20, 21, 23 और 24 अप्रैल को, क्वार्टर फाइनल 26 और 27 अप्रैल को, सेमीफाइनल 30 अप्रैल को और फाइनल 3 मई को खेला जाएगा। यदि राउंड ऑफ 16, क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल में 90 मिनट के अंत में स्कोर बराबर रहता है, तो कोई अतिरिक्त समय नहीं होगा और विजेता का निर्धारण पेनल्टी शूट-आउट से होगा।

यदि फाइनल में 90 मिनट के अंत में स्कोर बराबर रहता है, तो अतिरिक्त समय होगा, जिसके बाद चैंपियन का निर्धारण करने के लिए पेनल्टी शूट-आउट होगा। कलिंगा सुपर कप 2025 के विजेता 2025-26 एएफसी चैंपियंस लीग टू प्रारंभिक दौर के लिए क्वालीफाई करेंगे। ईस्ट बंगाल एफसी गत चैंपियन है, जिसने भुवनेश्वर में 2024 के फाइनल में ओडिशा एफसी को हराया था।

## हार्दिक पांड्या के विस्फोट के बावजूद मुम्बई को मिली हार



**मुबंई, वार्ता।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के एक बेहद रोमांचक मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने मुबंई इंडियन (एमआई) को 12 रन से हरा दिया। बेंगुलुरु दस साल बाद वानखेड़े स्टेडियम में मुबंई को हराने में सफल रहा है।

हार्दिक पांड्या (42 रन 15 गेंद) और तिलक वर्मा (56) के क्रीज पर रहते मुकाबला मुबंई के पाले में जाता दिख रहा था मगर 18वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार की ऑफ स्टंप के बाहर जाती धीमी गति की गेंद को कट करने के प्रयास में तिलक डीप कवर में कैच दे बैठे जबकि अगले ही ओवर में पांड्या को जोश हेजलवुड ने अपना शिकार बना लिया। दोनो के आउट होने के बाद मुकाबला एक बार फिर बेंगलुरु के पाले में चला गया। आरसीबी के दिये गए 222 रन के जवाब में मुबंई इंडियंस निर्धारित 20 ओवर में नौ विकेट पर 209 रन ही बना सकी। लक्ष्य पीछा करने उतरी मुबंई की शुरुआत औसत रही। 12वें ओवर में सूर्य कुमार यादव (28) के आउट होने के बाद पांड्या ने क्रीज पर आते ही चौके छक्कों की बरसात कर दी। उन्होने हेजलवुड के ओवर में दो चौके और दो छक्के जड़ कर मैच को रोमांच से भर दिया जबकि अगले ओवर में उन्होने अपने भाई कृणाल पांड्या पर भी रहम नहीं किया और उनकी भी जमकर धुनायी की। दूसरे छोर पर तिलक वर्मा भी बेंगलुरु के गेंदबाजो पर कहर बरपाते रहे और दोनो ने 89 रन की पार्टनरशिप कर डाली। इससे पहले विराट कोहली (67)-देवदत्त पड्डिक्कल (37) के बीच 91 रन और कप्तान रजत पाटीदार (62) -जितेश शर्मा (40 नाबाद) के बीच 69 रन की विस्फोटक साझीदारियों की बदौलत आरसीबी ने मुबंई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ पांच विकेट पर 221 रन का स्कोर खड़ा कर लिया।

## लखनऊ ने कोलकाता को चार रन से हराया

■ **पूरन ने नाबाद 87 रन और मिचेल मार्श ने 81 रनों की पारी खेली**



**कोलकाता, वार्ता।** निकोलस पूरन (नाबाद 87), मिचेल मार्श (81) की अर्धशतकीय और एडन मारक्रम (47) की तूफानी पारियों के बाद गेंदबाजों शानदार प्रदर्शन की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के 21वें मुक. ाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को चार रन से हरा दिया। लखनऊ सुपर जायंट्स की यह इस सत्र की तीसरी जीत हैं। 239 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोलकाता नाइट राइडर्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 37 के स्कोर पर सलामी बल्लेबाज क्विंटन डी कॉक (15) का विकेट गवां दिया। क्विंटन डी कॉक को तीसरे ओवर में आकाश दीप ने पगबाधा आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए कप्तान अजिंक्य रहाणे ने सुनील नारायण के साथ पारी को संभाला। सातवें ओवर में दिग्वेश राठी ने सुनील नारायण (30) को एडन मारक्रम के हाथों कैच आउट करा कोलकाता को दूसरा झटका दिया। 13वें ओवर में शार्दुल ठाकुर ने अजिंक्य रहाणे को निकोलस पूरन के हाथों कैच आउट कराकर लखनऊ को तीसरी सफलता दिलाई। अजिंक्य रहाणे ने 35 गेंदों में आठ चौके और दो छक्के लगाते हुए (61) रनों की पारी खेली। कोलकाता का चौथा विकेट रमनदीप सिंह (एक) के रूप में गिरा। उन्हें रवि बिश्नोई ने आउट किया। 15वें ओवर में आवेश खान ने अंगकृष रघुवंशी (पांच) को विकेटकीपर ऋषभ पंत के हाथों कैच आउटकरा दिया।16वें ओवर में आकाश दीप ने वेंकटेश अय्यर को मारक्रम के हाथों कैच आउटकरा कर पवेलियन भेज दिया। वेंकटेश अय्यर ने 29 गेंदों में एक छक्के और छह चौकों की मदद से (45) रन बनाए। 17वें ओवर में शार्दुल ठाकुर ने आंद्रे रसल (सात) को आउट किया। रिंकू सिंह ने अंतिम ओवरों में तूफानी बल्लेबाजी और अपनी टीम को जीत की दहलीज तक, तो ले गए, लेकिन जीत नहीं दिला पाए। रिंकू सिंह ने 15 गेंदों में छह चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 38) रनों की पारी खेली। हर्षित राणा (10) रन बनाकर नाबाद रहे। कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 234 रन ही बना सकी और चार रन से मुकाबला हार गई।

# सम्पादकीय

बुधवार , 9 अप्रैल 2025

## क्यों पिछड़ रही कांग्रेस

गुजरात के अहमदाबाद में कांग्रेस का 84वां अधिवेशन हो रहा है। जो 8 से 9 अप्रैल तक चलेगा। मंगलवार को पहले दिन कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक चार घंटे चली। मीटिंग के बाद कार्यसमिति के सभी सदस्यों को पटेल लाइफ नाम की पुस्तक दी गई। कांग्रेस को अब लगा कि वह अगले चुनाव में अपना अस्तित्व बरकरार रख सकती है। आज इन्हें सरदार वल्लभाई पटेल याद आ रहे है। अगर पार्टी का प्रदर्शन गिरा, तो गांधी परिवार पर भी सवाल उठेंगे। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि भाजपा और पीएम नरेंद्र मोदी के सामने कांग्रेस कहां पिछड़ रही है और विपक्षी दलों के बीच ग्रैंड ओल्ड पार्टी की पोजीशन क्या है। आज अधिवेशन में 158 सदस्य मौजूद थे और सरदार पटेल पर विशेष चर्चा हुई और प्रस्ताव पास हुआ। गुजरात में अधिवेशन होना ही विशेष है। सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर बैठक हो रही है। पटेल और जवाहरलाल नेहरु आधुनिक भारत के निर्माता थे। इन दोनों के बीच कोई रिश्ता नहीं होने का दावा करने वाले झूठ बोल रहे हैं। इसके अलावा कांग्रेस को इस बात पर भी जोर देना होगा कि तराजू के दोनों पलड़ों का आकलन किया जाए। किस तरफ क्या है और क्या नहीं है? लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की ताकत और कमजोरियां क्या रही हैं, इन सब बातों पर भी मंथन करना जरूरी है। आज देश में जिस तरह नफरत फैल रही है, वहीं कांग्रेस इसे खत्म करने की कोशिश कर रही है। उसे लोगों के बीच जाना होगा और अपने एजेंडे तथा पिछले किए गए कामों को बताना होगा, ताकि लोग उसमें विश्वास कर सकें। क्योंकि निकाय से लेकर लोकसभा तक भाजपा हर चुनाव पूरी गंभीरता और ताकत से लड़ती है। पन्ना प्रमुख' और 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' जैसे नए कॉन्सेप्ट से बीजेपी ने भारत में चुनावी राजनीति को नई दिशा दी है। आज के समय में भी कांग्रेस ही असल मायने में अखिल भारतीय पार्टी है। चौतरफा निराशा और निगेटिव खबरों के बावजूद, पार्टी की तीन राज्यों में सरकारें हैं। कर्नाटक, तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस का जलवा बरकरार है। 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को 19 प्रतिशत से ज्यादा वोट मिले थे। यह अकेली विपक्षी पार्टी थी जिसे डबल डिजिट में वोट मिले थे। ऐसे में पिछड़ने के बाद भी कांग्रेस दूसरे विपक्षी दलों से आगे है। राहुल की पहले भारत जोड़ो यात्रा, फिर भारत जोड़ो न्याय यात्रा... लोग कह रहे हैं कि इंडियन पॉलिटकल लीग में पार्टी अब गंभीरता दिखा रही है। हालांकि राहुल गांधी की इन यात्राओं का चुनाव में कितना असर दिखेगा, यह कहा नहीं जा सकता है। पिछले डेढ़ साल से राहुल लगातार घूमते रहे हैं। रोडशो किया, ट्रक में घूमे, लोगों से मिले, बातें की। इससे उनकी इमेज भी सुधरी है। राहुल गांधी बीजेपी-आरएसएस को खतरा बताते रहे हैं, लेकिन अब उन्हें और उनकी पार्टी को नए नारों की जरूरत है, जिससे पीएम मोदी और भाजपा को चुनौती दी जा सके। ज्योतिरादित्य सिंधिया से लेकर मिलिंद देवड़ा तक राहुल गांधी के कई पुराने साथी एक-एक कर 10 साल में बिछड़ गए। आज के कई मुख्यमंत्री पहले कांग्रेसी हुआ करते थे। कांग्रेस छोड़कर पहले भी नेता गए हैं, लेकिन राहुल की लीडरशिप में यह ज्यादा हुआ। वास्तव में आज कांग्रेस के सामने अगर कोई बड़ी चुनौती है तो उसे बूथस्तर पर एक मजबूत कार्यकर्ता की है देखने में आया भी है कि कांग्रेस के शीर्ष नेता चाहे वह राहुल गांधी हो या प्रियंका गांधी चुनावी सभाओं में भीड़ खींचने में तो सफल दिखाई देते है, लेकिन वह उसको वोट में कन्वर्ट नहीं कर पाते। आलोचक भी यही बात कहते है कि कांग्रेस भीड़ को वोटों में नहीं बदल पाती। यह कांग्रेस को सोचना होगा कि इस समस्या का समाधान ढूंढने के लिए शीर्ष मंथन के बाद किस तरह आगे बढ़ा जाए। इस समय जो अच्छी बात है वो यह है कांग्रेस के बड़े नेताओं से अब यह संकेत मिलने लगे है कि वह इस समस्या पर गंभीरता से विचार कर रहे है और अब उन्हे लगने लगा है कि कांग्रेस पार्टी को बूथस्तर पर संगठन को मजबूती देनी होगी। जाहिर है उसके लिए जरूरी है युवाओं को उसके लिए ज्यादा प्रेरित किया जाए। अहमदाबाद में होने जा रही यह बैठक भी इसी का हिस्सा है।

## अहिंसा के सामने कोई ताकत टिक नहीं सकती



सरदार वल्लभभाई पटेल और पंडित जवाहरलाल नेहरू के संबंधों को लेकर भाजपा और आरएसएस भले ही दुष्प्रचार का प्रयास कर रही है, लेकिन सच यह है कि दोनों की सोच एक थी और इसी के परिणाम स्वरूप सरदार पटेल ने आरएसएस पर बैन लगाया और दुनिया भर में कांग्रेस का नाम रोशन किया, सांप्रदायिक सद्भाव बिगाड़कर देश के बुनियादी मसलों से ध्यान भटकाने का आज काम हो रहा है और सीमित लोगों द्वारा देश के संसाधनों पर कब्जा करते हुए शासन को नियंत्रित करने का काम हो रहा है, गुजरात की धरती पर पैदा हुई तीन महान हस्तियों ने कांग्रेस का नाम दुनिया भर में रोशन किया है, इनमें दादा भाई नौरोजी, महात्मा गांधी और सरदार वल्लभ भाई पटेल, ये सभी हमारी कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष रहे, गांधी जी ने हमें अन्याय के खिलाफ सत्य और अहिंसा का हथियार दिया। ये इतना मजबूत वैचारिक हथियार है कि इसके सामने कोई ताकत टिक नहीं सकती।

**मल्लिकार्जुन खड़गे**
**कांग्रेस अध्यक्ष**

# जंगल उजड़ते रहे और हिरण मरते रहे , पर मुकदमा किस पर चले

**सालों पहले बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान पर काले हिरण (ब्लैकबक) के शिकार का मामला दर्ज हुआ था, वह मामला आज भी अदालतों की फाइलों में जीवित है, चर्चा में है और उसके जरिये यह संदेश दिया जाता है कि कानून के सामने सभी समान हैं, लेकिन वास्तव में ऐसा है? आज जब हैदराबाद जैसे शहर के बाहर एक पूरा जंगल नष्ट कर दिया जाता है, जहां दर्जनों हिरणों की जान जाती है**



**प्रियंका सौरभ**

भारत में पर्यावरणीय न्याय के दोहरे मापदंड है। एक ओर अभिनेता सलमान खान पर एक हिरण के शिकार का वर्षों तक मुक़दमा चलता है, जबकि दूसरी ओर, हैदराबाद में एक पूरे जंगल को उजाड़ दिया जाता है। जिसमें दर्जनों हिरण मारे जाते हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होती। क्यों व्यक्तिगत अपराधियों को कठघरे में खड़ा किया जाता है, जबकि संस्थागत अपराधों पर कानून मौन हो जाता है। साथ ही यह पर्यावरण संरक्षण कानूनों की अक्षमता, मीडिया की चुप्पी और समाज की निष्क्रियता है। यह जरूरी है कि वन्यजीवों और जंगलों की रक्षा के लिए आवाज़ उठाएं और न्याय की परिभाषा को व्यापक और निष्पक्ष बनाएं।

सालों पहले बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान पर काले हिरण (ब्लैकबक) के शिकार का मामला दर्ज हुआ था। वह मामला आज भी अदालतों की फाइलों में जीवित है, चर्चा में है, और उसके जरिये यह संदेश दिया जाता है कि कानून के सामने सभी समान हैं। लेकिन क्या वास्तव में ऐसा है? आज जब हैदराबाद जैसे शहर के बाहर एक पूरा जंगल नष्ट कर दिया जाता है, जहां दर्जनों हिरणों की जान जाती है, तो न तो खबरें बनती हैं, न जांच बैठती है और न ही कोई मुकदमा चलता है। क्या कानून सिर्फ उन्हीं पर लागू होता है जो प्रसिद्ध हैं, और संस्थाएं या सरकारें इससे परे हैं?

### वन्यजीव और पर्यावरण संरक्षण कानून...

भारत में पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण के लिए कई सख्त कानून मौजूद हैं। भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के तहत किसी भी संरक्षित जीव की हत्या, पकड़ या उसे नुकसान पहुंचाना दंडनीय अपराध है। वहीं, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम, 1986 प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा और प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए एक व्यापक कानूनी ढांचा प्रस्तुत करता है। लेकिन ये कानून कितने प्रभावी हैं, यह इस बात पर निर्भर करता है कि उन्हें लागू करने की राजनीतिक और सामाजिक इच्छाशक्ति कितनी है।

### दोहरे मापदंडः व्यक्तियों पर सख्ती , संस्थाओं पर मौन...

सलमान खान जैसे अभिनेता के खिलाफ मामला इसलिए सुर्खियों में रहा क्योंकि वह एक प्रसिद्ध चेहरा थे। उन्हें कानूनी प्रक्रिया से गुजरना पड़ा, जेल भी जाना पड़ा भले ही बाद में जमानत मिल गई। यह दिखाने के लिए पर्याप्त था कि कानून काम कर रहा है। पर जब बात किसी कॉर्पोरेट प्रोजेक्ट, सरकारी योजना या शहरी विकास परियोजना की आती है, जो एक साथ सैकड़ों पेड़ों और दर्जनों जानवरों की बलि लेती है, तो प्रशासन मौन हो जाता है। न मुकदमा, न मीडिया ट्रायल, न जनआंदोलन।

### हैदराबाद की घटनाः जंगल की मौत, हिरणों का नरसंहार...

हैदराबाद के बाहरी इलाके में एक बड़ी इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजना के तहत जंगल का एक विशाल क्षेत्र साफ कर दिया गया। इस क्षेत्र में रहने वाले हिरण, नीलगाय, खरगोश और कई पक्षियों की प्राकृतिक निवास स्थली नष्ट हो गई।

सूत्रों के अनुसार, जंगल की सफाई के दौरान दर्जनों हिरण मारे गए, कुछ मशीनों की चपेट में आए, तो कुछ भोजन और पानी की कमी से मारे गए। इस पर कोई औपचारिक आंकड़ा या सरकारी रिपोर्ट नहीं आई। कारण साफ हैकृइसका जिम्मेदार कोई व्यक्ति नहीं, बल्कि 'प्रोजेक्ट' था। और प्रोजेक्ट्स पर मुकदमा नहीं चलता।

### मीडिया और न्याय प्रणाली की भूमिका...

यह भी गौर करने योग्य है कि मीडिया की भूमिका भी इन दो चेहरों वाली न्याय व्यवस्था को बनाए रखने में मदद करती है। जहां एक ओर सेलेब्रिटी केस महीनों तक चौनलों पर बहस का मुद्दा बनते हैं, वहीं दूसरी ओर हैदराबाद जैसी घटनाओं की खबरें स्थानीय अख़बारों के कोनों में दब जाती हैं या पूरी तरह नज़रअंदाज़ हो जाती हैं। न्याय प्रणाली भी अक्सर ऐसे मामलों को गंभीरता से नहीं लेती जब तक कि कोई जनहित याचिका दायर न की जाए या कोई एनजीओ इस पर विशेष ध्यान न दे।

### हमारी भूमिकाः सवाल पूछना जरूरी है...

समाज का भी दायित्व है कि वह ऐसे दोहरे मापदंडों पर सवाल उठाए। जब एक हिरण के शिकार पर हम नाराज़ होते हैं, तो सैकड़ों जानवरों की मौत पर हम क्यों चुप हो जाते हैं। क्या जंगल सिर्फ विकास के नाम पर बलिदान चढ़ाने के लिए हैं। क्या विकास की परिभाषा में प्रकृति का विनाश अनिवार्य है। हमें इन सवालों को अपने शहर, राज्य और देश के प्रशासन से पूछना होगा।



### कानूनी समाधान और संभावनाएं

इस तरह की घटनाओं के खिलाफ राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) में मामला दायर किया जा सकता है। जनहित याचिकाएं (पीआईएल) उच्च न्यायालयों और सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की जा सकती हैं। पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) की प्रक्रियाएं पारदर्शी और मजबूत की जानी चाहिएं, ताकि किसी भी परियोजना को जंगलों को नुकसान पहुंचाने से पहले कठोर जांच से गुजरना पड़े।

### जन आंदोलन और युवाओं की भागीदारी...

इतिहास गवाह है कि जब-जब जन आंदोलनों ने पर्यावरण की रक्षा के लिए आवाज़ उठाई है, तब-तब व्यवस्थाओं को झुकना पड़ा है। आज भी जरूरत है कि छात्र, युवा, पर्यावरण प्रेमी, पत्रकार और जागरूक नागरिक मिलकर इस प्रकार के जंगल विध्वंस के खिलाफ संगठित हो जाएं। सोशल मीडिया एक सशक्त माध्यम हो सकता है, लेकिन उससे आगे जाकर जमीन पर भी बदलाव की मांग करनी होगी।

### न्याय का पुनर्परिभाषण...

सलमान खान पर मुकदमा इसलिए नहीं गलत था क्योंकि वह अकेले दोषी थे, बल्कि इसलिए कि वह अकेले दोषी नहीं थे। असली समस्या यह है कि बाकी दोषी लोग, संस्थाएं और परियोजनाएं कभी कटघरे में नहीं खड़ी होतीं।

# हिंदू राष्ट्र संभव राजशाही कदापि नहीं...

**2008 से अब तक नेपाल में 13 सरकारें सत्तासीन हुई और सभी मेल गठबंधन से यहां गठबंधन सरकारों पर गौर करें तो लभगभ सभी दल दुश्मन का दुश्मन दोस्त के फार्मूले पर ही सत्तासीन होते रहे , अभी की नेपाली कांग्रेस और चीन समर्थक ओली की एमाले गठबंधन की सरकार भी उसी तर्ज पर है नेपाली कांग्रेस भारत का समर्थक माना जाता है**



**यशोदा श्रीवास्तव**

नेपाल में हुई हाल की घटनाओं को राजशाही के आगाज की दृष्टि से देखा जाना मुनासिब नहीं है,हां इसे हिंदू राष्ट्र की बढ़ रही मांग माना जा सकता है। नेपाल राजा शासन के वक्त नेपाल हिंदू राष्ट्र था। वहां मुस्लिम, क्रिश्चियन आदि की आबादी इतनी भी नहीं है कि वे हिंदू राष्ट्र का विरोध करें। इस छोटी समुदाय को हिंदू राष्ट्र से कोई गिला शि. कवा भी नहीं रहा। राजशाही खत्म होने के बाद जब लोकतांत्रिक सरकार का गठन हुआ तब संविधान में नेपाल को धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित किया गया। यह शासक दलों का अपना फैसला था न कि किसी ने इसकी मांग की थी।

हैरत है कि धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र घोषित होने के बाद कुछ राजनीतिक दलों को हिंदू राष्ट्र की याद आई इसमें नेपाली कांग्रेस भी शामिल है। पिछले आम चुनाव में नेपाली कांग्रेस अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा ने अपने भाषणों में कहा था कि उनकी सरकार सत्ता में आई तो हिंदू राष्ट्र की पुनर्बहाली पर विचार करेगी। बहरहाल नेपाली कांग्रेस सत्ता में नहीं आई। और अभी राजा समर्थक प्रदर्शन के बीच नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशांक कोइराला ने भी हिंदू राष्ट्र के पक्ष में अपनी राय जाहिर की है। नेपाल में जब से लोकतंत्र बहाल हुआ तब से हुए अब तक चार चुनावों में किसी एक दल को पूर्ण बहुमत नहीं नसीब हुआ लिहाजा गठबंधन की सरकारें आती जाती रहीं।

लोकतांत्रिक नेपाल का यह सबसे बड़ा दुर्भाग्य है। हैरत है कि वर्ष 2008 से अब तक नेपाल में 13 सरकारें सत्तासीन हुई और सभी मेल गठबंधन से। यहां गठबंधन सरकारों पर गौर करें तो लगभग सभी दल दुश्मन का दुश्मन दोस्त के फार्मूले पर ही सत्तासीन होते रहे। अभी की नेपाली कांग्रेस और चीन समर्थक ओली की एमाले गठबंधन की सरकार भी उसी तर्ज पर है। नेपाली कांग्रेस को भारत का समर्थक माना जाता है।

राजशाही समर्थक नेपाल में 1991 का संविधान फिर से लागू किए जाने,देश में संवैधानिक राजशाही दोबारा लागू करके राजशाही और संसदीय लोकतंत्र एक साथ होने की मांग कर रहे हैं। यह संभव नहीं है। सभी राजनीतिक दलों ने एक स्वर से इस मांग को अस्वीकार कर दिया है। पूर्व पीएम प्रचंड जो हाल की घटनाओं के लिए ओली सरकार को जिम्मेदार मानते हैं उन्होंने भी राजशाही की वापसी की मांग को खतरनाक माना है। प्रचंड ने तो पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र को नारायण हिटी नरसंहार की घटना का जिम्मेदार मानते हुए उक्त घटना की जांच हेतु आयोग के गठन तक की कर डाली। 2001 में नेपाल नरेश स्वर्गीय वीरेंद्र विक्रम शाह सहित संपूर्ण परिवार की उस समय हत्या कर दी गई थी जब यह शाही परिवार साप्ताहिक भोज पर इकट्ठा था। इस घटना का आरोप उनके बड़े बेटे दीपेंद्र पर लगा था। कहा गया कि नशे की हालत में उन्होंने पूरे परिवार की गोली मारी कर हत्या कर खुद को भी गोली मारी ली थी। घायल दीपेंद्र की भी दो दिन बाद मौत हो गई लिहाजा इस घटना की सच्चाई से पर्दा उठने से रह गया। प्रचंड ने ढाई दशक पूर्व की इस घटना की जांच की मांग कर नेपाल की राजनीति में न केवल हलचल मचा दी वे पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के निशाने पर आ गए।

यह एक सच्चाई है कि लोकतंत्र बहाली के बाद से गठबंधन और अस्थिर सरकारों ने जनता का कोई भला नहीं किया। जनता में आक्रोश स्वाभाविक है, उसे किसी तीसरे विकल्प की तलाश तो है लेकिन वह राजशाही नहीं हो सकता। हां इस आंदोलन को तब भारी समर्थन मिल सकता था जब स्वर्गीय वीरेंद्र विक्रम शाह जीवित होते। नेपाल राज्याभिषेक परंपरा के अनुसार उनके छोटे भाई ज्ञानेंद्र शाह राजा तो हो गए थे, लेकिन जनता में इनकी वह लोकप्रियता नहीं थी जो स्वर्गीय वीरेंद्र की थी। आज भी नेपाल में घर घर स्वर्गीय नरेश विरेंद्र और उनकी पत्नी एश्वर्य राज लक्ष्मी की तस्वीरें टंगी हुई दिख रही हैं। नेपाल में राजा को विष्णु का अवतार माना जाता है इस वजह से वे जनमानस में श्रेय होते हैं।

बेमेल गठबंधन और अस्थिर सरकारों से जनता की नाराज़गी का फायदा राजा वादी समर्थकों ने पूर्व नरेश को आगे कर उठाने की भरपूर कोशिश की। पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र को भी पुनः राजसत्ता का सपना आने लगा। वे भी अपने लोगों के स्वागत समारोहों में शामिल होकर जनता का नायक बताने लगे नतीजा उनके समर्थक कुछ ज्यादा उत्साहित हो उठे। अभी कुछ रोज पहले काठमांडू में जिस तरह की अशांति हुई, उससे पूर्व नरेश के प्रति लोगों में नाराजगी ही दिखी। एक टीवी कैमरामैन सहित दो की हत्या, निर्दोषों के घरों में आगजनी और आते जाते निजी और सरकारी वाहनों में तोड़फोड़ की घटना को उन अराजक तत्वों का कारनामा माना गया जो पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के समर्थन में पूरे नेपाल खासकर तराई बेल्ट से आए हुए लोग थे।

फरवरी से लेकर मार्च के अंतिम सप्ताह तक काठमांडू सहित नेपाल के विभिन्न हिस्सों में राजा वादी समर्थकों के कार्यक्रम आयोजित होते रहे हैं जिसमें काठमांडू का कार्यक्रम हिंसक हुआ है। राजा वादियों के समर्थन में जगह जगह भारी भीड़ तो उमड़ी लेकिन इसे पूर्व नरेश ज्ञानेंद्र के पक्ष में लहर या आंधी नहीं कह सकते। आखिर राजशाही के खिलाफ 1996 से 2006 तक चले जनयुद्ध में आम जनता ही भागीदार रही। हजारों आंदोलनकारियों ने अपनी जान भी दी। ऐसे में राजशाही के समर्थन में इसी जनता का पुनः उठ खड़ा होना न तो संभव है और न ही संविधान में ऐसी कोई व्यवस्था है। यहां यह भी गौर करने की बात है कि जिन भी देशों में लोकतंत्र स्थापित हुआ वहां चुनी हुई सरकार से लाख मतभेद के बावजूद राजनीतिक दलों ने लोकतंत्र को ही प्राथमिकता दी है। लोकतंत्र को मजबूती देना राजनीतिक पार्टियों की सामूहिक जिम्मेदारी है। नेपाल की राजनीति में राजशाही या हिंदू राष्ट्र की मांग के बहाने जो उथल पुथल मचा है, समझा जाना चाहिए कि नेपाल की राजनीतिक पार्टियां इससे जरूर सबक ली होंगी और वे आपसी मतभेद भुलाकर जनता की भलाई और लोकतंत्र की मजबूती पर अब से जरूर ध्यान देंगी।

**( ये लेखक के निजी विचार है )**

# खाओ पियो स्वस्थ रहो...



**रजनीश कपूर**

व्यायाम और स्वास्थ्य का गहरा संबंध है। नियमित शारीरिक गतिविधि से हृदय मजबूत होता है, रक्तचाप नियंत्रित रहता है, और तनाव कम होता है। लेकिन क्या इस अच्छी आदत की भी कोई सीमा होती है? क्या ज्यादा व्यायाम करने से दिल की बीमारी हो सकती है। हाल के वर्षों में यह सवाल वैज्ञानिकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। इसके साथ ही, इंटरमिटेंट फास्टिंग जैसी लोकप्रिय जीवनशैली प्रथाओं और कम उम्र के फिट लोगों में अचानक मृत्यु के मामलों ने भी दुनिया भर में चिंता बढ़ाई है। आज कल के विज्ञापन के दौर में हर रोज़ कोई न कोई नई तकनीक प्रचारित की जाती है जो आपको स्वस्थ रहने के उपाय बताती है। लेकिन क्या ऐसे शॉर्टकट उपायों से वास्तव में आपके शरीर को फ़ायदा होता है। व्यायाम हृदय के लिए वरदान है। जब हम दौड़ते हैं या साइकिल चलाते हैं, तो हृदय तेज़ी से धड़कता है, जिससे रक्त में ऑक्सीजन की आपूर्ति बढ़ती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अनुसार, सप्ताह में 150 मिनट मध्यम तीव्रता वाला व्यायाम हृदय रोगों के जोखिम को 30 प्रतिशत तक कम कर सकता है। लेकिन जब यह 'मध्यम' से 'अत्यधिक' की ओर बढ़ता है, तो स्थिति बदल सकती है। अति व्यायाम तब होता है जब कोई व्यक्ति अपनी शारीरिक क्षमता से अधिक कसरत करता है, या बिना पर्याप्त आराम या पोषण के ऐसा करता है। लंबे समय तक उच्च तीव्रता वाला व्यायाम हृदय पर दबाव डाल सकता है। शोध बताते हैं कि मैराथन धावकों या ट्रायथलॉन एथलीटों में व्यायाम के बाद रक्त में ट्रोपो. निन का स्तर बढ़ जाता है। यह प्रोटीन हृदयाघात के संकेत के रूप में जाना जाता है। इसके अलावा, 'एथलीट हार्ट सिंड्रोम' भी एक जोखिम है, जिसमें हृदय की मांसपेशियाँ मोटी हो जाती हैं और अनियमित धड़कन (एरिदमिया) की समस्या हो सकती है। कुछ मामलों में यह गंभीर हृदय रोगों का कारण बन सकता है। पिछले कुछ वर्षों में सोशल मीडिया ने इंटरमिटेंट फास्टिंग को

**विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार 150 मिनट मध्यम तीव्रता वाला व्यायाम हृदय रोगों के जोखिम को 30 प्रतिशत तक कम कर सकता है , लेकिन जब यह 'मध्यम' से 'अत्यधिक' की ओर बढ़ता है , तो स्थिति बदल सकती है**

वजन घटाने और स्वास्थ्य सुधार के लिए काफ़ी लोक. प्रिय किया है। इसमें व्यक्ति निश्चित समय तक भोजन नहीं करता, जैसे 16 घंटे उपवास और 8 घंटे खाने का समय। हालांकि इसके कुछ फायदे भी हैं, जैसे इंसुलिन संवेदनशीलता में सुधार। लेकिन जानकारों के अनुसार अति व्यायाम के साथ इसे जोड़ने से खतरे बढ़ सकते हैं। जब शरीर को ऊर्जा के लिए पर्याप्त भोजन नहीं मिलता और साथ ही भारी व्यायाम किया जाता है, तो हृदय पर अतिरिक्त तनाव पड़ता है। इससे इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन, कमज़ोरी, और हृदय की अनियमित धड़कन (एरिदमिया) का जोखिम बढ़ता है।



2023 में अमेरिका में एक 28 वर्षीय फिटनेस ट्रेनर की मृत्यु का मामला चर्चा में आया। वह इंटरमिटेंट फास्टिंग के साथ रोज़ाना 2 घंटे की तीव्र कार्डियो और वेटलिफ्टिंग भी करता था। पोस्टमॉर्टम में पता चला कि उसकी मृत्यु हृदय गति रुकने से हुई, जिसका कारण इलेक्ट्रोलाइट असंतुलन और हृदय पर अत्यधिक दबाव था। यानी बिना संतुलन के फास्टिंग और व्यायाम खतरनाक हो सकता है।हाल के वर्षों में कम उम्र के स्वस्थ और फिट लोगों में अचानक मृत्यु के मामले बढ़े हैं। भारत में भी ऐसी घटनाएं देखी गई हैं। उदाहरण के लिए, 2022 में गुजरात में एक 19 वर्षीय युवक की जिम में वर्कआउट के दौरान मृत्यु हो गई। वह नियमित रूप से भारी वजन उठाता था और प्रोटीन सप्लीमेंट्स भी लेता था। जांच में पता चला कि उसकी मृत्यु हृदयाघात से हुई, जो संभवतः अति व्यायाम और अपर्याप्त रिकवरी के कारण था। 2024 में दिल्ली में एक 25 वर्षीय मैराथन धावक की दौड़ के बाद मृत्यु हो गई। वह इंटरमिटेंट फास्टिंग पर था और बिना पर्याप्त हाइड्रेशन के लंबी दूरी दौड़ रहा था। डॉक्टरों ने इसे 'सडन कार्डियक डेथ' का मामला बताया, जो युवा एथलीटों में दुर्लभ लेकिन संभव है। ऐसे मामलों में अक्सर अज्ञात हृदय दोष (जैसे हाइपरट्रॉफिक कार्डियोमायोपैथी) या अति तनाव जिम्मेदार होता है। अति व्यायाम और फास्टिंग का जोखिम हर किसी के लिए समान नहीं है। जिन लोगों का पारिवारिक इतिहास हृदय रोगों से जुड़ा है, उन्हें सावधानी बरतनी चाहिए। इसके अलावा, पेशेवर एथलीट, जो अपनी सीमाओं को बार-बार चुनौती देते हैं, और युवा जो बिना मार्गदर्शन के जिम में घंटों बिताते हैं, वे भी जोखिम में हैं। अपर्याप्त नींद, खराब आहार, और डिहाइड्रेशन इस खतरे को और बढ़ाते हैं। क्या हमें व्यायाम या फास्टिंग से डरना चाहिए? नहीं, ये दोनों ही स्वस्थ जीवन के लिए लाभकारी हैं, बशर्ते इन्हें संतुलित तरीके से अपनाया जाए। विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि व्यायाम की तीव्रता और अवधि आपकी उम्र, फिटनेस स्तर, और स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार होनी चाहिए। उदाहरण के लिए, 20 साल के युवा के लिए 1 घंटे की तीव्र कसरत ठीक हो सकती है, लेकिन 40 साल से ऊपर के व्यक्ति को मध्यम व्यायाम पर ध्यान देना चाहिए। इंटरमिटेंट फास्टिंग करते समय भी पोषण और हाइड्रेशन का ध्यान रखें। भारी व्यायाम से पहले और बाद में पर्याप्त पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स लें। अगर आपको थकान, चक्कर, या अनियमित धड़कन महसूस हो, तो तुरंत रुकें और डॉक्टर से संपर्क करें। 'अति सर्वत्र वर्जयेत', यह कहावत व्यायाम और फास्टिंग दोनों पर लागू होती है। अति व्यायाम और असंतुलित फास्टिंग हृदय पर दबाव डाल सकते हैं, खासकर जब इन्हें बिना तैयारी या मार्गदर्शन के किया जाए। कम उम्र के फिट लोगों की मृत्यु के मामले हमें सावधान करते हैं कि स्वास्थ्य के प्रति उत्साह अच्छा है, लेकिन उसे अंधे उत्साह में नहीं बदलना चाहिए। अपने शरीर के संकेतों को सुनें, संतुलन बनाए रखें, और ज़रूरत पड़ने पर विशेषज्ञ की सलाह लें। आखिरकार, हमारा लक्ष्य लंबा, स्वस्थ, और सुखी जीवन जीना है।

# Heatwave का अलर्ट जारीः दिखें ये 7 लक्षण तो तुरंत डॉक्टर के पास जाएं

अप्रैल के महीने में तापमान काफी इजाफा हो रहा है। धीरे-धीरे गर्मी अपना प्रचंड रूप दिखाने लगी है। ऐसे में प्डक ने हाल ही में दिल्ली समेत राजस्थान, गुजरात जैसे राज्यों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया है। इस दौरान आपको सावधान रहने की जरुरत है। अब आपको तेज गर्मी में लू से कैसे बचें इस लेख में हम आपको बताएंगे।

### हीट स्ट्रोक के लक्षण

### शरीर का तापमान बढ़ना...

हीट स्ट्रोक का सबसे बड़ा लक्षण है शरीर का तापमान अचनाक 40°C या इससे अधिक भी हो जाता है। इस दौरान पसीना आना बंद हो जाता है, शरीर की ठंडा होने की प्रक्रिया फेल हो जाती है।

### सिरदर्द और चक्कर आना...

लू लगन से तेज सिरदर्द होना और पानी की कमी होने लगती है, जिससे सिरदर्द, चक्कर आना या बेहोशी जैसी समस्याएं देखने को मिलती है।

### त्वचा का गर्म या लाल होना

लू लगने के बाद स्किन लाल, ड्राई और गर्म हो जाती है। पसीना निकलना बंद हो जाए, तो यह बड़ी गंभीर समस्या हो सकती है। इसका तुरंत उपचार कराए।

### मतली और उल्टी होना...

हीट स्ट्रोक के दौरान जी मिचलना, पेट में जलन, मतली और उल्टी होने लगती है।

### मांसपेशियों में ऐंठन होना...

डिहाइड्रेशन और इलेक्ट्रोलाइट इंबैलेंस कारण मांसपेशियों में ऐंठन या हाथ-पैरों में दर्द होने लगता है।

### दिल की धड़कन तेज होना...

हीट स्ट्रोक के कारण हार्ट बीट भी तेज हो जाती है, क्योंकि यह शरीर को खुद को ठंडा करने के लिए ज्यादा मेहनत करता है।

### हीट स्ट्रोक से बचने के उपाय...

- जितना होने सके खूब पानी पिएं। दिनभर में 8-10 गिलास पानी जरुर पिएं।
- नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी और ओआरएस को घोल काफी फायदेमंद होता है।
- चाय, कॉफी और शराब से बचें, क्योंकि ये डिहाइड्रेशन बढ़ाते हैं।
- गर्मियों मे सूती और लाइट कलर के कपड़े, जो पसीना सोख लें।
- धूप में निकलते समय छाता, टोपी या सनग्लासेस का इस्तेमाल करें।
- इस दौरान दोपहर में 12 से 3 बजे तक धूप में निकलने से बचें। धूप में ज्यादा देर तक न रहें।

अमेरिका और ब्रिटेन की अदालतों ने प्रत्यर्पण पर सुनाया अहम फैसला

# अमेरिका से तहव्वुर को झटका, ब्रिटेन से भंडारी को लेकर निराशा



**न्यूयार्क।** मुंबई आतंकवादी हमले के आरोपी आतंकी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा की भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की मांग वाली याचिका को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले के बाद तहव्वुर को भारत लाने की राह और आसान हो गई। पाकिस्तानी मूल के 64 वर्षीय कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा फिलहाल लास एंजिल्स के मेट्रोपालिटन डिटेंशन सेंटर में बंद हैं और भारत प्रत्यर्पण रुकवाने के पैंतरे आजमा रहा है। तहव्वुर राणा ने 27 फरवरी को अमेरिका के सुप्रीम कोर्ट की एसोसिएट जस्टिस और नौवें सर्किट की सर्किट जस्टिस एलेना कागन के समक्ष बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के लंबित मुकदमे पर रोक लगाने के लिए आपातकालीन आवे. दन दिया था। पिछले महीने की शुरुआत में जस्टिस कागन ने राणा के आवेदन को अस्वीकार कर दिया था। राणा ने इसके बाद जस्टिस कागन को पूर्व में संबोधित बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका के लंबित रहने तक स्थगन के लिए एक नया आपातकालीन आवेदन दिया। उसने अनुरोध किया कि नया आवेदन चीफ जस्टिस राबर्ट्स के पास भेजा जाए। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक राणा के नए आवेदन को 4 अप्रैल को कोर्ट के पास भेजा गया। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में एक नोटिस के जरिये बताया गया कि अदालत ने उसके आवेदन को अस्वीकार कर दिया है। इससे पहले तहव्वुर राणा ने अपने भारत प्रत्यर्पण से बचने के लिए नई चाल चली थी। राणा ने अपने प्रत्यर्पण पर रोक लगाने के लिए अमेरिका की सुप्रीम कोर्ट में आपातकालीन याचिका दायर की थी। आतंकी तहव्वुर राणा ने आवेदन में दावा किया था कि वह पाकिस्तानी मूल का मुस्लिम है, इसलिए भारत में उसे प्रताड़ित किया जाएगा, लिहाजा उसके प्रत्यर्पण पर रोक लगाई जाए। रणा ने अपने खराब स्वास्थ्य का भी हवाला दिया है।

**लंदन: संजय भंडारी प्रत्यर्पण** मामले में भारत सरकार को बड़ा झटका लगा है। लंदन हाईकोर्ट ने भारत सरकार के ब्रिटेन सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर करने के आवेदन को खारिज कर दिया है। रक्षा क्षेत्र के सलाहकार संजय भंडारी को नई दिल्ली लाने की कोशिश की जा रही है, ताकि उनके खिलाफ कर चोरी और धन शोधन मामला चलाया जा सके। लंदन हाईकोर्ट के जज लार्ड जस्टिस टिमोथी होलरोयड ने पिछले महीने भारत सरकार द्वारा दायर आवेदन के जवाब में रायल कोर्ट आफ जस्टिस में सुनवाई के दौरान यह फैसला सुनाया। भारत सरकार ने लंदन हाईकोर्ट में अपील दायर करते हुए कहा था कि इस मामले में जो मुद्दे हैं, वे केवल कानूनी नहीं, बल्कि सार्वजनिक महत्व के हैं। जस्टिस होलरोयड ने कहा कि अदालत को भारत सरकार की ओर से एक आवे. दन प्राप्त हुआ। इसमें सामान्य महत्व के कानूनी बिंदुओं के प्रमाणीकरण तथा सर्वोच्च न्यायालय में अपील करने की अनुमति मांगी गई थी। लिखित प्रस्तुतियों पर विचार करने के बाद हमने पाया कि मौखिक सुनवाई की आवश्यकता नहीं है। साथ ही आगे कोई और प्रस्तुतिकरण की आवश्यकता भी नहीं है। जिन दो बिंदुओं पर अपील की अनुमति मांगी गई थी, उन्हें अस्वीकार कर दिया गया है। ऐसा इसलिए क्योंकि सामान्य महत्व के कानून के दोनों बिंदुओं को न्यायालय के निर्णय में शामिल नहीं किया गया। कोर्ट ने कहा कि अपील में पहला बिंदु आरोपी व्यक्ति पर लगाए गए प्रमाण के मानक से संबंधित था तथा दूसरा दिल्ली की तिहाड़ जेल की स्थितियों से जुड़ा था। इन दोनों बिंदुओं में से कोई भी सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विचार किए जाने योग्य नहीं है। मामले में भारत सरकार ने दो-चरणीय प्रक्रिया में पहले चरण के रूप में आवेदन दायर किया था।



## आर्कटिक महासागर की बर्फ 47 सालों में सबसे कम

**ब्रुसेल्स।** आर्कटिक महासागर की बर्फ इस साल मार्च में 47 सालों में सबसे कम हो गई है। यूरोपीय संघ की कोपरनिकस जलवायु परिवर्तन सेवा (सी 3 एस) की ओर से मंगलवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, मार्च में, समुद्री बर्फ का विस्तार औसत से छह प्रतिशत कम था, जो चौथा लगातार न्यूनतम रिकॉर्ड है व अंटार्कटिक समुद्री बर्फ का विस्तार औसत से 24 प्रतिशत कम था। रिपोर्ट के मुताबिक मार्च 2025 वैश्विक स्तर पर दूसरा सबसे गर्म माह था, जिसमें औसत सतही वायु तापमान 14.06 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो 1991-2020 के औसत से 0.65 डिग्री अधिक और पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.60 डिग्री अधिक था। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह पिछले 21 महीनों में से 20वां महीना भी था, औसत वैश्विक सतही वायु तापमान पूर्व-औद्योगिक स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक था। सी 3 एस की उप निदेशक सामंथा बर्गेस ने कहा कि मार्च में, यूरोप सबसे गर्म स्थान था। इस महाद्वीप में बारिश में अत्यधिक बदलाव देखा गया।

# ट्रेड वॉर की आग में कूदने को तैयार: चीन का कड़ा संदेश



**बीजिंग।** अमेरिका और चीन के बीच टैरिफ को लेकर ट्रेड वार की संभावना बढ़ गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोमवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि अगर चीन अमेरिका पर लगाया गया 34 प्रतिशत टैरिफ वापस नहीं लेता है तो उस पर बुधवार से 50 प्रतिशत एक्स्ट्रा टैरिफ लागू होगा। इसे लेकर चीन ने कहा है कि हमारे ऊपर लगे टैरिफ को और बढ़ाने की धमकी देकर अमेरिका गलती के ऊपर गलती कर रहा है।

इस धमकी से अमेरिका का ब्लैकमेलिंग करने वाला रवैया सामने आ रहा है। चीन इसे कभी स्वीकार नहीं करेगा। अगर अमेरिका अपने हिसाब से चलने की जिद करेगा, तो चीन भी आखिर तक लड़ेगा। चीन ने दुनिया के लिए साफ संदेश भेजा था कि अगर ट्रेड वार हुआ, तो चीन पूरी तरह तैयार है और इससे और मजबूत होकर निकलेगा। चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के मुखपत्र पीपल्स डेली ने एक टिप्पणी में लिखा कि अमेरिकी टैरिफ का असर जरूर होगा, लेकिन आसमान नहीं गिरेगा। 2017 में अमे. रिका की तरफ से पहले ट्रेड वार की शुरुआत के बाद से चाहे अमेरिका ने जितना भी दबाव डाला हो, हमने लगातार विकास किया है और आगे बढ़े हैं।

हमने लचीलापन दिखाया है। जितना ज्यादा दबाव आता है, हम उतने ही मजबूत बनते हैं। चीन के विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान में कहाकि दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था और उपभोक्ता बाजार होने के नाते, चीन अंतर्राष्ट्रीय परिस्थितियों के बदलने के बावजूद दुनिया के लिए अपने दरवाजे खोलता रहेगा। चीन के वाणिज्य मंत्रालय के उपमंत्री लिंग जी ने अमेरिका से फंडिंग पाने वाली 20 कंपनियों के प्रतिनिधियों से मुलाकात की। इनमें टेस्ला और जीई हेल्थकेयर जैसी बड़ी कंपनियां शामिल थीं। लिंग ने चीन को निवेश के लिए एक आदर्श, सुरक्षित और संभावनाओं से भरा हुआश स्थान बताया।

# ओमान में पहली बार आमने-सामने होंगे ईरान-अमेरिका

## ऐतिहासिक पल: परमाणु कार्यक्रम पर विशेष बातचीत की संभावना

**तेहरान।** ईरान में बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को लेकर इन दिनों मिडिल ईस्ट में तनाव बढ़ते ही जा रहे है। इसी बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने मंगलवार को कहा कि वह ट्रम्प प्रशासन के दौरान पहली बार अमेरिकी दूत स्टीव विटकाफ से ओमान में मुलाकात करेंगे। इस बात. चीत का मुख्य उद्देश्य ईरान के तेजी से बढ़ते परमाणु कार्यक्रम को रोकना है, क्योंकि मध्य पूर्व में तनाव अभी भी बना हुआ है। मामले में जानकारी देते हुए अराघची ने एक टेलीविजन से बात करते हुए कहा कि ए वार्ता अप्रत्यक्ष रूप से होगी, जिसमें ओमानी मध्यस्थ दोनों पक्षों के बीच बातचीत कर सकते हैं। बता दें कि बीते दिनों अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने इस वार्ता को प्रत्यक्ष वार्ता कहा था, लेकिन ईरान ने इसे अप्रत्यक्ष बात. चीत बताया है। हालांकि अमेरिका और इस्राइल ने ईरान को परमाणु कार्यक्रम को लेकर सैन्य हमले की चेतावनी भी दी है, जबकि ईरान लगातार यह चेतावनी देता आ रहा है कि वे परमाणु बम बनाने की कोशिश कर सकते हैं। इसको लेकर अराघची ने कहा कि इन वार्ताओं का मुख्य लक्ष्य ईरानी लोगों के अधिकारों को बहाल करना और अंतर्राष्ट्रीय प्रति. बंधों को हटाना है। उन्होंने यह भी कहा कि फिलहाल ईरान की प्राथमिकता अप्रत्यक्ष वार्ता ही है, और इसे प्रत्यक्ष वार्ता में बदलने की कोई योजना नहीं है। इस वार्ता की घोषणा के बाद, ईरान की अर्थव्यवस्था में कुछ सुधार देखने को मिला। ईरान की मुद्रा रियाल, जो पहले 1 मिलियन रियाल के निचले स्तर तक पहुंच गई थी, अब 990,000 रियाल पर आ गई है। इस खबर के बाद तेहरान स्टाक एक्सचेंज में भी लगभग 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। गौरतलब है कि बीते शनिवार को बातचीत तब शुरू हुई जब पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को पत्र लिखकर तेहरान और वाशिंगटन के बीच सीधी बातचीत शुरू करने की कोशिश की। ट्रम्प का यह कदम बात. चीत को बढ़ावा देने का एक प्रयास था। इस बीच, ट्रम्प के प्रशासन ने यमन में ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों को निशाना बनाकर हवाई हमलों का अभियान तेज कर रखा है। हौथी विद्रोही ईरान के प्रतिरोध की धुरी का हिस्सा माने जाते हैं, जो इजरायल पर हमले की क्षमता रखते हैं। वहीं, गाजा पटी में इजरायल ने हमास के खिलाफ युद्ध के दौरान अन्य आतंकवादी समूहों के खिलाफ भी कार्रवाई की है।



# एक अमेरिकी-दो रूसी क्रू आईएसएस रवाना

**मास्को।** नासा के अंतरिक्ष यात्री जानी किम और दो रूसी क्रू मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) के लिए रवाना हो चुके हैं। उन्होंने रूसी अंतरिक्ष यान में सवार होकर आईएसएस के लिए सफलापूर्वक उड़ान भरी। तीनों आठ महीने तक अंतरिक्ष में रहेंगे।

सोयुज बूस्टर राकेट ने मंगलवार को तय समय पर बैकोनूर लॉन्च सुविधा से उड़ान भरी, जिसे रूस द्वारा कजाकिस्तान में लीज पर लिया गया है। तीनों क्रू के साथ सोयुज एमएस-27 को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया। वे तीन घंटे बाद स्टेशन पर डाक करने के लिए तैयार हैं। नासा के अंतरिक्ष यात्री किम और रूस के सर्गेई रेजिकोव और एलेक्सी जुब्रित्स्की अंतरिक्ष में लगभग आठ महीने बिताएंगे। नासा ने बताया कि किम भविष्य के अंतरिक्ष मिशनों के लिए क्रू को करेंगे। इसके अलावा, पृथ्वी पर लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए वैज्ञानिक जांच और तकनीकी प्रदर्शन करेंगे।

बता दें कि किम लास एंजि. लिस के मूल निवासी हैं। वह अमे. रिकी नौसेना में लेफ्टिनेंट कमांडर हैं और फ्लाइट सर्जन भी हैं। तीनों अमेरिकी-रूसी क्रू नासा के अन्य अंतरिक्ष यात्री डान पेटिट, ऐनी मैकक्लेन और निकोल एयर्स के साथ मिलकर अंतरिक्ष स्टेशन पर काम करेंगे। इसके अलावा, जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी के अंतरिक्ष यात्री ताकुया ओनिशी, रूसी अंतरिक्ष यात्री एलेक्सी ओ. विचिनिन, इवान वैगनर और किरिल पेसकोव भी उनके साथ अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर शामिल होंगे।

## वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर किया गया योग

**न्यूयार्क।** अमेरिका की सबसे ऊंची इमारत वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 102वीं मंजिल पर सोमवार (स्थानीय समयानुसार) सुबह योग किया गया। भारत के महावाणिज्य दूतावास ने इस सत्र का आयोजन किया, जिसका नेतृत्व आर्ट आफ लिविंग फाउंडेशन की प्रशिक्षक रुचिका लाल ने किया। इस योग सत्र में न्यूयार्क में भारत के उप महावाणिज्य दूत विशाल हर्ष, भारतीय प्रवासी, छात्र और योग उत्साही शामिल हुए। योग सत्र 1,776 फीट ऊंची इमारत वर्ल्ड ट्रेड सेंटर में वन वर्ल्ड आब्जर्वेटरी की 102वीं मंजिल पर आयोजित किया गया, जो एक घंटे से अधिक समय तक चला। न्यूयार्क में भारत के महावाणिज्यदूत बिनया प्रधान ने सत्र में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को बताया कि यह सत्र अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की 75 दिन की उल्टी गिनती के रूप में आयोजित किया गया।

# हसीना का दावा- मैं बांग्लादेश जरूर लौटूंगी

## कहा: अल्लाह ने मुझे किसी मकसद से जिंदा रखा



**ढाका।** बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना ने कहा, अल्लाह ने मुझे किसी मकसद से जिंदा रखा है। मैं वापस लौटूंगी। वो दिन जरूर आएगा जब अवामी लीग के नेताओं को निशाना बनाने वालों को इंसाफ के कटघरे में लाया जाएगा। अवामी लीग की अध्यक्ष हसीना ने यह बात उस वक्त कही जब वो सोशल मीडिया पर अपने पार्टी नेताओं के परिवार वालों से बात कर रही थीं। पिछले साल अगस्त में बांग्लादेश छोड़ने के बाद से वे भारत में शरण लेकर रह रही हैं। हसीना ने बांग्लादेश सरकार के अंतरिम सलाहकार मोहम्मद यूनुस को लेकर कहा कि वो ऐसा शख्स है जिसे लोगों से कभी मोहब्बत नहीं थी। यूनुस ने गरीबों को छोटे-छोटे कर्ज ऊंची ब्याज दरों पर दिए और इस पैसे से कई देशों में ऐशोआराम की जिंदगी जी। हसीना ने कहा कि उस वक्त हम यूनुस की चालाकी नहीं समझ पाए, इसलिए उसकी मदद करते रहे। लेकिन इससे लोगों को कोई फायदा नहीं हुआ, सिर्फ वह अमीर होता गया। बाद में उसमें सत्ता की भूख पैदा हो गई, जो आज बांग्लादेश को जला रही है। हसीना ने कहा- बांग्लादेश अब आतंकी देश बन गया शेख हसीना ने कहा कि पहले बांग्लादेश को विकास के माडल के तौर पर देखा जाता था, लेकिन अब ए आतंकी देश बन गया है। हमारे नेता और कार्यकर्ताओं को जिस तरीके से मारा जा रहा है, उसे बताया भी नहीं जा सकता है। अवामी लीग, पुलिस, वकील, पत्रकार, कलाकार सभी को मारा जा रहा है। हसीना ने कहा कि अब तो इस देश में मीडिया को भी काम नहीं करने दिया जा रहा है। रेप, मर्डर, डकैती किसी चीज की रिपोर्ट नहीं कराई जा रहा है। और अगर इसे रिपोर्ट किया जाता है, तो उस टीवी चैनल या अखबार को टारगेट किया जाएगा। हसीना बोलींकि अल्लाह ने मुझे जिंदा रखा, मैं लौटकर आऊंगी अपने पूरे परिवार की भयानक हत्या को याद करते हुए शेख हसीना ने कहा कि मैंने अपने पिता, मां, भाई-सभी को एक ही दिन में खो दिया और फिर हमें देश लौटने भी नहीं दिया गया। मैं जानती हूं अपनों को खोने का दर्द क्या होता है। अल्लाह हमेशा मेरी हिफाजत करता आया है, शायद वह मुझसे कुछ अच्छा करवाना चाहता है। जिन्होंने ये जघन्य अपराध किए हैं, उन्हें सजा जरूर मिलनी चाहिए। यही मेरा वादा है।

# अमेरिकी यूट्यूबर बिना इजाज़त भारत के प्रतिबंधित सेंटिनल द्वीप पहुंचा

## डाइट कोक और नारियल छोड़कर आया, वीडियो भी बनाया



**नई दिल्ली।** भारतीय पुलिस ने 24 साल के एक अमेरिकी यूट्यूबर को हिंद महासागर के एक प्रतिबंधित द्वीप पर पहुंचने और वहां की जनजाति से संपर्क करने की कोशिश के आरोप में गिरफ्तार किया है। यह यूट्यूबर अमेरिकी राज्य एरिजोना के रहने वाल है। उसका नाम मिखायलो विक्टोरोविच पोलियाकोव है। 29 मार्च को वह भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप के प्रतिबंधित सेंटिनल द्वीप पर पहुंचा था। वहां रहने वाली सेंटिनली जनजाति से नहीं मिल पाया तो डाइट कोक और नारियल छोड़कर आया था। उसे 31 मार्च को पोर्ट ब्लेयर में गिरफ्तार किया गया था। एक स्थानीय कोर्ट ने पिछले हफ्ते उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेजा था। उसे 17 अप्रैल को दोबारा कोर्ट में पेश किया जाएगा। उसे पांच साल तक की जेल हो सकती है और जुर्माना भी लगाया जा सकता है। इस द्वीप की आबादी कई हजार साल से दुनिया से दूर है। ये लोग तीर और कमान लेकर जानवरों का शिकार करते हैं। यहां अगर कोई बाहरी व्यक्ति पहुंच जाए तो उस पर भी तीरों से हमला करते हैं। पुलिस ने बताया कि पोलियाकोव ळचै नेविगेशन का इस्तेमाल करके इस द्वीप तक पहुंचा था। द्वीप पर उतरने से पहले उसने बाइनोकुलर्स से द्वीप का सर्वे किया। वह करीब एक घंटे तक द्वीप पर रुका। इस दौरान उसने सीटी बजाकर सेंटिनली लोगों का ध्यान आकर्षित करने की कोशिश की, लेकिन किसी ने उसे जवाब नहीं दिया। इसके बाद उसने एक डाइट कोक और नारियल को वहां रखा, अपना वीडियो बनाया और रेत के कुछ नमूने लेकर वहां से वापस लौट गया। वापस जाते समय एक स्थानीय मछुआरे ने उसे देख लिया और प्रशासन को सूचना दी, जिसके बाद पोर्ट ब्लेयर में उसे गिरफ्तार किया गया। उसके खिलाफ भारतीय कानून के उल्लंघन का केस दर्ज किया गया। पुलिस ने कहा कि पोलियाकोव ने इस द्वीप पर जाने से पहले समुद्री कंडीशन, ज्वार और द्वीप तक पहुंचने के रास्ते की गहरी रिसर्च की थी।





